kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-242 | रविवार, 05 अक्टूबर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



कांग्रेस सरकार में गृहमंत्री रहे पी. चिदंबरम तथा पूर्व मंत्री मनीष तिवारी ने 26/11 के आतंकवादी हमलों को लेकर जो खुलासे किये हैं, वे बेहद गंभीर हैं और चिंताजनक हैं। — गौरव भाटिया

मोदी ने गाजा में शांति के प्रयासों में प्रगति के लिए ट्रम्प की सराहना की 11

मंत्री जोशी के प्रयास से अनारवाला-मालसी मोटर मार्ग के लिए 3 करोड़ स्वीकृत 12

## संक्षेप

### वाल्मीकि जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद वाल्मीकि जयंती पर 7 अक्तूबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया गया है। पहले इसे निर्बंधित अवकाश घोषित किया गया था। प्रमुख सचिव सामान्य प्रशासन आलोक कुमार ने शनिवार को इस संबंध में शासनादेश जारी किया। इसमें कहा गया है कि यह अवकाश निगोशिएबुल इंस्ट्रूमेंट एक्ट 1881 के अधीन नहीं होगा। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 17 दिसंबर 2024 को वर्ष 2025 के लिए घोषित अवकाशों की सूची में इसे निर्बंधित अवकाश में रखा था। मुख्यमंत्री ने हाल ही में वाल्मीकि जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की थी।

### टेंडर में गड़बड़ी व भ्रष्टाचार के आरोप में कन्नौज सीएमओ की होगी जांच

**लखनऊ।** टेंडर में गड़बड़ी, वित्तीय अनियमित्ता व भ्रष्टाचार के आरोप में कन्नौज के मुख्य चिकित्साधिकारी डा. स्वदेश गुप्ता पर शिकंजा कस गया है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शिकायतों के आधार पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव को डा. स्वदेश गुप्ता के खिलाफ शिकायतों की जांच कराने व आरोप पत्र देकर विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। वहीं रामपुर की मुख्य चिकित्साधिकारी डा. दीपा सिंह द्वारा बागपत में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी पद पर रहने के दौरान पीसीपीएनडीटी एक्ट का दुरुपयोग करते हुए अल्ट्रासाउण्ड सेंटरों में अनियमित्ता को बढ़ावा देने का आरोप है। उप मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव को आरोपों की जांच कराने व आरोप-पत्र देकर उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### ब्रिटिश प्रधानमंत्री स्टारमर भारत यात्रा पर, साझेदारी पर होगी चर्चा

**नयी दिल्ली।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री मंत्री सर कीर स्टारमर आठ अक्टूबर को भारत की दो दिन की यात्रा पर आयेंगे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी में प्रगति की समीक्षा करेंगे। श्री मोदी के निमंत्रण पर यहां आ रहे ब्रिटिश प्रधानमंत्री की भारत की यह पहली आधिकारिक यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि दोनों प्रधानमंत्री 9 अक्टूबर को मुंबई में' विज़न 2035' के अनुरूप भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी के विविध पहलुओं में प्रगति की समीक्षा करेंगे। 'विज़न 2035' दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश, प्रौद्योगिकी और नवाचार, रक्षा और सुरक्षा, जलवायु और ऊर्जा, स्वास्थ्य, शिक्षा और लोगों के बीच परस्पर संबंधों से जुड़े कार्यक्रमों और पहलों पर केंद्रित और समयबद्ध दस वर्ष का रोडमैप है। दोनों नेता भविष्य की भारत-ब्रिटेन आर्थिक साझेदारी के केंद्रीय स्तंभ के रूप में भारत-ब्रिटेन के व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) से पैदा अवसरों पर व्यवसायों और उद्योग जगत के नेताओं के साथ चर्चा करेंगे।

# बरेली में एक्शन: आईएमसी नेता का बारात घर ध्वस्त, मकान सील

एजेंसी



बरेली। बरेली में 'आई लव मुहम्मद' का नाम लेकर बवाल करने वालों पर जिला प्रशासन की कठोर कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में शनिवार को मास्टर माइंड मौलाना तौकीर रजा के करीबी डॉ. नफीस के अवैध तरीके से बढ़ाए गए बारात घर पर बुलडोजर चला। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

जिला प्रशासन (बरेली) ने बताया कि 26 सितंबर बिना अनुमित जुलूस निकालने और फिर पुलिस पर हमला व पथराव करने के मामले में अब तक 83 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इसमें मुख्य आरोपित मौलाना तौकीर रजा और उसके कई करीबी लोग भी शामिल हैं। इन्हीं मे से एक डा. नफीस भी है जिसने 26 सितंबर के लोगों को उकसाने में अहम भूमिका निभाई थी। जिला प्रशासन ने उपद्रवियों के खिलाफ कानून कार्रवाई करने के साथ साथ ऐसे लोगों की अवैध संपत्तियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में शनिवार दोपहर बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) और नगर निगम की संयुक्त टीम ने डॉ. नफीस के जखीरा स्थित मैरिज हॉल 'रजा पैलेस' पर बुलडोजर चलाया। बीडीए के अनुसार इस मैरिज हॉल का विस्तार नियमों को धता बताकर किया गया था।

शनिवार को दोपहर बात करीब तीन बजे बीडीए और नगर निगम की टीम तीन बुलडोजरों के साथ पहुंची और पहले हॉल की बाहरी बाउंड्री को ढहाया। इसके बाद अंदर बने कुछ हिस्सों पर भी कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने निर्माण को अवैध बताते हुए पूरी कार्रवाई को वैध बताया। टीम की कार्रवाई के दौरान इलाके में भारी पुलिस बल तैनात रहा। उधर, पुराना शहर क्षेत्र के सैलानी में नगर निगम ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। टीम के पहुंचते ही दुकानदारों में अफरा-तफरी मच गई। कई दुकानदारों ने खुद ही अपने शटर गिरा लिए। निगम ने करीब 15 दुकानों के आगे बढ़ाए गए हिस्सों को जेसीबी से हटाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि बरेली में बवाल के आरोपितों और उनके सहयोगियों की अवैध संपत्तियों की सूची तैयार की जा रही है। जो भी अवैध निर्माण या अतिक्रमण पाया जाएगा, उस पर सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन ने मौलाना तौकीर रजा खां को फंडिंग और शरण देने वालों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। शनिवार को प्रशासन और बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) की संयुक्त टीम ने मौलाना के करीबी कारोबारी फरहत खां के फाइक एनक्लेव स्थित आलीशान मकान को सील कर दिया। फरहत खां लंबे समय से तौकीर रजा के सहयोगी और पार्टनर है। आरोप है कि उसने बरेली बवाल के दौरान न केवल मौलाना को शरण दी, बल्कि उनके कार्यक्रमों में आर्थिक मदद भी की थी। फरहत के घर बैठकर ही तौकीर रजा ने कई भड़काऊ वीडियो वायरल किए थे। शनिवार सुबह सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री की मौजूदगी में बीडीए और पुलिस की टीम फाइक एनक्लेव पहुंची। बीडीए ने फरहत को मकान खाली करने के लिए गुरुवार तक का समय दिया था। नोटिस की अवधि पूरी होने के बाद जब टीम मौके पर पहुंची तो मकान खाली मिला। इस पर मुख्य गेट का ताला तोड़कर मकान को सील कर दिया गया। कार्रवाई की पूरी वीडियोग्राफी कराई गई है।

### बरेली में सपा डेलीगेशन की 'नो एंट्री'

लखनऊ। यूपी के बरेली में 26 सितंबर को हुए बवाल के बाद हालात तनावपूर्ण हैं। इसी बीच समाजवादी पार्टी के नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय समेत कई सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल आज बरेली जाने वाला था। लेकिन बरेली के जिला मजिस्ट्रेट ने पुलिस आयुक्त लखनऊ और अन्य जिलों के पुलिस अधीक्षकों को पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि बिना इजाजत के कोई भी राजनीतिक प्रतिनिधि बरेली नहीं आएगा। इस पत्र के बाद पुलिस अलर्ट हो गई। इसको लेकर पुलिस नेता प्रतिपक्ष को नोटिस दिया साथ ही उनके आवास पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया। सोमवार सुबह से ही लखनऊ में नेता विपक्ष माता प्रसाद पांडे के आवास के बाहर भारी पुलिस तैनाती है। माता प्रसाद पांडेय को हाउस अरेस्ट कर लिया है। हालांकि वह आवास के बाहर आए और गाड़ी में बैठने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें पुलिस ने रोक लिया। वहीं, सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के घर के बाहर पुलिस बल तैनात है। उधर, बरेली जा रहे समाजवादी पार्टी के एक सांसद प्रतिनिधिमंडल, जिसमें मोहिबुल्लाह नदवी, इकरा हसन और हरेंद्र सिंह मलिक शामिल थे, को यूपी पुलिस ने ● शेष पेज 11 पर

# 'आज का भारत कौशल को देता है प्राथमिकता'

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को ज्ञान और कौशल का देश बताते हुए शुक्रवार को कहा कि भारतीयों की बौद्धिक क्षमता देश की सबसे बड़ी शक्ति है।

श्री मोदी ने यहां कौशल दीक्षांत समारोह में युवावों के लिए 62,000 करोड़ रुपये की पहलों का शुभारंभ किया, जिनमें पीएम सेतु योजना और नवोदय तथा एकलव्य मॉडल विद्यालयों में कौशल प्रयोगशाला योजना शामिल है। कौशल विकास मंत्रालय के तत्वावधान में विज्ञान भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में देश भर से लाखों विद्यार्थी और कौशल प्रशिक्षु जुड़े। कार्यक्रम बिहार केनद्रित था। प्रधानमंत्री ने कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री जयंत चौधरी की उपस्थिति में देश भर में आईटीआई (इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट) की विभिन्न विधाओं के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मान-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम, राजीव रंजन सिंह, सुकांत मजूमदार और अन्य गणमान्य व्यक्ति वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस कार्यक्रम से जुड़े थे। मोदी सरकार ने कौशल विकास की अपनी महत्वाकांक्षी योजना को लागू करने के साथ आईटीआई छात्रों के लिए बड़े पैमाने पर दीक्षांत समारोह आयोजित करने की शुरुआत की है। श्री मोदी ने आज के दिन को एक यादगार बताया और कहा कि यह समारोह भारत द्वारा कौशल विकास को दी जाने वाली प्राथमिकता का प्रतीक है। श्री मोदी ने कहा कि आज घोषित 60,000 करोड़ रुपये की पीएम सेतु योजना के तहत, आईटीआई अब उद्योगों के साथ और अधिक मजबूती से एकीकृत होंगे। नवोदय विद्यालयों और एकलव्य मॉडल स्कूलों में 1,200 कौशल प्रयोगशालाओं के शुरू होने से युवा भविष्य के कार्यों के लिए तैयार होंगे। जैसे-जैसे कौशल बढ़ता है, राष्ट्र आत्मनिर्भर बनता है, निर्यात बढ़ता है और रोज़गार के अवसर बढ़ते हैं। उन्होंने याद दिलाया कि 2014 से पहले, भारत को 'नाज़ुक पांच' अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता था, जहां विकास दर कम थी और रोज़गार सृजन सीमित था। आज, भारत विनिर्माण और रोज़गार में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ शीर्ष तीन वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने की ओर अग्रसर है। श्री मोदी ने मोबाइल फ़ोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल और रक्षा जैसे क्षेत्रों में विनिर्माण और निर्यात में अभूतपूर्व वृद्धि पर प्रकाश डाला। ● शेष पेज 11 पर

### 'आजकल लोग जननायक शब्द की भी चोरी कह रहे हैं'

पीएम मोदी ने कहा कि आज सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने युवाओं के कौशल विकास के लिए जननायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना की है। यह विवि बिहार के युवाओं के भविष्य के मील का पत्थर साबित होगा। वहीं पिछले कुछ दिनों में राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को जननायक कहने पर तंज कसते हुए पीएम मोदी ने कहा कि बिहार के लोगों को मैं कहन चाहता हूं कि आप चौकन्ने रहिए आजकल लोग जननायक शब्द की भी चोरी कह रहे हैं। मैं बिहार के लोगों से कहूंगा कि हमारे कर्पूरी ठाकुर जी के लिए जिस जननायक शब्द का उपयोग किया गया उसकी चोरी न हो। कर्पूरी ठाकुर ने समाज में अतुलनीय योगदान दिया। पीएम मोदी ने कहा कि बिहार ने स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को ब्याज मुक्त कर दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि बिहार के युवाओं का सामर्थ बढ़ाने के लिए एनडीए सरकार काम कर रही है। राजद-कांग्रेस की सरकार की तुलना में एनडीए सरकार ने शिक्षा का बजट कई गुना बढ़ा दिए हैं।

# संभल मस्जिद ध्वस्तीकरण मामले में मुस्लिम पक्ष को झटका, याचिका खारिज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। संभल में तालाब और सरकारी जमीन पर बनी मस्जिद के ध्वस्तीकरण मामले में मस्जिद पक्ष की ओर से दाखिल याचिका इलाहाबाद हाई कोर्ट ने खारिज कर दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति दिनेश पाठक ने याची की ओर से अधिवक्ता अरविंद कुमार त्रिपाठी और शशांक श्री त्रिपाठी और अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल को सुनकर दिया है। दशहरा अवकाश होने के बावजूद शनिवार सुबह बैठी विशेष बेंच ने मसाजिद शरीफ गोसुलबारा रावां बुजुर्ग और मस्जिद के मुतवल्ली मिंजर की ओर से दाखिल याचिका पर हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए कहा कि इसके लिए वैकल्पिक उपचार उपलब्ध है, उसका सहारा ले सकते हैं। जानकारों के मुताबिक अब मस्जिद पक्ष ट्रायल कोर्ट में अपील दाखिल कर सकता है। दशहरा अवकाश के दौरान यह याचिका दाखिल कर छुट्टी के दिन अर्जेंट बेसिस पर सुनवाई की मांग की गई थी। याचिका में मस्जिद, बारात घर और अस्पताल के ध्वस्तीकरण के आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई थी। कहा गया था कि बारात घर को ध्वस्त कर दिया गया है। ध्वस्तीकरण के लिए दो अक्टूबर गांधी जयंती और दशहरे की छुट्टी का दिन चुना गया जबकि बुलडोजर कार्रवाई के दौरान भीड़ की वजह से कोई बड़ा हादसा या बवाल भी हो सकता था। इस कार्रवाई के पीछे आरोप है कि बारात घर तालाब की जमीन पर बना हुआ है जबकि मस्जिद का कुछ हिस्सा सरकारी जमीन पर बना हुआ है। याचिका में राज्य सरकार, डीएम और एसपी संभल, एडीएम, तहसीलदार और ग्राम सभा गोसुलबारा रावां बुजुर्ग को पक्षकार बनाया गया था। इस मामले में शुक्रवार को भी दोपहर एक बजे से करीब सवा घंटे हुई सुनवाई हुई थी। इसमें मस्जिद पक्ष को कोई अंतरिम राहत ● शेष पेज 11 पर

## शुभमन गिल बने भारत के नये वनडे कप्तान

मुंबई। ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चयनित शुभमन गिल की अगुवाई वाले वनडे टीम में रोहित शर्मा और विराट कोहली शामिल हैं। श्रेयस अय्यर को भारतीय वनडे टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है। रोहित और कोहली चैंपियंस ट्रॉफ़ी फ़ाइनल के बाद पहली बार भारतीय टीम के लिए खेलते नजर आएंगे।

हार्दिक पांड्या स्ट्रेन इंजरी के चलते वनडे और टी20 टीम से बाहर हैं। वहीं जसप्रीत बुमराह को वनडे टीम से आराम दिया गया है, हालांकि बुमराह टी20 टीम में शामिल हैं। मोहम्मद सिराज की वनडे टीम में वापसी हुई है। रवींद्र जडेजा वनडे टीम में शामिल नहीं हैं। मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर ने टीम की घोषणा करते हुए कहा कि तीन अलग-अलग प्रारूपों में कप्तान होना रणनीतिक तौर पर व्यवहारिक नहीं है।

विस्तृत खबर पेज 10 पर

# बिना वैध फास्टैग वाहनों को टोल प्लाज़ा पर देना होगा दोगुना नकद शुल्क, यूपीआई से सवा गुना

एजेंसी




नयी दिल्ली। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने टोल प्लाजा पर टोल टैक्स भुगतान में बदलाव करते हुए बगैर फास्टैग वाले वाहनों के लिए नकद भुगतान में शुल्क दोगुना कर दिया है लेकिन यूपीआई से भुगतान करने पर सवा गुना शुल्क लेने का फैसला किया है।

सरकार ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर फास्टैग भुगतान के लिए जारी नये नियम 15 नवंबर से प्रभावी होंगे। मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिए नया उपयोगकर्ता शुल्क संग्रह नियम लागू किया है। मंत्रालय के अनुसार डिजिटल भुगतान प्रोत्साहन के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों पर गैर-फास्टैग उपयोगकर्ताओं के वास्ते शुल्क प्लाज़ा पर नकद लेनदेन को समाप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इसके तहत सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों का निर्धारण और संग्रह) नियम, 2008 में संशोधन किया है। नये नियम के तहत, बिना वैध फास्टैग के शुल्क प्लाज़ा में प्रवेश करने वाले वाहनों से नकद शुल्क भुगतान की स्थिति में दोगुना टोल प्लाजा लिया जाएगा लेकिन गैर वैध ● शेष पेज 11 पर

## यूपीएससी का फैसला

# प्रारंभिक परीक्षा के तुरंत बाद जारी होगी उत्तर कुंजी

- आपत्ति दर्ज करने का भी मिलेगा मौका
- हर आपत्ति के पक्ष में कम से कम तीन प्रमाण देने होंगे

एजेंसी

नई दिल्ली। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने अपनी नीति में बड़ा बदलाव करते हुए सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया है कि अब सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा की उत्तर कुंजी परीक्षा के तुरंत बाद जारी की जाएगी। यह जानकारी आयोग द्वारा दायर एक हलफनामे में दी गई, जो पारदर्शिता बढ़ाने की मांग वाली एक याचिका के जवाब में दाखिल किया गया था।

अब तक यूपीएससी की परंपरा रही है कि वह उत्तर कुंजी, अंक और कट-ऑफ केवल पूरी परीक्षा प्रक्रिया समाप्त होने और अंतिम परिणाम घोषित होने के बाद ही प्रकाशित करता है। लेकिन इन नए फैसले के बाद उम्मीदवारों को परीक्षा के तुरंत बाद अपनी प्रतिक्रियाएं चेक करने का अवसर मिलेगा। आयोग ने दायर हलफनामे में कहा कि यह निर्णय सोच-समझकर और पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में उठाया गया कदम है। यूपीएससी ने बताया कि प्रोविजनल आंसर की परीक्षा के बाद जारी की जाएगी और अभ्यर्थियों से आपत्तियां आमंत्रित की जाएंगी। हलफनामें में कहा गया है कि परीक्षा में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों से उत्तर कुंजी के संबंध में अभ्यावेदन या आपत्तियां मांगी जाएंगी। हर आपत्ति के साथ कम से कम तीन प्रामाणिक स्रोतों का हवाला देना अनिवार्य होगा। सभी आपत्तियों की समीक्षा विषय विशेषज्ञों की एक समिति करेगी, जो अंतिम उत्तर कुंजी को तैयार करेगी। इसके आधार पर परिणाम घोषित किए जाएंगे। ● शेष पेज 11 पर

# चेकडैम, तालाब और ब्लास्टकूप निर्माण को बनाएं जनांदोलन : योगी

## 1 अप्रैल से 15 जून तक कुम्हारों को तालाब से मुफ्त मिट्टी निकालने की दी जाए छूट

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने सरकारी आवास पर नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग (लघु सिंचाई) की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में कहा कि जल संकट आज हमारी सामूहिक चिंता का विषय बन चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चेक डैम, तालाब और ब्लास्टकूप वर्षा जल को रोककर धीरे-धीरे उसे भूमि में समाहित होने देते हैं। यह केवल स्थानीय प्राथमिकता नहीं है बल्कि राष्ट्रीय आवश्यकता है। चेक डैम, तालाब और ब्लास्टकूप केवल पानी रोकने की व्यवस्था नहीं बल्कि समेकित जल प्रबंधन है, जो बड़े बांधों की तुलना में यह काफी किफायती है। उन्होंने निर्देशित किया कि 'एक पेड़ मां के नाम' की तर्ज पर जनांदोलन बनाते हुए चेक डैम, तालाब और ब्लास्टकूप का निर्माण एवं जीर्णोद्धार कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश विभिन्न भागों स्थानीय, बरसाती नदी, नालों में विभाग की ओर से अद्यतन 6,448 चेकडैमों का निर्माण किया जा चुका है। प्रत्येक चेकडैम से औसतन 20 हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचन क्षमता विकसित होती है। इस प्रकार निर्मित चेकडैमों से कुल 1,28,960 हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचन क्षमता सृजित हुई है और हर साल 10 हजार हेक्टेयर मीटर से अधिक भूजल रिचार्ज हो रहा है। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से अन्नदाता किसान वर्ष में दो से तीन फसल लेने में सक्षम हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्षा जल संचयन और ग्राउंड वॉटर रिचार्जिंग की दिशा में प्रदेश सरकार लगातार कदम उठा रही है। वित्तीय वर्ष 2022-23 से अब तक 1,002 चेकडैमों की डी-सिल्टिंग और मरम्मत कर उनकी क्षमता में वृद्धि की गई है। इसी तरह प्रदेश के 1 से 5 हेक्टेयर के 16,610 तालाबों में से 1,343 का पुनर्विकास और जीर्णोद्धार किया गया है, वहीं वर्ष 2017-2025 तक 6192 ब्लास्टकूप के माध्यम से 18576 हेक्टेयर सिंचन क्षमता सृजित हुई है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि बरसात से पहले यानी 1 अप्रैल से 15 जून तक कुम्हारों को तालाब से मुफ्त मिट्टी निकालने की छूट दी जाए, ताकि तालाब रिचार्ज के लिए तैयार हो सकें। बरसात के बाद इन्हें मत्स्य पालन और सिंघाड़ा उत्पादन के लिए उपयोग ● शेष पेज 11 पर

### नलकूपों से पानी के दुरुपयोग को रोकने के लिए अपनाएं वैज्ञानिक पद्धति : मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने सरकारी आवास में राजकीय नलकूपों के जीर्णोद्धार और आधुनिकीकरण को लेकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नलकूपों से पानी के दुरुपयोग को रोकने के लिए वैज्ञानिक पद्धति अपनाई और वाटर कंजर्वेशन की समुचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि वर्षा का मौसम इसके लिए सबसे उपयुक्त है। इससे भूगर्भीय जल स्तर को बनाए रखने में मदद मिलेगी और डार्क जोन वाले क्षेत्रों में सुधार होगा। मुख्यमंत्री ने सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना, बाण सागर, मध्य गंगा जैसी प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा कर उसमें कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के सशक्त क्रियान्वयन से ग्रामीण और शहरी इलाकों में पानी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री ने तराई क्षेत्र के किसानों की समस्याओं पर विशेष ध्यान देते हुए कहा कि रिजर्व वायर को डिसिल्ट कर उसे पुनर्जीवित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक किसानों को सिंचाई की सुविधा मिल सके। साथ ही, कटान रोकने के लिए सिल्ट का उपयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों की सिंचाई आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नलकूपों का प्राथमिकता के आधार पर जीर्णोद्धार और आधुनिकीकरण किया जाए। इससे सिंचाई क्षमता बढ़ेगी, किसानों की लागत घटेगी और उन्हें आधुनिक तकनीक आधारित सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि नलकूपों के आधुनिकीकरण व जीर्णोद्धार के कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता से कोई समझौता न किया जाए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सरकार किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव कदम उठा रही है। नलकूपों के आधुनिकीकरण और जल संरक्षण की इन पहलों से आने वाले समय में राज्य का कृषि उत्पादन बढ़ेगा और किसानों की आय में सकारात्मक वृद्धि देखने को मिलेगी।

# कोरावं में बारिश के कारण अलग-अलग गांव में गिरा कच्चा, मकान दो महिला एक बुजुर्ग की मौत

**बुजुर्ग मृतक के चार बच्चे सब अलग - अलग चारो परदेश कौन करे दाह संस्कार या करवाये पोस्टमार्टम**

**माँ लाचार पिता के चार पुत्र घर मे एक भी नही कौन करे दाह संस्कार**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरावं, प्रयागराज। शुक्रवार को सुबह से कोराव में लगातार बारिश होने के कारण ग्राम उल्दा( गरन ) गाव में तखत पर शो रहा एक बुजुर्ग बृद्ध के ऊपर कच्चा जर्जर मकान गिर जाने से मौके पर ही मौत हो गई बुजुर्ग बृद्ध की पहचान अम्बिका प्रसाद शर्मा उम्र लगभग 65 वर्ष पुत्र मोलई के रूप में हुई है मोलई प्रसाद शर्मा कच्चे मकान में पति पत्नी गुजर बसर करते रहे आधा कच्चा मकान पहले ही बारिश में गिर पड़ा था जो हिस्सा बचा हुआ था वह भी जर्जर था बारिश होने के कारण रात्रि 01 बजे के आसपास पन्नी त्रिपाल छाकर तखत पर शो रहे रहे कच्चा मकान ऊपर गिर पड़ा और मौके पर ही मौत हो गई राजश्व लेखपाल मौके पर जाकर जाँच पड़ताल किये गाव वालो ने बताया कि अम्बिका प्रसाद शर्मा के चार लड़के है सभी बाहर रहते है माता पिता के साथ कोई लड़का साथ मे नही रहता माता पिता मजदूरी करके अपना जीवको पार्जन कर रहे थे मौत होने के बाद गाव वालो ने लड़को को सूचना दिया समाचार लिखे जाने तक दाह संस्कार पोस्ट मार्डम नही किया गया है

कोराव तहसील क्षेत्र के दर्शनी गाव की रहने वाली देवकली उम्र लगभग 47 वर्ष पत्नी राजेन्द्र वर्मा शुक्रवार शाम चार बजे के आसपास अपने कच्चे मकान के पास बैठी थी लगातार बारिश हो जाने के कारण कच्चा मकान देवकली के ऊपर गिर पड़ा जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई परिजनों ने तत्काल कोराव एक निजी हास्पिटल ले गए इलाज हुआ लेकिन मौत हो गई मृतक महिला को परिजन वापस घर लाए देवकली के दो बच्चे है सूचना पर राजश्व लेखपाल व प्रभारी निरीक्षक थाना कोराव राकेश कुमार वर्मा व चौकी इंचार्ज बड़ोखर प्रहलाद कुमार पाल अपने अन्य पुलिस बल के साथ शनिवार को मौके पर पहुचकर पंचनामा कर डेड बॉडी को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्डम के लिए भेजा इस घटना से घर ही नही बल्कि पूरे गाव में शोक की लहर है

कोराव तहसील क्षेत्र के पैतिहा (बलापुर) गाव की रहने वाली राम रति उम्र 55 वर्ष पत्नी राजबली शुक्रवार शाम को अपने घर के कच्चे मकान के पास शाम साढ़े सात बजे के आसपास बैठी थी बारिश हो रही थी कि कच्ची दीवाल ऊपर गिर पड़ी जिससे महिला की मौत हो गई सूचना पर इलाकाई थाना कोराव पुलिस मौके पर पहुचकर शव कब्जे में लेकर पोस्ट मार्डम हेतु भेजा गया वर्जन - तीनो घटना की जानकारी है मौके पर राजश्व लेखपाल को भेजा गया है मेडिकल रिपोर्ट आने पर दैवी आपदा से परिजनों को सहायता राशि मुहैया कराया जाएगा संदीप कुमार तिवारी एसडीएम कोराव प्रयागराज

## पुलिस कमिश्नर जोगेंदर कुमार ने की जनसुनवाई, समस्याओं के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश



प्रयागराज। पुलिस कमिश्नर जोगेंदर कुमार ने शनिवार को पुलिस कमिश्नर कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया। इस दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याएं पुलिस कमिश्नर के समक्ष रखीं।जनसुनवाई के दौरान सीपी जोगेंदर कुमार ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित प्रभारियों को मामलों के शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि जनता से जुड़ी समस्याओं की अनदेखी या लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस कर्मियों को संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करने की नसीहत दी गई।पुलिस कमिश्नर की जनसुनवाई में अधिकारियों की उपस्थिति में कई मामलों पर मौके पर ही कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई।

## संपूर्ण समाधान दिवस में आई 141 शिकायत 7 का निस्तारण



**एडीएम नजूल ने की समाधान दिवस की अध्यक्षता**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोराव , प्रयागराज। शनिवार को जिला से आये एडीएम नजूल संजीव कुमार शाक्य की अध्यक्षता में कोराव तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ सभी विभाग से 141 शिकायती प्रार्थना पत्र आये जिसमे 07 का निस्तारण कराया गया शेष शिकायती प्रार्थना पत्र को संबधित विभाग को देकर निष्पक्ष गुणवक्ता पूर्वक निस्तारण करने का आदेश दिया गया साथ ही लंबित शिकायती पत्रों को भी जल्द निस्तारण करने के लिए एसडीएम ने सभी विभाग को कहा आगे यह भी कहा कि यदि संपूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायती प्रार्थना पत्र में कोई लापरवाही करेगा तो उसकी रिपोर्ट कार्रवाही हेतु उच्चाधिकारियों को भेजा जाएगा समाधान दिवस में एडीएम नजूल संजीव कुमार शाक्य ,एसडीएम कोराव संदीप तिवारी, नायब तहसीलदार डैया राम मूरत, वन क्षेत्राधिकारी पीके सिह, प्रभारी निरीक्षक थाना कोराव राकेश कुमार वर्मा लोक निर्माण विभाग से जेई सुधीर पांडेय , नगर पंचायत कोराव से अमितेश श्रीवास्तव , समेत अन्य विभाग से कर्मचारी मौजूद रहे

### युवती से मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

प्रयागराज। जनपद के मऊआइमा थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ मारपीट करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में पीड़िता की शिकायत के बाद मऊआइमा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी की पहचान कर उसे दबोच लिया। आरोपी पर पहले से भी आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने के आरोप हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायिक कार्रवाई शुरू कर दी है। मऊआइमा थाना प्रभारी ने बताया कि महिला सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पूरे मामले की जांच जारी है।

### आदर्श ग्राम पंचायत बन रहा पहाड़ी कला, सोलर लाइट से गांव रोशन

**प्रयागराज।** शंकरगढ़ ब्लॉक स्थित ग्राम सभा पहाड़ी कला विकास की राह पर तेजी से बढ़ रहा है। महिला ग्राम प्रधान जीत लक्ष्मी की पहल और अधिकारियों के सहयोग से गांव में सोलर लाइटें लगाई गई हैं, जिससे अंधेरे में डूबे रास्ते अब रोशन हो गए हैं। खासतौर पर हरखोरिया कला गांव में सोलर लाइट लगने से ग्रामीणों को रात में सुविधा मिल रही है। ग्राम पंचायत को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित किया जा रहा है। ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए प्राथमिकता के आधार पर कार्य किए जा रहे हैं। स्थानीय लोग ग्राम प्रधान की मेहनत की सराहना कर रहे हैं।

### नैनी में बढ़ रही घटनाओं से जनता नाराज़, चाका ब्लॉक के सामने चक्का जाम

**प्रयागराज।** के नैनी क्षेत्र में लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं से जनता में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बढ़ते अपराध और पुलिस की लापरवाही के खिलाफ चाका ब्लॉक के सामने चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि क्षेत्रीय थाना प्रभारी की उदासीन कार्यशैली के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। लोगों की मांग है कि जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई हो और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाए। पुलिस के खिलाफ बढ़ती नाराजगी प्रशासन के लिए चिंता का विषय बनती जा रही है।

### नैनी में पुलिसिंग फ़ेल, 2 घंटे से लगा भीषण जाम

**प्रयागराज।** यमुनानगर स्थित नैनी थाना क्षेत्र में पुलिसिंग की लचर व्यवस्था सामने आई है। पिछले दो घंटे से नैनी हाईवे पर भारी जाम लगा हुआ है, लेकिन स्थानीय थाना प्रभारी ट्रैफिक व्यवस्था संभालने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहे हैं। राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि थाना प्रभारी की लापरवाही और कर्तव्यहीनता के कारण आए दिन जाम और घटनाएं होती हैं। प्रशासनिक सख्ती के अभाव में जनता का गुस्सा लगातार बढ़ रहा है। मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से की गई है।

### महिलाओं को सशक्त बनाना मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य : प्रिया अग्रवाल

**मुरादाबाद ।** मिशन शक्ति फ़ेज-5 के तहत शनिवार को पुलिस लाइन में 'रन फार एम्पावरमेंट(एक दौड़ महिला सशिक्तिरकण के लिए)' नाम से दौड़ का आयोजन किया गया। पुलिस लाइन से शुरू हुई इस दौड़ को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यस वुमेन क्लब की संस्थापक अध्यक्ष प्रिया अग्रवाल ने कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य एक ऐसा समाज बनाना है जहाँ महिलाएँ सशक्त हों।एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह, एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह, सीओ कोतवाली सुनीता दहिया समेत अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी भी दौड़ में शामिल हुए। स्टेडियम से कोच ललिता चौहान के नेतृत्व में आई महिला धावकों ने इस दौड़ के माध्यम से सशक्तिकरण का संदेश दिया। इसमें स्कूल-कॉलेज की छात्राओं, महिलाओं और महिला पुलिसकर्मियों ने भी भाग लिया। यस वुमेन क्लब की संस्थापक अध्यक्ष प्रिया अग्रवाल, समाजसेवी रेखा मदान, ज्योति बंसल, रूपाली अग्रवाल, रीना मल्होत्रा, अनुधल, तान्या भाटिया, राधिका विज, दिव्या अग्रवाल आदि ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने बताया कि इस दौड़ के माध्यम से प्रतिभागियों ने यह संकल्प लिया कि वे समाज में महिलाओं के प्रति सुरक्षा, सम्मान एवं समान अवसरों को बढ़ावा देंगे और महिला सशक्तिकरण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

### इलेक्ट्रानिक शॉप में लगी आग लाखों का सामान जलकर हुआ राख



**बंथरा,लखनऊ ।** इलाके मेंशनिवार सुबह एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान में आग लग गई। जब तक दुकान मालिक को सूचना होती और आग पर काबू पाया जाता तब तक दुकान के अंदर रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। फायर ब्रिगेड की टीम के पहुंचने पर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बंथरा के जुनाबगंज निवासी वीरेंद्र गुप्ता की वहीं पर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की बिक्री एवं मरम्मत की दुकान है। वह रोज की तरफ शुक्रवार शाम दुकान बंद कर घर चले गए शनिवार तड़के करीब पांच बजे दुकान से लोगों ने धुंआ निकलते देखा तब वीरेंद्र को खबर दी। वीरेंद्र जब तक दुकान पर पहुंचते और शटर खोलकर देखा तो अंदर आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। मौके पर मौजूद लोगों ने खुद ही आग पर पानी डालकर बुझाने का प्रयास किया किंतु सफलता नहीं मिली, जिसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने पहुंचकर आग पर काबू पाया अनुमान है कि शॉट सर्किट की वजह से आग लगी है । दुकान मालिक वीरेंद्र गुप्ता के अनुसार घटना में दुकान में रखा नया व पुराना समान मिलाकर लगभग 6 लाख रुपए का सामान जलकर राख हुआ है।

### फरीदीपुर की जर्जर सड़कों व जल भराव से बढ़ी लोगों की मुश्किलें



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के कन्हैया माधवपुर वार्ड के अंतर्गत आने वाले फरीदीपुर की सड़कों का हाल बदहाल हो चुका है। दुबग्गा रिंग रोड से फरीदीपुर जाने वाला मुख्य मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है। जगह-जगह पड़े गड्ढों और जलभराव से होकर गुजरना स्थानीय लोगों के लिए रोजमर्रा की परेशानी बन गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कुछ समय पूर्व इस मार्ग का निर्माण कराया गया था, लेकिन निर्माण में घटिया सामग्री इस्तेमाल होने के कारण सड़क जल्दी ही टूटकर गड्ढों में तब्दील हो गई। लोगों ने बताया कि सड़क के दोनों ओर बनी नालियां भी सही तरीके से नहीं जुड़ी हैं। घरों से बहने वाला पानी किसी बड़े नाले में जाने के बजाय इसी इलाके में भर जाता है, जिससे सड़कें हमेशा पानी से लबालब रहती हैं और लगातार उखड़ रही हैं।राहगीरों का कहना है कि रोजाना उन्हें इस जर्जर सड़क और भरे हुए पानी के बीच से गुजरने के लिए मजबूर होना पड़ता है। लोगों का आरोप है कि स्थानीय पार्षद और क्षेत्रीय विधायक आए दिन इसी रास्ते से गुजरते हैं, लेकिन जनता की इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं देते। वहीं कुछ लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि पार्षद से जब रोड मरम्मत की मांग की जाती है, तो वे कहते हैं कि ॠइस क्षेत्र से हमें वोट नहीं मिला है, इसलिए यहां का काम कराने के लिए मत कहोॠ यहां के कुछ दुकानदारों का कहना था की जल भराव और जर्जर सड़क की वजह से लोगों का यहां से गुजरना भी कम हो गया है और लोग यहां पर रुक नहीं सकते हैं ऐसे में वह खरीदारी भी नहीं करते हैं जिससे कि उनका धंधा भी चौपट हो चुका है। लोगों ने नगर निगम और जनप्रतिनिधियों से जल्द से जल्द सड़क मरम्मत और जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है।

## तहसील दिवस में पहुंचे जिलाधिकारी मनीष वर्मा, सुनीं जनता की शिकायतें



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष वर्मा शनिवार को करछना तहसील में आयोजित तहसील दिवस कार्यक्रम में पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने जनता की समस्याएं और शिकायतें सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए।तहसील दिवस के दौरान कई फरियादियों ने अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं, जिन पर उन्होंने गंभीरता से विचार करते हुए तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए।इस मौके पर एसीपी कौंधियारा अब्दूस सलाम खान सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करें और आम जनता को राहत प्रदान करें।

## अग्रसेन महोत्सव : बुजुर्ग सम्मान, स्वास्थ्य शिविर और रोजगार मेले का संगम

**बुजुर्ग दंपत्तियों का सम्मान, बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । श्री अग्रसेन अग्रवाल समाज द्वारा एंग्लो बंगाली इंटर कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय अग्रसेन महोत्सव का आयोजन भव्यता और उत्साह के साथ हुआ। यह महोत्सव समाज में एकता, सेवा और सहभागिता की मिसाल बनकर उभरा।महोत्सव का उद्घाटन न्यायमूर्ति सुधीर नारायण अग्रवाल (अवकाश प्राप्त उच्च न्यायालय) ने किया। समारोह में समाज के वरिष्ठ दंपत्तियों का सम्मान भी किया गया। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सुधीर नारायण अग्रवाल और न्यायमूर्ति राजेश कुमार (अवकाश प्राप्त उच्च न्यायालय) ने संयुक्त रूप से बुजुर्ग दम्पत्तियों को समाज में उनके योगदान और सेवा के लिए सम्मानित किया। जिनमें रामकृष्ण एवं सविता अग्रवाल, गोपाल कृष्ण एवं शोभा अग्रवाल, मुरारी लाल एवं निभा अग्रवाल, विनोद कुमार एवं मधु गोयल, प्रभात कुमार एवं मधु अग्रवाल, नरेंद्र कुमार एवं सरस्वती अग्रवाल, सुरेश चंद्र एवं उषा अग्रवाल आदि शामिल रहे।शुरुआत फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता से हुई, जिसमें बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण पहल की गई। अपोलो हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया, जिसमें लोगों की जांच की गई। साथ ही स्वास्थ्य परीक्षण एवं चौपाल में डॉ आशीष टंडन, डॉ गौरव अग्रवाल, डॉ शुभम अग्रवाल और डॉ मनोज पाण्डेय ने अस्थमा और दमा जैसी बीमारियों से संबंधित जानकारी दी और उपस्थित लोगों के प्रश्नों का समाधान किया।आन्हा ब्लड बैंक द्वारा आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में



समाज के अनेक सदस्यों ने भाग लिया और मानव सेवा का उदाहरण पेश किया। रोजगार मंच पर भी अच्छी संख्या में पंजीकरण हुए, जिसमें नौकरी देने वाले और नौकरी पाने वाले दोनों वर्गों ने भाग लिया। यह पहल समाज में रोजगार के अवसरों को जोड़ने और युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रही।जयंती संयोजक डॉ. बी.बी. अग्रवाल ने कहा कि यह महोत्सव समाज में भाईचारे और सहयोग की भावना को सशक्त करने का माध्यम है। वरिष्ठ अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहा कि यह आयोजन समाज की सांस्कृतिक और सामाजिक धरोहर को संजोने का प्रतीक है। अध्यक्ष पीयूष रंजन अग्रवाल ने कहा कि यह महोत्सव समाज में सहभागिता और सेवा भावना को बढ़ावा देने वाला एक प्रेरक मंच है। युवा मंडल अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल ने युवाओं से इस ऊर्जा को आगे बढ़ाने का आह्वान किया, जबकि युवा मंडल महामंत्री वैभव गोयल ने कहा कि महोत्सव ने समाज में नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार किया है।

## प्रयागराज में ग्राम प्रधानों की जांच में लापरवाही डीएम मनीष वर्मा ने दिए कड़े निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**जिन विभागों पर जांच की जिम्मेदारी है, उनमें लोक निर्माण विभाग , जिला सांख्यिकी अधिकारी ( डीएसटीओ), उद्यान विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, समाज कल्याण विभाग, प्रोबेशन अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी, पशुपालन (सीवीओ), कृषि अधिकारी एवं उप निदेशक कृषि प्रसार प्रमुख है**

प्रयागराज । जिले के विभिन्न ब्लॉकों के करीब 80 ग्राम प्रधानों के खिलाफ चल रही जांच में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने सख्त रुख अपनाया है। लंबे समय से प्रधानों के खिलाफ भ्रष्टाचार, वित्तीय अनियमितता और विकास कार्यों में गड़बड़ी की शिकायतों की जांच संबंधित विभागों के पास लंबित है, लेकिन कई अफसर अब तक रिपोर्ट नहीं दे सके हैं।

जिन विभागों पर जांच की जिम्मेदारी है, उनमें लोक निर्माण विभाग , जिला सांख्यिकी अधिकारी ( डीएसटीओ), उद्यान विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, समाज कल्याण विभाग, प्रोबेशन अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी, पशुपालन (सीवीओ), कृषि अधिकारी एवं उप निदेशक कृषि प्रसार प्रमुख हैं। इन अधिकारियों के पास सबसे अधिक मामले वर्षों से पेंडिंग हैं।लंबे समय से अटकी जांचें, डीएम के सख्त निर्देश के बाद मचा हड़कंपजिलाधिकारी के सख्त निर्देश के बाद कई अफसर बुधवार के अवकाश के दिन भी गांवों में जांच करने पहुंचे। डीएसटीओ के अधिशासी अभियंता के पास अकेले 13 ग्राम प्रधानों की जांच लंबित है, जो पिछले डेढ़ से दो साल से लंबित पड़ी है।

इसी प्रकार डीएसटीओ, जिला उद्यान अधिकारी, दिव्यांगजन अधिकारी और समाज कल्याण अधिकारी के पास सात-सात जांचें लंबित हैं, जिनकी रिपोर्ट सालों से नहीं आई है।डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जांचों में देरी करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि जांच कार्य को प्राथमिकता पर लेकर समयबद्ध रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए, ताकि दोषी प्रधानों पर कार्रवाई हो सके और निर्दोषों को राहत मिले।इन ग्राम सभाओं के प्रधानों पर चल रही है जांचजांच की जद में कोरांव, मेजा, प्रतापपुर, धनूपुर, होलागढ़, बहरिया, मांडा, हंडिया, करछना, सैदाबाद, चाका, कौंधियारा, भगवतपुर, सहसों, मऊआइमा, शंकरगढ़, श्रृंगवेरपुरधाम, कौड़िहार, फूलपुर और उरुवा ब्लॉक की दर्जनों ग्राम सभाएं शामिल हैं।इनमें भलूहा, जमुआ घूस, टौंगाकला, पवारी, भगेसर, कूदर, अमिलिया पाल, पड़रिया, खजुरी खुर्द, बेरी, भवानीपुर, तारागांव, झीरी लच्छीपुर, हथसरा, बेनीपुर, बलापुर, मंदरी, मदारी, नौढ़िया उपरहार, राजेपुर, बिगहनी जैसे गांव शामिल हैं।जनता की बात पहुंच रही मुख्यमंत्री तकस्थानीय लोगों का कहना है कि गांवों में विकास कार्यों में भारी भ्रष्टाचार हुआ है, जिसकी शिकायतें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक पहुंची हैं। मुख्यमंत्री द्वारा सतत निगरानी के चलते अब प्रशासन हरकत में आया है। डीएम मनीष वर्मा की सख्ती के बाद अब इन जाँचों में तेजी की उम्मीद जताई जा रही है । जांचों में देरी से जहां भ्रष्टाचार के मामलों में कार्रवाई टलती जा रही है, वहीं ईमानदार प्रधानों की छवि भी धूमिल हो रही है। जिलाधिकारी की सख्ती से अब सिस्टम में गति आने की उम्मीद है।

### दिव्यांगजन फ्रेंडली बनेंगे मंडल के 137 रेलवे स्टेशन

मुरादाबाद । उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने शनिवार को बताया कि मुरादाबाद रेल मंडल के 137 रेलवे स्टेशनों को दिव्यांगजन फ्रेंडली बनाएं जाएंगे। इसमें अमृत भारत प्रोजेक्ट के अंतर्गत आने वाले 19 स्टेशन भी शामिल हैं।सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने आगे बताया कि इन स्टेशनों पर दिव्यांग यात्रियों के लिए पेयजल का स्थान अलग बनाया जाएगा। इसी तरह दिव्यांगों की सहूलियत के मुताबिक शौचालयों का निर्माण किया जाएगा। जिन स्टेशनों पर सीढ़ियों वाले फुट ओवर ब्रिज हैं, वहां लिफ्ट लगाई जाएगी। कई स्टेशनों पर रैंप वाले फुट ओवरब्रिज भी बनाए जाएंगे।उन्होंने बताया कि मंडल के रामपुर, चंदौसी, कोटद्वार, शाहजहांपुर, हरदोई, हरिद्वार, देहरादून, अमरोहा, गजरौला, नजीबाबाद जैसे कई प्रमुख स्टेशन शामिल हैं। मुरादाबाद व बरेली स्टेशनों पर यह सभी सुविधाएं पहले उपलब्ध हैं। अन्य स्टेशनों पर ब्रेल लिपि में संकेतक बनाने का भी प्लान है।

## कर्नल राजेश राघव के कार्यकाल में हुई शिक्षक नियुक्ति और विद्यालय निर्माण में बड़े घोटाले की अंदेशा, जांच की मांग

**सैनिक स्कूल गोरखपुर में शिक्षक नियुक्ति में बड़े पैमाने पर हुई फर्जीवाड़े की शिकायत**

**सैनिक स्कूल गोरखपुर में बिना बीएड और सीटेट डिग्री के नियुक्त हुआ शिक्षक**

**अखिल भारतीय भ्रष्टाचार निरोधक समिति ने लिखा मुख्यमंत्री, अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा और मिनिस्ट्री आप डिफ़ेन्स सैनिक स्कूल सोसायटी को पत्र, कार्यवाही की मांग**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट और गोरखपुर की शान सैनिक स्कूल के माथे पर कलंक गाथा की लिस्ट लंबी करते हुए इस बार फर्जी शिक्षक नियुक्ति का मामला गर्मा गया है। इस संदर्भ में विद्यालय में आऊटसोर्सिंग पर तैनात कर्मचारियों को तुगलकी फरमान जारी करते हुए एक घंटे के अंदर विद्यालय खाली करने का फरमान देने वाले विद्यालय के कार्यकारी प्रधानाचार्य कर्नल राजेश राघव ने अपने चहेतों को बिना आवश्यक शैक्षिक योग्यता पूरी किये ही भ्रष्टाचार कर नियुक्ति प्रदेश की गई है। ताजा मामला सैनिक स्कूल गोरखपुर में तैनात कंप्यूटर साइंस के शिक्षक कमल पाटनी का है। जिनके नियुक्ति में हुए गंभीर अनियमितता उजागर हुई है। सूत्रों के अनुसार गोरखपुर के सैनिक स्कूल में तैनात टीजीटी शिक्षक कमल पाटनी की नियुक्ति बिना बीएड और सीटेट की डिग्री के ही सैनिक स्कूल चिनचिप, सिक्किम में किया गया और फिर वहां मामला पकड़ा न जाये इसलिए आनन फानन संदिग्ध परिस्थितियों में उनका स्थानांतरण गोरखपुर के सैनिक स्कूल मैं करके अबैध नियुक्ति रो बनाने के लिए लीपापोती किया गया। सूत्रों के मुताबिक इस मामले में बड़े पैमाने पर धन उगाही किया गया है। सूत्र तो यहां तक कहते हैं कि इस मामले में कथित तौर पर अवैध धन का भुगतान करके सैनिक स्कूल गोरखपुर में उनकी नियुक्ति संदिग्ध परिस्थितियों और नियुक्ति नियमों का घोर उल्लंघन करके किया गया है। सैनिक स्कूल नियुक्ति के लिए आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, उक्त पद के लिए बैचलर ऑफ एजुकेशन (बी.एड.) की डिग्री अनिवार्य योग्यता थी। हालांकि, यह आरोप लगाया गया है कि आवश्यक योग्यताएं पूरी नहीं की गईं और इस अयोग्यता के बावजूद उन्हें आनन फानन में बिना अनिवार्य योग्यता पूरी किये सैनिक स्कूल में शामिल होने की अनुमति दी गई। यह न केवल भर्ती प्रक्रिया में गंभीर चूक को दर्शाता है बल्कि भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग की आशंका भी पैदा करता है।अखिल भारतीय भ्रष्टाचार निरोधक समिति ने इस मामले में नियमों को दरकिनार करने और भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए सैनिक स्कूल गोरखपुर की विश्वसनीयता और अनुशासन को बनाए रखन के लिए मुख्यमंत्री, अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा और मिनिस्ट्री आप डिफ़ेन्स सैनिक स्कूल सोसायटी को पत्र लिखकर शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग किया गया है।


**त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि-2025**

पहले से ही घोषित अनेक त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ी का भी संचालन किया जायेगा। इन रेल सेवाओं की समय-सारणी निम्नानुसार होगी:-

**03223/03224 राजगीर-हरिद्वार-राजगीर पूजा विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** — 24 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 03223 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 03224 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 04:05 | राजगीर | 07:15 | --- |
| 05:15 | --- | हरिद्वार | --- | 07:20 |

**चलने के दिन: 03223 राजगीर से** दिनांक 10.10.2025 से 26.12.2025 तक (प्रत्येक शुक्रवार) को और **03224 हरिद्वार से** दिनांक 11.10.2025 से 27.12.2025 तक (प्रत्येक शनिवार) को।

**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**ठहराव:** नालन्दा, पावापुरी रोड, बिहार शरीफ जं., बेना, हरनौत, बख्तियारपुर जं., फतुहा जं., पटना साहिब, पटना जं., दानापुर, आरा जं., बक्सर जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी, जौनपुर जं., अयोध्या धाम जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद जं., नजीबाबाद जं. एवं लक्सर जं. के स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे आपकी सुविधा-हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

3072/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# युवा कलाकार मरिया खातून को प्रथम पुरस्कार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने किया सम्मानित




लखनऊ। ललित कला अकादमी, क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ द्वारा आयोजित सेवा पर्व 2025 के अवसर पर विकसित भारत के रंग, कला के संग विषय पर आयोजित एक दिवसीय चित्रकला कार्यशाला एवं सम्मान समारोह में शहर के प्रतिभाशाली कलाकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह, डॉ. वंदना सहगल (डीन एवं प्राचार्य, वास्तुकला एवं योजना संकाय, ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय, लखनऊ) तथा डॉ. देवेन्द्र त्रिपाठी (क्षेत्रीय सचिव, ललित कला अकादमी) की गरिमामयी उपस्थिति रही। सम्मान समारोह में तीन श्रेणियों – प्रोफ़ेशनल कलाकार, कॉलेज के युवा कलाकार एवं स्कूल के विद्यार्थी – में पुरस्कार प्रदान किए गए। कॉलेज के युवा कलाकार श्रेणी में मरिया खातून ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर शहर का नाम रोशन किया। कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने मरिया खातून को अंगवस्त्र पहनाकर एवं सम्मान पत्र व चेक प्रदान कर सम्मानित किया।

मरिया खातून एक प्रतिभाशाली युवा कलाकार हैं, जिनके चित्रों में सजीवता और गहराई देखने को मिलती है। कला जगत के जानकार उन्हें "नवोदित सितारा" मानते हैं। उनकी कूची में परंपरा और आधुनिकता का सुंदर संगम झलकता है। मरिया खातून का कहना है कि– "कला समाज को जोड़ने और सकारात्मक संदेश देने का सबसे सशक्त माध्यम है। ललित कला अकादमी, जो देश की शीर्षस्थ दृश्य कला की संस्था है, समय-समय पर राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय स्तर पर कला एवं कलाकारों को प्रोत्साहन देती रही है। सेवा पर्व 2025 के अंतर्गत आयोजित इस कार्यशाला में स्वतंत्र चित्रकारों के साथ-साथ विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं शहर के नामी कलाकारों ने भी सहभागिता की। मरिया खातून को मिला यह सम्मान न केवल उनके कला-सफर का अहम पड़ाव है, बल्कि आने वाली युवा पीढ़ी के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है।

# गोसाईगंज की रामलीला में राम ने तोड़ा धनुष,गरजे परशुराम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। गोसाईगंज में इन दिनों चल रही राम लीला में चौथे दिन 3 अक्टूबर 2025 की रात को धनुष यज्ञ और बाणासुर संवाद का मंचन किया गया। धनुष टूटने के बाद मंच पर पहुंचे परशुराम की गर्जना सुनाई पड़ी। उन्होंने राम से पूछा धनुष किसने तोड़ा है।इसी समय चिढ़ाते हुए कहा ,कोटि कुलिश सम वचन तुम्हारा ।व्यर्थ धरहू धनु बान कुठारा।

कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री राजेश हिन्दू ने रावण की भूमिका निभाई तो सौरभ गुप्ता ने बाणासुर का किरदार निभाया।भगवान शिव के धनुष अजगो को तोड़ने वाले राम की भूमिका कृष्ण वर्मा ने अदा की। किशन सोने राम के छोटे भाई लक्ष्मण के रूप दिखाई दिए और इस आयोजन में पुत्री सीता के विवाह हेतु धनुष यज्ञ का आयोजन करने वाले राजा जनक की भूमिका में विशाल सोनी दिखाई दिए।मंच पर दर्शकों का आकर्षण केंद्र बने रहने वाले ऋषि परशुराम की भी भूमिका को जीवंत करने का काम प्रदीप यादव ने किया।यह जानकारी देते हुए राजेश हिन्दू ने बताया कि गोसाईगंज में समापन 7 अक्टूबर को लंका के राजा रावण का विशाल पुतला आग में जलाया जाएगा।राजेश हिन्दू ने बताया कि 8 अक्टूबर को राम राज्य और राम की सेना के साथ लव - कुश युद्ध के साथ राम लीला का समापन होगा। उन्होंने कहा यहां राम लीला की शुरूआत 30 सितम्बर 2025 को नारद मोह से हुई थी।दूसरे दिन राम जन्म की लीला का मंचन किया गया।तीसरे दिन दर्शकों को मुनि आगमन और तड़का वध की लीलाएं दिखाई गई।

# नगराम : रामलीला महोत्सव का राजतिलक के साथ समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## भगवान राम का हुआ राज्याभिषेक, तिलक लगाकर उतारी गई आरती

नगराम, लखनऊ। नगराम नगर पंचायत के ब्राह्मण टोला स्थित रामलीला मैदान में शुक्रवार को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के राज्याभिषेक के साथ रामलीला महोत्सव का समापन हो गया । रामलीला मैदान स्थित भव्य एवं दिव्य रामलीला का मंचन हुआ जो आदर्श रामलीला नाटक समाज नगराम द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें विशेष आकर्षण दीपोत्सव कार्यक्रम माता शेरावाली के चरणों में 5001 दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ , दूसरा भव्य कार्यक्रम रामेश्वरम शिव जलाभिषेक एवं भव्य राम बारात निकाली गई यह सभी भव्य कार्यक्रम धर्म से आस्था रखने वाले संदीप शुक्ला के नेतृत्व में आयोजित हुए , रामलीला के अंतिम दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के राज्याभिषेक के साथ रामलीला महोत्सव का समापन हो गया। रामलीला महोत्सव के मुख्य सहयोगी संदीप शुक्ला उर्फ नीलू भैया ने भगवान श्री राम को तिलक लगाकर आरती उतारी और राजगद्दी समारोह का शुभारंभ किया। चौदह वर्ष का वनवास पूर्ण कर अयोध्या लौटे भगवान श्री राम को अयोध्या का राजा बनाया गया श्री राम अपने भाइयों लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न और अपनी अर्धांगिनी माता सीता के साथ राजगद्दी पर विराजमान हुए। इस दौरान राम भक्त हनुमान ने उनके चरण सेवा की। प्रथम तिलक आदर्श रामलीला नाटक समाज के अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने किया , तत्पश्चात जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज एवं कस्बे एवं क्षेत्र के अन्य गणमान्य लोगों ने भगवान श्री राम का तिलक किया। रामलीला मंच पर स्थानीय गायक कलाकारों ने भक्ति गीतों के साथ संकीर्तन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सतीश शर्मा ने किया। कमेटी द्वारा बताया गया आगामी वर्ष में रामलीला बड़े ही भव्य तरीके से होगा।

# स्प्रिंगडेल चौराहा अब कहलाएगा शहीद हेमू कालाणी चौक, विधायक ने किया कांस्य प्रतिमा का अनावरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## विधायक ने किया हेमू कालाणी प्रतिमा का अनावरण; युवाओं से कहा, राष्ट्र के प्रति समर्पण ही सच्ची स्वतंत्रता



लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह जी ने शनिवार को एलडीए कॉलोनी, कानपुर रोड स्थित हेमू कालाणी चौक पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, शहीद हेमू कालाणी की भव्य कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया। पूर्व में 'स्प्रिंगडेल चौराहा' के नाम से प्रसिद्ध लोकबन्धु चिकित्सालय के निकट इस चौक का सौंदर्यीकरण भी विधायक निधि से कराया गया है। प्रतिमा अनावरण के अवसर पर क्षेत्रवासियों की बड़ी संख्या उपस्थित रही। पूरा वातावरण "भारत माता की जय" और "हेमू कालाणी अमर रहें" के नारों से गूंज उठा।

इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह जी ने कहा, "वीरता को नमन करना चाहिए, बलिदान को नमन करना चाहिए। जिन महान आत्माओं ने स्वयं से पहले राष्ट्र और समाज के बारे में सोचा, वे ही हमारे लिए प्रेरणास्तंभ हैं।" उन्होंने कहा कि 19 वर्ष की आयु में हेमू कालाणी को फांसी दी गई थी, क्योंकि उन्होंने अंग्रेजों की हथियारों से भरी ट्रेन को बलोचिस्तान पहुँचने से रोकने के लिए पटरी उखाड़ने का साहसिक प्रयास किया था। उन्होंने अत्याचारों की असीम यातनाएँ सहने के बावजूद उन्होंने अपने साथियों के नाम नहीं बताए और हँसते-हँसते माँ भारती की स्वतंत्रता के लिए फांसी पर झूल गए।

डॉ. सिंह ने कहा कि यह आज़ादी हमें सहजता से नहीं मिली, खुदीराम बोस, भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव जैसे युवाओं ने 18 से 23 वर्ष की उम्र में बलिदान देकर हमें यह स्वाधीनता दिलाई। उन्होंने कहा जातीय, भाषायी और प्रांतीय संघर्षों ने हमें कमजोर किया, यही कारण रहा कि हम पराधीन हुए, हमने 600 साल मुगलों की और 200 साल अंग्रेजों की गुलामी झेली। उन वर्षों में हमारी जीडीपी 23% से गिरकर 2% तक पहुँच गई।

विधायक ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि आज राष्ट्र के सामने अनेक खतरे हैं, "हमने देखा है कि कैसे कुछ पडोसी देशों में सोशल मीडिया, एआई और डीपफ़ेक तकनीक का दुरुपयोग कर जनता को अपने ही शासन के खिलाफ भड़काया गया। हमें सजग रहना होगा, डिजिटल स्किल बढानी होगी, और राष्ट्र के प्रति समर्पण ही हमें इन चुनौतियों से बचा सकता है। उन्होंने कहा कि हर साल देश में 15 लाख इंजीनियर तैयार हो रहे हैं, परंतु 45% युवाओं में रोजगार योग्य स्किल नहीं है। सरकार युवाओं को विश्वस्तरीय शिक्षा और सस्ता इंटरनेट दे रही है, अब युवाओं को चाहिए कि वे स्वयं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाएं। डॉ. सिंह ने कहा कि सरोजनी नगर में सांस्कृतिक और आर्थिक विकास एक साथ हो रहा है।

उन्होंने बताया, "अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा स्थापित हो चुकी है, रानी लक्ष्मीबाई जी की प्रतिमा बनकर तैयार है,

उदा देवी पासी जी और अवंती बाई लोधी की प्रतिमाएं शीघ्र स्थापित होंगी।" उन्होंने कहा कि ये प्रतिमाएं केवल धातु नहीं हैं, ये हमारे कर्तव्यों की जीवित स्मृतियां हैं, जो हमें स्मरण कराती हैं कि राष्ट्र हमेशा "मैं" से ऊपर है। इस मौके पर मौजूद रहे सिंधी समाज के धर्मगुरु संतजादा साई हरीश लाल साहिब एवं इस जीवंत कांस्य प्रतिमा के मूर्तिकार प्रो. के. सी. बाजपेयी का विधायक ने विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, गणमान्य व्यक्ति, वरिष्ठ नागरिक, समाजसेवी एवं युवाओं ने भाग लिया।

# भाकियू : धरने में वार्ता के लिए पहुंचे बीडीओ व एडीओ पंचायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। भाकियू के धरने में समस्याओं को लेकर वार्ता के लिए शनिवार को गोसाईगंज के खंड विकास अधिकारी राजेश बहादुर सिंह व एडीओ पंचायत कमल किशोर शुक्ला धरना स्थल पर पहुंचे। जिला प्रतिनिधि व सलाहकार महेश प्रधान ने अधिकारियों को ज्ञापन में उल्लिखित किसान समस्याएं व मांगें विस्तार से बताई। समस्याएं सुनने के बाद अधिकारियों ने किसानों को आश्वासन दिया कि ब्लॉक से संबंधित समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण कर दिया जाएगा। दुलारमऊ व बक्कास गांव में नाला निर्माण की मांग पर बीडीओ राजेश बहादुर सिंह ने कहा की बरसात के बाद कार्रवाई पूर्ण करते हुए निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। आज के धरने में प्रमुख रूप से जिला संरक्षक किशोरी लाल पटेल के साथ जिला प्रतिनिधि व सलाहकार महेश प्रधान ब्लॉक अध्यक्ष जग्गीलाल मौर्य, जिला प्रचार मंत्री अहमद हुसैन, जिला उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र वर्मा, ब्लॉक उपाध्यक्ष ओमप्रकाश वर्मा व बाबूलाल गौतम, प्रचार मंत्री महादेव, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुखरानी, ओम प्रकाश रावत रामलखन, राजू और राम शंकर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।आपको बता दें भाकियू ने शुक्रवार से गोसाईगंज डाक बंगले में अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ किया है। शनिवार को धरने का दूसरा दिन था।

# नेचुरल टच वेलफ़ेयर सोसाइटी ने आयोजित किया वाद-विवाद प्रतियोगिता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नेचुरल टच वेलफ़ेयर सोसाइटी द्वारा राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज गोमती नगर में वाद-विवाद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय था विकास के लिए प्रकृति का अत्यधिक दोहन आवश्यक है।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की अध्यक्षा स्मृति शर्मा ने मुख्य अतिथियों का पौधरोपण कर स्वागत किया और उन्हें मोमेंटो देकर सम्मानित किया।प्रतियोगिता में आठ प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और विषय के पक्ष तथा विपक्ष में अपने तर्क प्रस्तुत किए।

प्रतिभागियों की भाषा शैली, तर्कों की सटीकता और आत्मविश्वास ने निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। कुछ छात्रों ने आंकड़ों और उदाहरणों के माध्यम से अपने विचारों को और सशक्त बनाया, जिससे सभागार में तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी। मुख्य निर्णायकों की भूमिका में डॉ. मोनिका अवस्थी (ए.पी. सेन गर्ल्स डिग्री कॉलेज), श्री मनस्वी शुक्ला (काली चरण पी.जी. कॉलेज), श्रीमती नताशा सिन्हा (प्रधानाचार्या) और नीलिमा सिंह ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में योगदान दिया। कड़े मुकाबले के बाद परिणाम घोषित किए गए। विजेताओं में जिया खान को प्रथम, खुशबूदार महतो को द्वितीय और सोनी रावत को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में संस्था की टीम में आयुषी, शिवाक्ष और नंदनी भी शामिल रही। अंत में अध्यक्षा स्मृति शर्मा ने निर्णायक मंडल और सभी उपस्थित व्यक्तियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## नैमिष नगर व वरूण विहार योजनाओं में जमीन की खरीद-फरोख्त पर रोक

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । राजधानी की दो बड़ी आवासीय योजनाओं, नैमिष नगर और वरूण विहार में अब जमीन की थर्ड पार्टी रजिस्ट्री नहीं हो सकेगी। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने इस संबंध में बीकेटी, सदर और सरोजनीनगर तहसील के उप निबंधकों को पत्र भेजते हुए तत्काल प्रभाव से रजिस्ट्री रोकने के निर्देश दिए हैं। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि आगरा एक्सप्रेस-वे के पास 6,580 एकड़ में प्रस्तावित वरूण विहार योजना के लिए 12 गांवों की जमीन और सीतापुर-रैथा रोड पर 3,670 एकड़ में प्रस्तावित नैमिष नगर योजना के लिए 18 गांवों की जमीन अधिग्रहित की जानी है। इन दोनों योजनाओं के लिए 22,403 और 18,532 किसानों से सीधे प्राधिकरण के पक्ष में बैनामा कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी जमीन का पूरा मुआवजा सीधे बैंक खाते में भेजा जा रहा है। लेकिन हाल ही में संज्ञान में आया कि कुछ किसान प्राधिकरण की जानकारी के बिना बिचौलियों और प्रॉपर्टी डीलरों के जरिए थर्ड पार्टी के पक्ष में जमीन बेच रहे हैं। इससे मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के अंतर्गत स्वीकृत इन आवासीय योजनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसी को देखते हुए एलडीए ने इन गांवों की जमीन की रजिस्ट्री पर रोक लगा दी है। प्राधिकरण का कहना है कि इस कदम से बिचौलियों के गठजोड़ पर शिकंजा कसेगा और भविष्य में भूमि स्वामित्व को लेकर किसी भी विवाद की स्थिति से बचा जा सकेगा।

## नगरामः कैंटीन में शराब पीने से मना करने पर दबंगों ने संचालक को पीटा, की तोड़फोड़

नगराम, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । नगराम थाना क्षेत्र के समेसी कस्बे में स्थित शराब ठेके के समीप एक कैंटीन पर शुक्रवार रात दबंगई का मामला सामने आया। कैंटीन संचालक द्वारा शराब पीने से मना करने पर कुछ युवकों ने न सिर्फ उसकी पिटाई कर दी, बल्कि कैंटीन का काउंटर भी तोड़ डाला। पीड़ित की तहरीर पर नगराम पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। नगराम कस्बे के दक्खिन टोला निवासी सत्यम समेसी गांव में अंग्रेजी शराब के ठेके के पास कैंटीन चलाता है। पीड़ित के मुताबिक, शुक्रवार रात करीब 9:30 बजे वह कैंटीन में मौजूद था। इसी दौरान समेसी निवासी सतगुरु वहां पहुंचा और कैंटीन के अंदर ही शराब पीने लगा। कैंटीन संचालक सत्यम ने उसे शराब पीने से मना किया तो आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी। कुछ देर बाद उसने अपने चार अन्य साथियों को बुला लिया और सभी ने मिलकर कैंटीन संचालक की पिटाई कर उसे घायल कर दिया। इतना ही नहीं, दबंगों ने कैंटीन का काउंटर भी तोड़ दिया जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई।पिटाई में गंभीर रूप से घायल हुए सत्यम को पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया। चिकित्सकों ने बताया कि शरीर पर चोट के निशान हैं, फिलहाल उसकी हालत खतरे से बाहर है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। पीड़ित सत्यम ने घटना की लिखित तहरीर नगराम थाने में दी। मामले में नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पांच आरोपियों को हिरासत में लिया गया है और आगे की जांच की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि कैंटीन के आस-पास अक्सर दबंग शराब पीने की कोशिश करते हैं, जिस कारण विवाद की स्थितियां बनती रहती हैं।

## पत्रकार को पितृ शोक

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोसाईगंज क्षेत्र के अमेठी में रहने वाले पत्रकार के पिता की शनिवार की सुबह मौत हो गई।

अमेठी के रहने वाले सन्तोष शर्मा राष्ट्रीय सहारा में पत्रकार है। उनके 82 वर्षीय पिता नन्द किशोर उर्फ लल्लू पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे।उन्होंने शनिवार की सुबह घर पर ही अन्तिम सांस ली।उनके परिवार में पत्नी फूलकली व चार बेटे प्रेम किशोर सन्तोष सत्येन्द्र व बृजेन्द्र व तीन बेटियों सहित भरा पूरा परिवार है।

# राजधानी लखनऊ में जलभराव से हाहाकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## नगर निगम की लापरवाही उजागर



लखनऊ। राजधानी लखनऊ में लगातार हो रही बारिश ने नगर निगम की तैयारियों और व्यवस्थाओं की पोल खोलकर रख दी है। जोन-6 के अंतर्गत आने वाले अम्बरगंज वाल्ड के करीमगंज इलाके में जलभराव की समस्या ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। इस क्षेत्र की स्थिति यह है कि चारों ओर सड़कें पानी से लबालब हैं, गलियों में गंदा पानी भरा हुआ है और लोग घरों से निकलने में भी डर रहे हैं।

करीमगंज क्षेत्र के निवासी बताते हैं कि यह समस्या कोई नई नहीं है। हर साल बारिश आते ही इलाके में यही हालात बन जाते हैं। नालियों की सफाई समय पर नहीं होती, पानी निकासी की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की जाती और बरसात होते ही पूरा इलाका तालाब में तब्दील हो जाता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद न तो नगर निगम के अधिकारी ध्यान देते हैं और न ही क्षेत्रीय पार्षद व विधायक।

लोगों का आरोप है कि जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों और अफसरों की घोर लापरवाही की वजह से समस्या और विकराल रूप ले चुकी है। एक ओर लोग गंदगी और जलभराव से त्रस्त हैं, वहीं दूसरी ओर बीमारियों का खतरा भी तेजी से बढ़ रहा है। गली-मोहल्लों में भरे गंदे पानी के कारण मच्छर पनप रहे हैं, जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। बच्चों और बुजुर्गों की सेहत को लेकर लोग खासे चिंतित हैं।

करीमगंज निवासी मोहम्मद सलीम का कहना है कि ''हर साल नगर निगम के अधिकारी कागज़ों पर सफाई अभियान चलाने का दावा करते हैं, लेकिन ज़मीनी हकीकत यही है कि नालियां चोक रहती हैं और बारिश के पानी की निकासी का कोई इंतजाम नहीं होता।'' वहीं महिला निवासी रुखसाना बेगम कहती हैं कि ''जलभराव के कारण महिलाएं और बच्चे घर से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। रोजमर्रा की ज़रूरतें पूरी करना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि पार्षद और विधायक क्षेत्र का दौरा तक नहीं करते, न ही समस्या पर कोई कार्यवाही होती है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही समाधान नहीं किया गया तो उन्हें आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। फिलहाल, इलाके में लोगों का गुस्सा लगातार बढ़ता जा रहा है। आमजन का कहना है कि नगर निगम और प्रशासन तुरंत कार्रवाई कर स्थायी समाधान करे, वरना जनता के सब्र का बांध टूट सकता है।

करीमगंज की इस स्थिति ने राजधानी लखनऊ के विकास के दावों पर भी बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। जहां सरकार और निगम शहर को स्मार्ट सिटी बनाने का दावा करते हैं, वहीं हकीकत यह है कि राजधानी के बीचों-बीच बसे क्षेत्र आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि अब समय आ गया है जब नगर निगम को केवल घोषणाओं और कागजी योजनाओं से आगे बढ़कर ठोस कदम उठाने होंगे। जलभराव से निजात दिलाने के लिए नालियों की समय पर सफाई, जलनिकासी की आधुनिक व्यवस्था और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करनी होगी। लोगों की यह भी मांग है कि नगर निगम जोन-6 के अधिकारियों और क्षेत्रीय पार्षद से जवाब तलब किया जाए ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न हो। फिलहाल, अम्बरगंज वाल्ड का करीमगंज इलाका एक गंभीर समस्या से जूझ रहा है और नागरिक उम्मीद लगाए बैठे हैं कि नगर निगम और प्रशासन जल्द से जल्द राहत पहुंचाएगा।

# जनता की शिकायतों के निस्तारण के लिए सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

**महमूदाबाद तहसील में मा0 विधायिका, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर (ब्यूरो) । जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील महमूदाबाद में मा0 विधायिका महमूदाबाद आशा मौर्या, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आई0 जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। महमूदाबाद में सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान माननीय विधायिका महमूदाबाद आशा मौर्या, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा कृषकों अमृतलाल ग्राम रघुवीरपुरवा, केदारलाल ग्राम अल्लीपुर, प्रेम प्रकाश वर्मा ग्राम अल्लीपर, रामनाथ ग्राम कंादीचंदपुर, मो0 नसीम ग्राम मोतीपुर, शाहिद अली ग्राम मोतीपुर तथा शिवबालक ग्राम मोतीपुर को सरसों के निःशुल्क मिनीकिट का वितरण किया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी महमूदाबाद बालकृष्ण सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

तहसील महमूदाबाद में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 53 शिकायतों में से 06 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील मिश्रिख में प्राप्त 39 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील लहरपुर में प्राप्त 24 प्रार्थना पत्रों में से 03, तहसील महोली में प्राप्त 29 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील सदर में प्राप्त 09 प्रार्थना पत्रों में से 03, तहसील बिसवां में प्राप्त 08 प्रार्थना पत्रों में से 02, तहसील सिधौली में प्राप्त 63 प्रार्थना-पत्रों में से 07 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

सम्पूर्ण समाधान के दिवस के उपरान्त दिनांक-05 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2025 तक आयोजित होने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान का शुभारम्भ मा0 विधायिका महमूदाबाद आशा मौर्या द्वारा प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। यह प्रचार वाहन आमजनमानस में जागरूकता फैलाने का कार्य करेगा।

इस दौरान जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार उपस्थित रहे।

## भरत मिलाप कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब, राम, भरत का मिलन देख भावुक हुए लोग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**बरबस लिए उठाइ उर लाए कृपा निधान**

**भरत राम की मिलनि लखि बिसरे सबहि अपान**

**अर्थात कृपा के निधान श्री रामचंद्र जी ने भरत जी को जबरदस्ती उठाकर हृदय से लगा लिया भरत और राम के इस मिलन को देखकर सभी को अपनी सुध–बुध भूल गई**

खैराबाद । विगत वर्षों की भांति बीती रात खैराबाद विश्व मार्ग पर रामनारायण बाजार के निकट दो अलग-अलग दिशाओं से आते हुए राम तथा भरत का मिलन देखकर के उपस्थित जनमानस काफी भावुक हो उठा। ज्योहि भ्राता भरत राम जी के चरणों में आकर गिर पड़े राम जी ने जबरदस्ती उठाकर भारत जी को हृदय से लगा लिया। भारत तथा रामकेश मिलन को देखकर सभी अपनी सुध बुध भूल गए। चारों दिशाओं से भगवान राम की जय भ्राता भरत की जय से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा? इस अवसर पर श्रद्धालुओं के द्वारा आतिशबाजी करके खुशी मनाई गई। कनखल हरिद्वार से उपस्थित हुए कटरा संगत के महंत स्वामी दामोदर शरण दास की उपस्थिति में संत महात्माओं पालिका अध्यक्ष श्रीमती बेबी गुप्ता समाजसेवी तथा अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्त भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश त्रिपाठी सहित उपस्थित जनमानस ने राम दरबार सजाया तथा राम दरबार की आरती श्रद्धालुओं के द्वारा उतारी गई। इस अवसर पर कटरा संगत के महंत स्वामी दामोदर दास ने कहा कि भरत तथा राम का मिलन भक्त और भगवान का मिलन है भगवान राम का त्याग तथा भरत का निः स्वार्थ प्रेम प्रभु के प्रति समर्पित भाव यहीं मिलन वास्तव में प्रेम की पराकाष्ठा का मिलन है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के द्वारा खुशी मनाकर आतिशबाजी की गई तथा पुष्पों की वर्षा की गई । इस अवसर सभासद उमेश जायसवाल आर जे जे एजुकेशन पॉइंट प्रबंधक कुलदीप जायसवाल अजय शुक्ला प्रशांत शुक्ला रजत टंडन आलोक बाजपेई अंकित गुप्ता सुशील शुक्ला मनीषकटियार वीरू गुप्ताप्रहलाद कष्ट शास्त्री पुनीत सिंह सहित श्रद्धालु मौके पर मौजूद थे।

## भुगतान होते ही धंस व टूट गई इंटरलाकिंग बारिश का एक भी झोंका न सह सका मार्ग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**क्षेत्र सकरन के इंटरलाकिंग, पंचायत भवन चहारदीवारी निर्माण कार्य में ग्राम प्रधान के द्वारा खूब की गई लूट,आखिर मानकविहीन काम करवाने वाले को किसने दी छूट**

सकरन /सीतापुर ।क्षेत्र की ग्राम पंचायत शाहपुर बनी सरकारी धन के लूट का अड्डा जिसके मुखिया बने ग्राम प्रधान व पूर्व पंचायत सचिव ने अपनी जेबें भरने के लिए प्रशासन की आँखों में धूल झोंकते हुए करवा डाले मानक विहीन कार्य जो निर्माण होते ही चंद दिनों में ही चिल्ला चिल्लाकर देने लगे भ्रष्टाचार की गवाही। धनलोलुप ग्राम प्रधान ने एक तरफ ग्रामवासियों को कीचड़ में निकलने को मजबूर तो किया ही साथ ही अपने घर को जाने वाले मार्ग पर निज हित के लिए लगवा डाली लाखों रुपयों की इंटरलाकिंग पर इस कार्य में भी मानकों को ताक पर रखते हुए नाममात्र की रोड़ी बालू के बगैर सीमेंट मौरंग प्रयोग से ही करवा डाला निर्माण जो सीजन की पहली ही बारिश में हो गई धाराशाई इसी तरीके से ग्राम पंचायत के सचिवालय में बनवाई गई बगैर नींव व एस्टीमेट के आधार को ताक पर रखते हुए कम लम्बाई चौड़ाई की बनवा डाली चहारदीवारी फिर भी जिम्मेदार अधिकारी मौन,ऐसे ही ग्राम पंचायत में हैंडपम्प बगैर रिबोर व मरम्मत कराए ही बड़ी रकम निकाल ली गई आखिर ऐसे मानक विहीन कार्यो की जाँच उपरांत ग्राम प्रधान पर कार्यवाही करेगा कौन? एक यक्ष प्रश्न बनकर रह गया है। इस विषय पर जब प्रधान सत्यनारायण मौर्या से बात की गई तो बताया कि पक्का घूरा व आर आर सेंटर पंचायत सचिव ने बनवाया था और पंचायत भवन की बॉउंड्री हमने बनवाई है मानक वगैरा हम नहीं जानते हैं पेमेंट तो बीडीओ को करना ही पड़ेगा।

धंस चुकी मानक विहीन इंटरलाकिंग मामले में जब जे ई सुभाष चंद्र से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कार्य मानक विहीन कराया गया था जिसकी एमवी हमने रोक दी थी लेकिन सहायक जेई आनंद के द्वारा एम वी कर दी गई थी व भुगतान भी कर दिया गया था।

## बालिकाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण हेतु सीतापुर पुलिस ने स्कूलों में चलाई जागरूकता मुहिम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत जनपद के विभिन्न थानों की मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा स्कूलों में की गयी गोष्ठी कर**

**हेल्पलाइन नंबरो/योजनाओं के विषय में किया जागरुक**

सीतापुर (ब्यूरो) । पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा मिशन शक्ति अभियान फ़ेज 5.0 के तहत जनपदीय पुलिस को सक्रिय भागीदारी कर महिलाओं को जागरुक करने, उनके सशक्तिकरण एवम् सुरक्षा हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं।

दिये गये निर्देशों के अनुपालन के क्रम में आज दिनांक 04.10.2025 को जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न थानाक्षेत्रों में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत विभिन्न स्कूलों/विद्यालयों में जाकर गोष्ठी कर हेल्पलाइन नम्बरों/योजनाओं के विषय में जागरुक किया गया है । थाना रामपुर कलां पुलिस द्वारा मुन्ना लाल इन्टर कालेज में गोष्ठी की गयी इस दौरान 50 छात्राओं से संवाद कर हेल्पलाइन नम्बरो के विषय में जानकारी दी गयी । थाना लहरपुर पुलिस द्वारा सरस्वती इंटर कालेज में गोष्ठी की गयी इस दौरान कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना व घरेलू हिंसा के बारे में भी जागृत किया गया । थाना थानगांव पुलिस द्वारा गौरी शंकर मिश्र इंटर कॉलेज मिश्रनपुरवा में गोष्ठी की गयी इस दौरान कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, कौशल विकास योजना आदि के विषय में जानकारी दी गयी थाना कोतवाली नगर एंटी रोमियो टीम द्वारा मुन्सिपल इन्टर कालेज में गोष्ठी की गयी इस दौरान विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, प्रधान मंत्री जीवन ज्योति योजना आदि के विषय में जानकारी दी गयी । थाना संदना पुलिस द्वारा आदर्श कन्या जूनियर हाई स्कूल में गोष्ठी की गयी इस दौरान कन्या सुमंगला योजना, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, सामूहिक विवाह विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। थाना खैराबाद पुलिस द्वारा नवोदय विद्यालय अर्जुनपुर खैराबाद में गोष्ठी की गयी इस दौरान विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारें जानकारी दी गयी । थाना महमूदाबाद पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत एम.एस.डी. इण्टर कॉलेज बाबाकुटी में गोष्ठी की गयी । थाना कमलापुर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत विद्याज्ञान स्कूल सुरेचा में ।

# शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण करें अफसर : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में तहसील मितौली के सभागार में ''संपूर्ण समाधान दिवस'' आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीएम ने एसपी संकल्प शर्मा व अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व राज्यसभा सांसद जुगुल किशोर मौजूद रहे। जनसुनवाई के दौरान डीएम व एसपी ने अन्य अधिकारियों के साथ प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया और स्पष्ट निर्देश दिए कि जनशिकायतों की निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अधिकारियों से कहा कि शासन की प्राथमिकताओं में जनसमस्याओं का समाधान सर्वोपरि है। गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की समस्याओं का संवेदनशीलता से तुरंत समाधान करते हुए उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए संतोषजनक निस्तारण करें और भूमि विवादों में राजस्व-पुलिस की संयुक्त टीम तत्काल कार्यवाही करे। उन्होंने दो टूक कहा कि किसी भी स्तर की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

इस समाधान दिवस में कुल 55 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत हुए, जिनमें से 09 का मौके पर निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 30, आपूर्ति की 15, पुलिस विभाग की 04, विद्युत और विकास विभाग की 03-03 शिकायतें शामिल रहीं। सभी प्रार्थना पत्रों को पृष्ठांकित कर संबंधित विभागों को शीघ्र निस्तारण हेतु सौंपा गया। इस दौरान पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, डीसी मनरेगा अमित सिंह परिहार, एसडीएम मधुसूदन गुप्ता, एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी, सीओ जितेंद्र सिंह परिहार सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## सड़कों पर बुलेट बाइक भर रही फर्राटा, बढ़ रहा ध्वनि प्रदूषण

लखीमपुर खीरी । जनपद के कस्बा सिंगाही की सड़कों पर तेज आवाज साइलेंसर वाली बुलेट माडिफाइड बाइक का आतंक काफी बढ़ता जा रहा है। बाइक की कानफाड़ आवाज और आंखें चौंधिया देने वाली रोशनी से राहगीरों और वाहन चालकों की परेशानी लगातार बढ़ रही है ?, लेकिन थाना सिंगाही पुलिस और परिवहन विभाग इस ओर कोई ठोस कार्रवाई करते नजर नहीं आ रहें हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन बाइक्स की तेज़ आवाज़ से खासकर बुजुर्ग और बच्चे दहशत में रहते हैं। अचानक आने वाली बुलेट की आवाज से लोग घबरा जाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सायलेंर की आवाज से बच्चों और बुजुर्गों में दहशत फैल जाती है। पुलिस को इस पर सख्ती से कार्रवाई करनी चाहिए, लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा। बता दें कि मोटर वाहन अधिनियम के अनुसार वाहनों में इस तरह के बदलाव करना अवैध है। इसके बावजूद कस्बा सिंगाही की सड़कों पर ऐसे वाहन धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं।नगर वासियों का कहना है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो किसी दिन बड़ा हादसा होना तय है।



### महिला शक्ति टीम द्वारा, ग्राम झाला उदारा में महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक किया गया

लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता । पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक थाना शारदानगर के नेतृत्व में आज दिनांक– 04.10.2025 को थाना शारदानगर की महिला शक्ति टीम द्वारा, ग्राम झाला उदारा में मिशन शक्ति अभियान चलाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सशक्तिकरण, सम्मान व बच्चो की सुरक्षा के उद्देश्य से जागरूक करते हुये अपराधों से उनकी सुरक्षा और उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रमुख कानूनो एंव गरिमा के विरूद्ध प्रमुख अपराधों का जानकारी देते हुये विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नम्बरो के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।

### गांव में कैंप लगा कर नि:शुल्क दवा का किया गया वितरण

बेहटा,सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । ब्लॉक बेहटा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बडरिया मजरा केवटना में कैंप लगाकर लोगों को वितरित की गई नि:शुल्क दवाइयां कैंप का आयोजन विश्व हिन्दू परिषद के खंड उपाध्यक्ष सत्य सागर तिवारी के आवास पर हुआ यहां चिकित्सकों के द्वारा 232 मरीजों को देखा गया साथ ही नि:शुल्क दवावों का वितरण किया गया गंभीर रूप से ग्रसित मरीजों को इलाज के लिए सुझाव दिया गया लखनऊ हॉस्पिटल के संचालक सौरभ द्विवेदी ने बताया कि यह क्षेत्र बाढ़ से ग्रसित है संक्रमण फैलने की आशंका बनी है जिसमें बुखार खांसी पेट दर्द तथा चर्म रोग से संबंधित दवाएं नि:शुल्क दी गईं आगे भी गांव में कैंप लगाने की बात कही।

### थाना निघासन पुलिस द्वारा, गैंगस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित 04 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता । पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी निघासन के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक थाना निघासन के नेतृत्व में थाना निघासन पुलिस द्वारा, थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 280/25 धारा 2(थ)(द्व)/3 यू0पी0 गैंगस्टर एक्ट में वांछित 04 नफर अभियुक्तों 1.अरून पुत्र अखिलेश 2.दिलेराम पुत्र मुन्नालाल 3.ओमवीर पुत्र मुनेश 4.अक्षय पुत्र मेलाराम सर्व निवासीगण ग्राम खैरहनी थाना निघासन जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय भेजा गया।

### बरतेर विद्यालय में निरीक्षण में नहीं मिला एक भी शिक्षक बीएसए ने कराई प्रार्थना

लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता । विकासखंड मितौली के बरतेर गांव में बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी का हुआ औचक निरीक्षण, जहां पर सभी शिक्षक गैर हाजिर मिले और शिक्षकों की अनुपस्थिति में बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को प्रार्थना करवाई शिक्षकों की गैरहाजिरी पर फूटा गुस्सा पूरे विभाग में मचा हड़कंप मितौली और बेहजम क्षेत्र के स्कूलों में बीएसए की सघन जांच अनुपस्थित शिक्षकों पर गिरी गाज, जारी हुए स्पष्टीकरण नोटिस ।

**मिशन शक्ति 5.0 : मितौली में 'स्वावलंबन कैंप' मेगा इवेंट :**

# महिलाओं की भीड़, योजनाओं की झड़ी, खुशियों की लहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर खीरी । मिशन शक्ति 5.0 के तहत शनिवार को तहसील मितौली में नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को समर्पित मेगा इवेंट 'स्वावलंबन कैंप' का आयोजन हुआ। कैंप में महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी। महिलाओं को योजनाओं की जानकारी देने के लिए स्टॉल लगाए गए। केंद्र व प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी महिलापरक योजनाओं से जुड़े विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर आवेदन भी प्राप्त किए। कार्यक्रम का संयोजन एसडीएम मधुसूदन गुप्ता और डीपीओ लवकुश भार्गव ने किया। इस ''स्वावलंबन मेगा इवेंट'' कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, पूर्व राज्यसभा सांसद जुगुल किशोर, ब्लॉक प्रमुख (बेहजम) बीना राज, प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धार्वे ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके बाद लगाए स्टालों का अवलोकन किया। पांच गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं पांच छह माह के शिशुओं का खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार किया।

योजनाओं के लाभार्थियों को मिली किट, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां सम्मानित

इसके बाद मंच से डीएम, एसपी और पूर्व राज्यसभा सांसद जुगुल किशोर और प्रमुख बीना राज ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, निराश्रित महिला पेंशन, वृद्ध महिला पेंशन और राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के करीब 100 लाभार्थियों को ''मिशन शक्ति सीएसआर किट'' प्रदान की। लाभ पाकर महिलाओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। इसी के साथ पांच बेहतर कामकाज करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्मानित किया। वही 93 स्वयं सहायता समूहों को 1.84 करोड़ का सीसीएल का डेमो चेक प्रदान किया। इस किट में मच्छरदानी, छाता, पानी बोतल, दो पैकेट सेनेटरी नैपकिन, टॉर्च मय बैट्री शामिल हैं।

डीएम-एसपी ने दिया सशक्तिकरण का संदेश डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि सरकार की योजनाएं महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के उद्देश्य से चलाई जा रही हैं। जरूरत इस बात की है कि महिलाएं आगे आकर इन योजनाओं का लाभ लें और खुद को समाज में सशक्त बनाएं। एसपी संकल्प शर्मा ने महिलाओं को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए कहा कि पुलिस हमेशा उनके साथ खड़ी है। महिलाओं की तरक्की ही समाज की असली प्रगति-जुगल किशोर : पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर ने कहा कि महिलाओं की तरक्की ही समाज की असली प्रगति है। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति जैसी पहलें महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में मील का पत्थर साबित होंगी। सुबह से उमड़ी महिलाओं की भीड़, योजनाओं के स्टॉल पर लगी लंबी कतारें सुबह से ही गांव-गांव से महिलाएं कैंप में पहुंचना शुरू हो गई थीं। कैंप स्थल पर महिला कल्याण, बाल विकास, स्वास्थ्य, समाज कल्याण और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, श्रम विभाग के स्टॉल लगाए गए थे। महिलाएं विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेकर मौके पर ही पंजीकरण कराती रहीं। कई महिलाओं ने बताया कि उन्हें पहली बार एक ही स्थान पर इतनी सारी योजनाओं की जानकारी मिली। इनकी रही मौजूदगी : इस दौरान पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, डीसी मनरेगा अमित सिंह परिहार, एसडीएम मधुसूदन गुप्ता, एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी, सीओ जितेंद्र सिंह परिहार सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# मलेरिया, डेंगू से बचाव के लिए साफ-सफाई एवं एंटी लारवा दवाओं का करें छिड़काव : जिलाधिकारी

**विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 5 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तथा दस्तक अभियान 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर की तैयारियों के संबंध में जनपद स्तरीय अंतर्विभागीय समीक्षा बैठक**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुरादाबाद । जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार शाम को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 5 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तथा दस्तक अभियान 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर की तैयारियों के संबंध में जनपद स्तरीय अंतर्विभागीय समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायतों में मलेरिया, डेंगू सहित अन्य संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए व्यापक स्तर पर साफ-सफाई एवं एंटी लारवा दवाओं के छिड़काव में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।बैठक में डीएम ने विशेष तौर पर जिन ग्राम पंचायतों में मलेरिया सहित अन्य संक्रामक बीमारियों के अधिक मामले आ रहे हैं उनमें प्राथमिकता के साथ साफ सफाई एवं अन्य जरूरी कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत में गठित समितियों की बैठक भी खंड विकास अधिकारी अनिवार्य रूप से कराएं ताकि ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव, लेखपाल, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा, एएनएम आदि सभी कर्मचारियों को स्वास्थ्य और स्वच्छता से संबंधित जिम्मेदारियां पता रहें।नगर पालिका और नगर पंचायतों में भी उन्होंने साफ-सफाई को लेकर विशेष गंभीरता बरतने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकाय क्षेत्रों में प्रमुख चौराहे एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर कूड़े के ढेर नहीं दिखने चाहिए तथा नालियों की सफाई और एंटी लारवा दवाइयों का छिड़काव भी गंभीरता पूर्वक कराया जाए ताकि संचारी रोगों पर प्रभावी ढंग से नियंत्रण हो सके। उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारी और अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए की निरीक्षण के दौरान यदि लापरवाही की पुष्टि होती है तो जिम्मेदारी तय करते हुए सख्त कार्रवाई होगी।प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को सभी स्वास्थ्य सेवाएं दुरुस्त बनाए रखने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि मरीजों को अनावश्यक किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। साथ ही स्वास्थ्य केंद्र पर मौजूद सभी संसाधनों का भरपूर उपयोग करते हुए बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करने में किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## दो मुस्लिम युवकों ने अपनाया सनातन धर्म, कहा-अब नहीं रखेंगे परिवार से कोई नाता

**अयोध्या।** जनपद के सोहावल क्षेत्र से एक बड़ा धर्मांतरण मामला सामने आया है। यहां के दो मुस्लिम युवकों ने सनातन धर्म को अपनाकर न केवल अपने नाम बदल लिए, बल्कि अपने परिवार से सभी प्रकार के सम्बंध भी तोड़ दिए हैं। युवकों ने यह निर्णय पूर्ण श्रद्धा, आस्था और मानसिक शांति की प्राप्ति के उद्देश्य से लिया है।धर्म परिवर्तन करने वालों में पहला युवक अरशद सिद्दीकी पुत्र मोहम्मद अख्तर सिद्दीकी है, जिसने अब अपना नया नाम राकेश मौर्य रख लिया है। दूसरे युवक मोनू, पुत्र उस्मान ने अपना नाम बदलकर मनीष रख लिया है। दोनों युवकों की ओर से यह मामला सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी अयोध्या के समक्ष प्रस्तुत किया गया। आवेदन पत्र भरत हनुमान मिलन मंदिर के महंत परमात्मा दास और बजरंग दल के मंत्री लालजी शर्मा द्वारा सौंपा गया। बताया गया कि दोनों युवक संत प्रेमानंद जी महाराज के प्रवचनों से प्रभावित हुए, जिसके चलते उन्होंने आत्ममंथन के बाद धर्म परिवर्तन का फैसला लिया।युवकों ने कहा कि उन्होंने अब पूरी तरह से सनातन परम्परा और हिंदू संस्कृति को अपनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि अब वे अपने मूल परिवार से किसी भी प्रकार का सम्बंध नहीं रखेंगे।

## गैर समुदाय के युवक ने छात्रा से छेड़छाड़ कर रिपोर्ट वापस लेने का बनाया दबाव, पुलिस ने शुरू की कार्रवाई

**अनूपशहर।** गैर समुदाय के युवक द्वारा छात्रा के साथ पुरानी रिपोर्ट वापस लेने के लिए छेड़छाड़ कर दवाब बनाया। एसएसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया। एक महिला ने एसएसपी को पत्र देकर अवगत कराया है, कि उसकी पुत्री रामस्वरूप आर्य कन्या इंटर कालेज में कक्षा 12 की छात्रा है। वह कालेज पढ़ने जाती है, तब रास्ते में मुस्तकीम पुत्र अजीज ने उसकी बेटी के साथ छेड़छाड़ कर जान से मारने की धमकी दी तथा पूर्व में उसके भाई अली हसन पुत्र अजीज निवासी मुहल्ला गदियाना के विरुद्ध दर्ज मुकदमा को वापस लेने की धमकी दी। उसकी बात ना मानने पर शहर छुड़ा देने की धमकी भी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## कवि सम्मेलन 6 अक्टूबर को

**अनूपशहर।** हिंदी साहित्य परिषद के तत्वाधान में 6 अक्टूबर को विराट कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। महाकवि सेनापति की स्मृति में हिंदी साहित्य परिषद द्वारा 73 वां विराट कवि सम्मेलन सोमवार को रात्रि गांधी मंडी में किया जाएगा। जिसमें सिकंदराराऊ से डा. विष्णु सक्सेना, दिल्ली से मनवीर मधुर, आगरा से डा. रुचि चतुर्वेदी, मध्य प्रदेश से डा. पंकज प्रसून, औरैया से अजय अंजाम, अलीगढ़ से मणि मधुकर, बाराबंकी से प्रमोद पंकज आदि कवियों के आने की सहमति मिल गई है। हिंदी साहित्य परिषद के अध्यक्ष डा. आलोक गोविल ने बताया कि अन्य कवियों से भी संपर्क किया जा रहा है।

## संपूर्ण समाधान दिवस में मात्र एक समस्या का समाधान

**अनूपशहर।** संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम प्रशासन पीके पांडे ने समस्याओं की सुनवाई की।शनिवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एडीएम प्रशासन प्रमोद कुमार पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस मौके पर राजस्व, विद्युत, पुलिस, सिंचाई, नगर पालिका, पीडब्ल्यूडी, ब्लॉक, आपूर्ति, समाज कल्याण आदि विभागों से संबंधित 11 शिकायती पत्र प्रस्तुत किए गए। जिसमें मौके पर मात्र 1 समस्या का निस्तारण किया गया। सबसे ज्यादा शिकायत पुलिस प्रशासन की रही। एडीएम प्रशासन प्रमोद कुमार पांडे ने सभी शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को देते हुए शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम प्रियंका गोयल, तहसीलदार संजय कुमार, नायब तहसीलदार खुशबू सिंह, बीडीओ मनीष मिश्रा, पालिका ईओ गार्गी त्यागी, खंड शिक्षा अधिकारी दीपक कुमार, एसडीओ शैलेंद्र सारस्वत सहित तहसील स्तर के अधिकारी मौजूद रहे।

## समाजवादी पार्टी के सांसद आदित्य यादव आज करेंगे बदायूं दौरा

**सम्भल बदायूं।** समाजवादी पार्टी के बदायूं लोकसभा क्षेत्र से सांसद मा. आदित्य यादव रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। कार्यक्रम के अनुसार सांसद आदित्य यादव प्रातः 10 बजे विधानसभा क्षेत्र गुन्नौर में आयोजित घ्क्ष साइकिल यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यह यात्रा बबराला चौराहे से प्रारंभ होकर पेंठ बाजार रजपुरा तक जाएगी।साइकिल यात्रा में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं व नेताओं के शामिल होने की संभावना है। इसके बाद सांसद आदित्य यादव क्षेत्र का भ्रमण करेंगे और विभिन्न राजनीतिक एवं निजी कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इस दौरे को लेकर समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। पार्टी नेताओं ने तैयारियां पूरी कर ली हैं और जगह-जगह स्वागत की व्यवस्था की जा रही है।

# रामलीला महोत्सव का भव्य समापन, श्रीराम के राज्याभिषेक संग 'जय श्रीराम' के नारों से गूंज उठा नगर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बबराला। नगर में चल रहे रामलीला महोत्सव का भव्य समापन शुक्रवार की रात्रि प्रभु श्रीरामचन्द्रजी के राज्याभिषेक के साथ हुआ। चौदह दिनों तक चले इस धार्मिक उत्सव के अंतिम दिन श्रद्धा, भक्ति और भावनाओं का अनोखा संगम देखने को मिला। मंचन के दौरान पूरे पंडाल में 'जय श्रीराम' के जयकारे गूंज उठे और वातावरण भक्तिमय बन गया।राज्याभिषेक के पश्चात कलाकारों ने श्याम सगाई एवं ब्रज की प्रसिद्ध फूलों की होली का मनोहारी मंचन किया। रंग-बिरंगे पुष्पों की वर्षा और उल्लासपूर्ण वातावरण ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हर तरफ भक्ति और उत्साह का माहौल रहा।20 सितंबर से प्रारंभ हुआ यह रामलीला महोत्सव धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक समरसता का प्रतीक बनकर उभरा। राष्ट्रीय स्वयंसेविका समिति की मातृशक्ति ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मंचन से पूर्व प्रस्तुत रामवंदना और हनुमानवंदना ने पूरे पंडाल को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। समापन अवसर पर समिति की ओर से नगर पंचायत अध्यक्ष हर्षवर्धन वार्ष्णेय, पत्रकार बंधुओं, श्रीकृष्ण लीला संस्थान वृंदावन के प्रतिनिधियों सहित मंचन एवं व्यवस्थाओं में सहयोग देने वाले सभी सहयोगियों को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। समिति पदाधिकारियों ने सभी के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन संजीव वर्मा और सुधीर वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर अनिल गुप्ता मेडिकल, डिम्पल वार्ष्णेय, शुभम वार्ष्णेय, निशांत गुप्ता मंकित, आकाश मेडिकल सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतिम दृश्य के बाद पूरा पंडाल 'जय श्रीराम' के नारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित किए और आतिशबाजी कर प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक का उल्लास मनाया। भक्ति, अनुशासन और सौहार्द से ओत-प्रोत यह रामलीला महोत्सव नगर की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सफल रहा।

## दरोगा पर मारपीट कर युवक का सिर फोड़ने का आरोप, वीडियो वायरल

औरैया । उत्तर प्रदेश के औरैया जिले के कुदरकोट के मोहल्ला होरी निवासी लवकुश कश्यप ने स्थानीय पुलिस के दरोगा रामबाबू पर मारपीट कर सिर फोड़ने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि दरोगा ने उन्हें मारापीटा, गालियां दीं और धमकाते हुए भगा दिया।पीड़ित के मुताबिक, दरोगा रामबाबू ने उनसे पूछा कि वह रामलीला कमेटी में क्यों जाते हैं और फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी। लवकुश कश्यप ने कहा कि वह स्वयं भी कमेटी के सदस्य हैं। घटना के बाद घायल लवकुश का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

# महिला सशक्तिकरण का संदेश देने के लिए एक दिन की डीएम बनी सलोनी

**आमजन की समस्याओं को सुनकर दिए निस्तारण के निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत महिलाओं को सशक्त स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने का कार्य शासन के निर्देशों के क्रम में जनपद में किया जा रहा है। शनिवार को लालपुल के निकट नाहर खाँ सराय निवासी राजाराम महिला इण्टर कॉलेज की कक्षा 11 की कॉमर्स की छात्रा 14 वर्षीय सलोनी एक दिन की जिलाधिकारी बनी। संपूर्ण समाधान दिवस में उन्होंने आमजन की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना व उनके गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए। तहसील सदर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए ज्वाला प्रसाद व मंजूदेवी की पुत्री सलोनी ने शनिवार को अधिकारियों से आमजन की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनने व उनका गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करने के लिए कहा। इस अवसर पर मिशन शक्ति 5.0 के प्रचार प्रचार संबंधी पंपलेट का विमोचन भी किया गया।संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर चकरोड पर से अवैध कब्जा हटवाने, भूमि पर से कब्जा हटवाने, आवास की मांग, भूमि की पैमाइश कराने, राशन कार्ड में यूनिट बढ़वाने, बड़े हुए बिजली के बिल को ठीक कराने सहित विभिन्न विभागों से सम्बंधित कुल 42 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 07 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए गए।इस अवसर पर प्रभारी जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## साइबर अपराध के प्रति महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक

**गुन्नौर।** महिला सुरक्षा एवं जागरूकता के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत गुन्नौर कोतवाली नगर क्षेत्र में पुलिस टीम द्वारा जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस क्रम में मिशन शक्ति प्रभारी उपनिरीक्षक अर्पणा बंसल एवं उपनिरीक्षक नीलम अपनी टीम के साथ मॉर्डन पब्लिक स्कूल तथा क्षेत्र के गांव पूठरी पहुंचीं, जहां पर उन्होंने ग्रामीण महिलाओं, छात्राओं एवं बालिकाओं को साइबर अपराधों से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी।कार्यक्रम के दौरान उपनिरीक्षक अर्पणा बंसल ने कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। अनजान कॉल, फर्जी लिंक, बैंक संबंधी जानकारी साझा करना, सोशल मीडिया पर अनजाने व्यक्तियों से बातचीत या फोटो शेयर करना जैसी गलतियां ठगी का कारण बन सकती हैं। उन्होंने छात्राओं से कहा कि यदि कोई व्यक्ति ऑनलाइन परेशान करता है या अनुचित संदेश भेजता है, तो उसकी शिकायत तुरंत महिला हेल्पलाइन 1090 या साइबर हेल्पलाइन 1930 पर करें।उपनिरीक्षक नीलम ने उपस्थित छात्राओं को बताया कि साइबर सुरक्षा के लिए सतर्क रहना सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने महिलाओं से कहा कि मोबाइल या सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते समय अपनी निजी जानकारी किसी के साथ साझा न करें और हमेशा सुरक्षा सेटिंग्स को मजबूत रखें। पुलिस टीम ने मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जुड़ी सरकारी योजनाओं की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार और पुलिस विभाग लगातार महिलाओं को आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाने के लिए विभिन्न अभियान चला रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों, छात्राओं, ग्रामीण महिलाओं व पुलिस टीम के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मिशन शक्ति टीम ने सभी को जागरूक रहने और दूसरों को भी जागरूक करने की शपथ दिलाई।

# आशुतोष चन्दोला बने सहायक निदेशक सूचना

**आशुतोष चन्दोला गत दो वर्षों से बदायूं में जिला सूचना अधिकारी पद पर सेवाएँ दे रहे हैं। इससे पूर्व वह बिजनौर, मेरठ, सहारनपुर एवं शामली जनपदों में भी अपनी कार्यकुशलता का परिचय दे चुके**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। शासन स्तर पर माह सितंबर 2025 के तृतीय सप्ताह के मध्य में आयोजित विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक में जिला सूचना अधिकारी बदायूँ आशुतोष चन्दोला को सहायक निदेशक सूचना पद पर पदोन्नत किया गया है। शासन द्वारा जारी पदोन्नति आदेश शुक्रवार को उन्हें प्राप्त हुआ।

आशुतोष चन्दोला गत दो वर्षों से बदायूं में जिला सूचना अधिकारी पद पर सेवाएँ दे रहे हैं। इससे पूर्व वह बिजनौर, मेरठ, सहारनपुर एवं शामली जनपदों में भी अपनी कार्यकुशलता का परिचय दे चुके हैं। वे एक कर्मठ, ईमानदार एवं निष्ठावान अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं।बदायूं में जिला सूचना अधिकारी रहते हुए आशुतोष चन्दोला ने विभागीय दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। लोकसभा निर्वाचन, मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्रीगणों व जनप्रतिनिधियों, आयोग सदस्यों के आगमन, महत्वपूर्ण बैठकों एवं प्रशासनिक स्तर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सूचना विभाग की भूमिका को उन्होंने प्रभावी ढंग से निभाया।मीडिया से उत्कृष्ट समन्वय और संवाद स्थापित करने में उनकी विशेष पहचान रही है। इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकारों तथा छायाकारों ने आशुतोष चन्दोला को सहायक निदेशक सूचना पद पर पदोन्नत होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी है।

# 100 वृद्धजनों को शिविर में वितरित किए वॉकिगं स्टिक एवं वॉकर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामेश्वर मिश्रा की अध्यक्ष्यता में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0 के तत्वाधान में राष्ट्रीय वृद्धा स्वास्थ्य देखभाल कार्यकम के अन्तर्गत इंटरनेशनल डे ऑफ ओल्डर पर्सन के अवसर पर चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय पुरूष में शुक्रवार को किया गया। मुख्य अतिथि व जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा उपस्थित 100 वृद्धजनों को वॉकिगं स्टिक एवं वॉकर वितरित किए गए।मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा वृद्धजनों के प्रति सम्मान एवं उचित व्यवहार करने हेतु सलाह दी गयी और यह कहा कि वृद्धावस्था एक ऐसी स्थिति है जोकि सभी के जीवन में आनी है और इसका सामना सभी को करना है। वृद्धजनों को उचित देखभाल के साथ-साथ उनके साथ अधिक से अधिक समय बिताने एवं उनको सुननें और समझनें की अवश्यकता है।शिविर में वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें हड्डी रोग, मधुमेह, कान, नाक, गला एवं नेत्ररोग, बीपी, दंतरोग आदि बीमारियों से ग्रस्त वृद्धजनों को औषधि का वितरण किया गया। चिकित्सकों द्वारा वृद्धावस्थ्या में आने वाले शारीरिक परिवर्तनों एवं कमजोरियों के बारे में बताया गया एवं रक्तचाप, दमा, मधुमेह, स्ट्रोक, अलजाइमर, टी0बी0, कब्ज, अवसाद, हृदयरोग आदि बीमारियां होने के कारण वे और कमजोर हो जाते हैं एवं चलने फिरने में बहुत कठिनाई आती है।सही समय पर चिकित्सा परीक्षण एवं उपचार के माध्यम से अधिक उम्र वाले बृद्धजनों की स्वास्थ्य की देखभाल की जा सकती है और उनके जीवन को आसान बनाया जा सकता है। उत्तर प्रदेश राजकीय सिविल पेंशन परिषद के अध्यक्ष प्यारे सिंह द्वारा कविता सुनाकर दूर-दराज से आये वृद्धजनों का मनोरंजन करते हुए यह सीख दी कि शरीर बूढा हो सकता है, पर मन से हमे बूढा नहीं होना चाहिए।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला चिकित्सालय (पुरूष) डॉ0 अमित वार्ष्णेय, डा0 निरंजन सिंह, डॉ0 वागीस वार्ष्णेय, डॉ0 चकेश गुप्ता, डॉ0 स्वतंत्रपाल सिंह, डॉ0 आरती मौजूद रहे।

## महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित

बदायूँ। प्रभारी जिलाधिकारी ने महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर 07 अक्टूबर 2025 (मंगलवार) को निर्बन्धित अवकाश के स्थान पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। यह अवकाश निगोशिएबुल इन्स्ट्रमेन्ट एक्ट 1881 के अधीन नहीं होगा।उन्होंने बताया कि शासन की विज्ञप्ति 04 अक्टूबर 25 के अनुपालन में जनपद में 07 अक्टूबर 2025 (मंगलवार) को महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर पूर्व घोषित निर्बन्धित अवकाश के स्थान पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। सार्वजनिक अवकाश तालिका वर्ष 2025 इस स्तर तक संशोधित समझी जाये।

## पत्नी प्रेमी के साथ फरार, तीन बच्चों संग दर-दर भटक रहा पति पुलिस पर लगाई अनदेखी की आरोप

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के हलोर गांव निवासी अंशु नाई की पत्नी एक युवक के साथ घर छोड़कर फरार हो गई है।



आरोप है कि महिला अपने तीन छोटे बच्चों को छोड़कर प्रेमी संग भाग गई और अब अपने पति को मोबाइल फोन पर जान से मारने की धमकी दे रही है। पीड़ित पति अंशु नाई ने बताया कि उसने कई बार स्थानीय कोतवाली में शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस पुलिसिया अनदेखी से परेशान अंशु अब न्याय की गुहार लेकर तहसील दिवस में अपने तीन मासूम बच्चों के साथ पहुँचा। अंशु का कहना है कि उसकी पत्नी की हरकत से उसका परिवार टूट गया है और अब वह बच्चों की परवरिश को लेकर चिंतित है। उसने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि उसकी पत्नी को बरामद कर उसे न्याय दिलाया जाए और उसे धमकी देने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

## घर के अंदर युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**फतेहपुर ।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में किचन रूम में छत के हुक से रस्सी के सहारे फांसी लगाकर अर्धविक्षिप्त युवती ने आत्महत्या कर लिया।बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के ढिठौरा गांव में शनिवार को दोपहर बाद विभा कश्यप (22) पुत्री मुन्नालाल कश्यप ने घर के अंदर किचन में फ्रिज के ऊपर चढ़कर छत के हुक में रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। घर के लोगों को जानकारी हुई तो मातम छा गया। परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।कोतवाल लान सिंह ने बताया कि युवती अविवाहित थी, वह मानसिक रूप से अस्वस्थ बताई जा रही है। जिसके चलते उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुरूप अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। राजकीय फल संरक्षण एंव प्रशिक्षण केन्द्र के प्रभारी नवीन चन्द्र आर्य ने बताया कि मुख्यमंत्री खाद्य प्रसस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत दो दिवसीय खाद्य प्रंसस्करण प्रशिक्षण का आयोजन दिनांक 03 व 04 अक्टूबर 2025 को ग्राम व न्याय पंचायत अहिरवारा विकास खण्ड उझानी बदायूँ मे शुरू किया गया, जिसका उद्घाटन जिला ग्रामोउधोग अधिकारी संदीप कुमार ने फीता काट कर किया। प्रभारी राजकीय फल सरक्षण एंव प्रशिक्षण केन्द्र नवीन चन्द्र आर्य ने बताया कि दो दिवसीय खाद्य प्रंसस्करण प्रशिक्षण का समापन 04 अक्टूबर 2025को देवकी ग्राम प्रधान, न्याय पंचायत अहिरवारा द्वारा प्रमाण पत्र वितरित कर के किया गया। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ प्रमोद कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी बदायूँ, डा0 आर0एन0 सिंह, हिमांशु सैनी द्वारा मुख्यमंत्री खाद्य प्रशिक्षण इकाई लगाने पर जोर दिया व लघु उद्योग जैसे-पापड, अचार कचरी, मसाला आटा चक्की, पास्ता आदि उद्योग लगाने हेतु प्रेरित किया प्रभारी द्वारा बताया गया। उन्होंने बताया कि मा0 मुख्यमंत्री जी की दो दिवसीय खाद्य प्रशिक्षण योजना बहुत ही उत्कृष्ठ योजना है। इसमे बेरोजगार युवक-युवतियो को खाद्य प्रसंस्करण इकाई घेरेलु स्तर से लगाकर अपना स्वंय का रोजगार कर सकते है, जिसमे सरकार की तरफ से योजना लागत का 50 प्रतिशत अधिकतम 1 लाख मशीन व उपकरण मद मे अनुदान प्रदान किया जायेगा।

## बनवास से लोटे श्री राम श्रद्धालुओं ने किया भव्य स्वागत

अनूपशहर। रामलीला मंचन के दौरान श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, श्री हनुमान के वनवास से वापस लौटने का दृश्य गंगा में नौका विहार से दर्शाया गया। भरत, शत्रुघ्न, गुरू विश्वामित्र ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमान जी का भव्य स्वागत कर गले से लगाया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर पुष्पवर्षा की। श्रीराम लीला मंचन के दौरान श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान वनवास करके वापस अयोध्या लौटते है। यह दृश्य गंगा में पक्के घाट से जाह्नवी द्वार तक नाव में बैठाकर दिखाया जाता है। दूसरी ओर जाह्नवी द्वार पर पहुंचने पर पवन सेतुआ, अजीत सेतुआ के प्रतिष्ठान पर आतिशबाजी, पुष्पवर्षा कर सभी का भव्य स्वागत किया गया। नगर के अनेक श्रद्धालुओं द्वारा सभी पात्रों की पूजा-अर्चना की गई। श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान, गुरू विश्वामित्र, भरत, शत्रुघ्न को रथ में बैठाकर बैंड बाजे के साथ रामलीला मंचन स्थल पर ले जाया गया। श्रद्धालुओं द्वारा कई स्थानों पर पुष्पवर्षा कर पूजा-अर्चना की गई। इस मौके पर अभय गर्ग, पवन सेतुआ, दीनदयाल सक्सेना, विनीत बंसल, अजीत गोयल, लाला बाबू, सुबोध बंसल, राकेश शर्मा, राजू पाठक, विवेक शर्मा, रूपेश बंसल आदि मौजूद रहे।

## विंध्य दरबार में चम्पत राय का आगमन

मीरजापुर । श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय शनिवार दोपहर विंध्यधाम पहुंचे। पुरानी वीआईपी मार्ग पर नगर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्र ने उनका अंगवस्त्र पहनाकर भव्य स्वागत किया।इसके बाद चम्पत राय गणेश द्वार मार्ग से होते हुए मां विंध्यवासिनी मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने गर्भगृह में विधि-विधानपूर्वक दर्शन-पूजन और अर्चन किया। दर्शन के दौरान उन्होंने देश में शांति, समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। कहा कि मां की कृपा से ही रामलला का मंदिर भव्य बना। मां विंध्यवासिनी के दर्शन के पश्चात वे भाग देवर गांव स्थित परमहंस देवरहा बाबा आश्रम पहुंचे। वहां उन्होंने हंस बाबा से आशीर्वाद प्राप्त किया और संत परम्परा के मार्गदर्शन पर चर्चा की।इस अवसर पर नगर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्र, आश्रम के ट्रस्टी अतुल सक्सेना, नारायण दास महाराज सहित कई श्रद्धालु व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# घर के गेट पर मिला चोरी और हत्या की धमकी भरा 'खूनी' पत्र

**10 घरों को निशाना बनाने की धमकी से गांव में हड़कंप, पुलिस छानबीन में जुटी**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज,रायबरेली। घर के गेट पर मिला चोरी और हत्या की धमकी भरा 'खूनी' पत्र, एक साथ 10 घरों को निशाना बनाने की धमकी से गांव में हड़कंप। पुलिस छानबीन में जुटी। महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के मोन गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब डाक विभाग में कार्यरत डाक बाबू रामकुमार के घर के सामने गेट पर एक धमकी भरा पत्र मिला। हस्तलिखित इस पत्र में न सिर्फ एक साथ 10 घरों में चोरी करने की बात लिखी है, बल्कि इसका विरोध करने पर 15 लोगों की हत्या करने की भी खौफनाक धमकी दी गई है। यह सनसनीखेज मामला सामने आने के बाद गांव में दहशत का माहौल है और ग्रामीण पुलिस से सुरक्षा की मांग कर रहे हैं।मामले की शिकायत दर्ज कराते हुए डाक बाबू रामकुमार ने कोतवाली पुलिस को बताया कि गुरुवार सुबह करीब दस बजे वह पत्नी सहित निमंत्रण में गए थे। घर में उसकी बहू ही अकेली थी। दोपहर करीब ढाई बजे जब उनकी बहू निशा ने घर के लान में लगे फूल के पेड़ पर्ची टंकी देखी तो मुहल्ले वालों को इसकी जानकारी दी। मिली पर्ची में लिखा है कि आज नौ बजकर तीस मिनट पर दस घर में चोरी करेंगे।जितना रखा बचाओ, उतना रखा लो।10 घर में चोरी करेंगे और 15 लोगों की मौत होगी आज। हम 10,000 हजार लोग हैं।'' करीब चार बजे निमंत्रण से वापस लौटे डाक-बाबू रामकुमार ने कोतवाली पुलिस से मिलकर मामले की लिखित शिकायत की है।उनका यह भी कहना है कि एक फ़ेरी वाले ने उनके मुहल्ले में बाइक से कई चक्कर लगाएं है। मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस ने धमकी भरे पत्र को जब्त कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि पता लगाने की कोशिश की जा रही है। प्रथम दृष्टया यह किसी की शरारत है। फिलहाल गांव में में गश्त बढ़ा दी गई है। और ग्रामीणों को सुरक्षा का आश्वासन दिया है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में लगी फरियादियों की भीड़, 101 में सिर्फ पांच का निस्तारण

**संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों की जांच करने के बाद ही निस्तारण करें: डीएम**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । मनकापुर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें 101 फरियादी अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। जिसमे पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दि या गया।अन्य शिकायतों का निस्तारण करने के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधि कारियों की टीम मौके पर भेजने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतो को जांच करने के बाद ही निस्तारण करें। इनमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भूमि संबंधी विवादों में पूरी तरह सक्रियता बढ़ती जाए और अगर कोई विवादित शिकायत है तो पुलिस प्रशासनिक संयुक्त टीम मौके पर भेज कर उसे समस्या की जांच कर उसका समाधान कराया जाए।संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण तथा चकमार्ग के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी, वीडियो ग्राफी भी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिका री के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।अंत में जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनि श्चित करें।

## 13 अक्टूबर को चूड़ी गली में आयोजित होगी सुन्नी बरेलवी कॉन्फ्रेंस

नानपारा, बहराइच। आगामी 13 अक्टूबर (सोमवार) को नगर की चूड़ी वाली गली, पुरानी बाज़ार में सुन्नी बरेलवी कॉन्फ्रेंस एवं जश्ने ग़ौसुलवरा का आयोजन किया जाएगा। इस जलसे में अन्य जिले व क्षेत्र के प्रसिद्ध उलमा-ए-किराम, इस्लामी स्कॉलर और नातख्वान अपनी तकरीर और नात के ज़रिए अमन और भाईचारे का संदेश देंगे। इस कॉन्फ्रेंस की सरपरस्ती महमूदे मिल्लत अल्लामा महमूद रज़ा नानपारवी करेंगे, जबकि खुसूसी पीर की हैसियत से सैय्यद अब्दुल क़ादीर मियां क़ादरी रहेंगे। मुख्य वक्ता के रूप में मुफ़्ती मसीहुद्दीन हाशमती, अल्लामा मुहम्मद तबरेज आलम रामपुरी, मुफ्ती गुलाम जिलानी अजहरी और अन्य प्रतिष्ठित उलमा-ए-किराम उपस्थित रहेंगे। जलसे का मुख्य उद्देश्य इस्लामी शिक्षा, अमन-ओ-भाईचारे का पैगाम देना तथा नौजवान पीढ़ी को सही मार्गदर्शन प्रदान करना है। यह जलसा मुफ़्ती खालिद रजा की सदारत में आयोजित किया जा रहा है, जबकि कार्यक्रम का स्वागत व प्रबंधन स्वागत बीड़ी मेंबरान व गौसिया कमेटी नानपारा द्वारा किया जाएगा।

# भवनियापुर में सजी अद्भुत कृष्णलीला भगवान कृष्ण ने किया कंस वध

**161 साल पुरानी परंपरा में जला कंस का पुतला, गूँजी जय श्रीकृष्ण की गूंज**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच । एक ओर पूरे भारतवर्ष में जहां विजयादशमी के दिन रामलीला की पावनकथाओं में अत्याचारी रावण का वध होता है वहीं दूसरी ओर उत्तरप्रदेश के बहराइच जनपद की मिहींपुरवा तहसील के भवनियापुर बनघुसरी में चित्रांश समाज द्वारा पिछले 16 दशक से संचालित दशहरे में भगवान कृष्ण के हांथों आतातायी कंस का वध किया गया और गोले तमाशों के बीच कंस का पुतला धू-धूकर जल उठा। नवरात्रि की पंचमी से शुरू होने वाले कई दशक पुराने इस दशहरे में कृष्ण जन्म से लेकर, पूतना वध, कालिका दमन, रजक वध, मखसाला लीला और कंस वध लीला तमाम निपुण कलाकारों द्वारा खेली गई। वहीं रात्रि में मंचन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला में नृत्य, नौटंकी, नाटक सहित रामलीला में श्रीराम के जन्म से लेकर श्रीराम विवाह तक की आकर्षक लीलाओं का मंचन हुआ। इस दौरान चित्रांश परिवार में घर घर राधा कृष्ण व बलराम की आरती हुई व भोग लगाया गया, इसके साथ ही रात्रि में चौभुजी नाथ भगवान विष्णु के भव्य दर्शन भी हुए। कार्यक्रम में क्षेत्र के सांसद आनंद गोंड व विधायक राम निवास वर्मा ने भी पहुंचकर सहभागिता दर्ज कराई और राधा कृष्ण के आशीर्वाद भी लिए। एकादशी को हवन पूजन आरती व विशाल भंडारे के साथ कृष्णलीला परंपरागत तरीके से संपन्न हुई। कार्यक्रम में चित्रांश समाज के अध्यक्ष चतुर्भुज सहाय, प्रबन्धक आनंद प्रकाश, विधिक सलाहकार ध्यान प्रकाश श्रीवास्तव सहित क्षेत्रवासियों का काफी सहयोग रहा।

# बिना परमिट की दौड़ रहीं निजी बसें

**एआरटीओ विभाग के जिम्मेदार को यह भी पता नहीं कि कितने बसों को सवारियां ढोने की परमिट मिली हुई है**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंड़ा। सड़कों पर मुसाफिरों की सुरक्षा खतरे में है। ऐसा पिछले कई महीने से चल रहा है लेकिन इसे देखकर भी आरटीओ,यातायात पुलिस एवं प्रशासन के जिम्मेदार अंजान बने हुए हैं,जनपद मुख्यालय के पास पीएससी गेट के सामने व मनकापुर बस स्टैंड समेत कई स्थानों पर हर दिन दर्जनों बसें बिना परमिट गोंडा - फैजाबाद रोड दर्जीकुआं मोड होते हुए मनकापुर, बभनान गौरा चौकी के लिए सवारियां भरकर आती जाती हैं आटो भी सवारियों को लेकर मनकापुर तक जाते हैं। शहर में हर जगह डग्गामार वाहनों का जमावड़ा रहता है। जिससे जाम लग रहा है और दुर्घटनाएं हो रही हैं।पीएसी गेट और मनकापुर बस स्टैंड उतरौला रोड यहां से बसें गोरखपुर, लखनऊ, दिल्ली से लेकर दूर के प्रांतों में सवारियां लेकर जाती हैं। इनके पास न तो वैध परमिट होती है न ही फिटनेस। इनमें कई के पास टूरिस्ट के लिए जारी परमिट होती है। पर यह धड़ल्ले से सवारियां ढोने में पीछे नहीं रहती।इनका काकस इतना मजबूत है कि जहां निजी बसें खड़ी होती हैं वहां पर रोडवेज के चालक भी बसों को रोककर सवारियां भरने से घबराते हैं।मनकापुर बस स्टैंड तिराहा स्थान इनके लिए मुफीद बना हुआ है। सूत्रों के मुता बिक विभाग के कुछ जिम्मेदार अधिकारिओकी मदद से यह रोड पर दौड़ती हैं। यातायात पुलिस भी सामने से गुजरती है, पर इस अवैध धंधे को रोक पाने में यह खुद को असहाय पाते हैं। इसकी असली वजह क्या है, यह किसी को पता नहीं। एआरटीओ विभाग के जिम्मेदार को यह भी पता नहीं कि कितने बसों को सवारियां ढोने की परमिट मिली हुई है।पीटीओ परिवर्तन दल मोहम्मद आरिफ का कहना है कि वाहनों की चेकिग नियमित होती है। बिना कागजात पाए जाने वाले वाहनों का चालान भी किया जाता है।जनपद में विभिन्न स्थानों पर मार्ग दुर्घ टनाएं होती हैं। कई लोगों ने जान भी गवाही है कई लोग घायल भी हुए हैं इसके बावजूद जिम्मेदारों की निगाह बिना परमिट वाहनों पर नहीं है।

## एडीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस

महराजगंज,रायबरेली। शासन की मंशा के अनुरूप फरियादियों की शिकायत को गंभीरता से ले मौके जांच कर नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित करें लापारवाही बर्दास्त नही की जायेगी ये उद्गार तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में एडीएम अमृता सिंह वित्त एवं राजस्व व्यक्त कर रही थी। एडीएम की अध्यक्षता में समाधान दिवस में कुल 40 शिकायते आई मौके पर 5 शिकायतो का निस्तारण किया गया।आपको बता दें कि प्राप्त शिकायतो में सर्वाधिक शिकायत राजस्व 17 पुलिस 11, विकास 01 अन्य 11 प्रार्थना पत्र आए महराजगंज कस्बे के लोगो ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि कुछ स्थानों पर विद्युत पोल नही लगे हुए जिससे अंधेरा होने के कारण चोरी होने की संभावना रहती है जिस पर एडीएम ने संबधित को कार्यवाही के निर्देश दिए। शेष शिकायतो के निस्तारण के लिए सम्बन्धित को मौके पर जांच कर निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर एसडीएम गौतम सिंह क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार तहसीलदार मंजूला मिश्रा , नायब तहसीलदार उमेश चंद्र त्रिपाठी, खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# सड़क पर टैक्सी वालों का कब्जा, स्कूल जाते ही जाम में फंसते मासूम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। यहां की गुरु नानक पुलिस चौकी के पासचौराहे पर अवैध टैक्सी वालो ने रोड को अवैध कब्जा करके टैक्सी स्टैंड का रूप दे दिया है।यहां वाहन खड़े होने से लोगों को काफी दिक्क त होती है बता दें कि सुबह होते वाहन टैक्सी चालक रोड पर खड़े होकर रोडवेज बसों के आगे घंटों तक सवारियां भरते हैं।जब तक एक वाहन में नौ से दस सवारियां नहीं भर जाती हैं, ये आग नहीं बढ़ते इससे लोगों को आवाजाही में दिक्कत होती है जिला प्रशासन के अधिका री इस समस्या से वाकिफ हैं,इसके बाजूद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।लोगों की शिकायत पर अधिकारी अतिक्रमण हटवाने का दावा भी करते हैं, लेकिन समस्या जस की तस रहती है। लोगों ने बताया कि यदि इन सड़कों सेमारुती अर्टिगा और ऑटो वालों को हटा दिया जाए तो समस्या का काफी हद तक समाधान हो जाएगा।



### घर से स्कूल जाते ही जाम में फसते बच्चे

सुबह स्कूल जाते ही बच्चे मम्मी से पूछते हैं किकितनी देर में स्कूल पहुंचेंगे आज क्यो कि गुरु नानक चौराहे पर तो टैक्सी और बस वालों का कब्जा रहता है, जिससे कि बच्चे सड़कों पर अटकते और धूल फांकते हुए स्कूल पहुंचते हैं।स्कूल जाने के लिए घर से निकले मासूम बच्चों पर सुबह ही काफी बुरी बीती। स्कूल में दोस्तों और शिक्षकों से मिलने का उनका जोश भीषण जाम ने ठंडा कर दिया। ट्रैफिक की लंबी कतार में फंसे बच्चे बेचैनी भरी निगाहों से अपनी स्कूल बस से बाहर झांककर अंदाजा लगाने की कोशिश करते रहे कि आखिर क्यों उन्हें स्कूल पहुंचने में इतनी देर लग रही है। हर कुछ बाद बार-बार जाम में फंसने से स्कूल पहुंचने तक ज्यादातर बच्चे सुबह ही बुरी तरह पस्त हो जाते है तो दोपहर में घर आते-आते क्या होता होगा।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनता से रूबरू हुईं एसडीएम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं के त्वरित निस्तारण को लेकर शनिवार को तहसील नानपारा सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता उपजिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी ने की। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, राशन कार्ड, चकबंदी, पुलिस, विकास आदि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। कुल 20 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 06 का मौके पर निस्तारण किया गया, जबकि शेष शिकायतें सम्बन्धित विभागों को जांच हेतु भेजी गईं। एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने जनसमस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि महिला अपराध सम्बन्धी शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युमन सिंह, तहसीलदार नानपारा, कोतवाल राजनाथ सिंह, पूर्ति निरीक्षक बलहा, शिवपुर, नबाबगंज सहित प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रोडवेज पुलिस चौकी के पास दबंग दुकानदार ने युवक से की पिटाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र में रोडवेज बस स्टॉप पुलिस चौकी के पास शुक्रवार की रात एक युवक से मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में एक दुकान मालिक युवक की पिटाई करते हुए दिख रहा है। घटना के बाद नगर पिटाई करते हुए दिख रहा है। घटना के बाद नगर कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।यह घटना शुक्रवार की रात रोडवेज पुलिस चौकी के पास हुई है। जहां आपसी कहासुनी के बाद दुकान मालिक ने युवक को पीटा है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमे दुका नदार दिख रहा है कि युवक के सड़क पर गिरने के बावजूद भी दबंग दुकान मालिक पुलिस चौकी के करीब उसकी पिटाई जारी रखता है। मौके पर लोगों की भीड़ जमा थी, लेकिन कोई हस्तक्षेप नहीं करता दिखा। बताया जा रहा है कि मारपीट करने वाला व्यक्ति उत्तम होटल का मालिक है।सूत्रों के अनुसार होटल में शराब पी ने को लेकर हुई कहासुनी के बाद यह घटना हुई है युवक नशे में धुत भी दिखाई दे रहा है।वहीं नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि युवक से तहरीर लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी और रोडवेज चौकी इंचार्ज को मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।स्थानीय लोगों के अनुसार, रोडवेज पुलिस चौकी के पास अक्सर ऐसी मारपीट की घट नाएं होती रहती हैं। ये घटनाएं कभी गाड़ी खड़ी करने,कभी साइड देने या अन्य कारणों से होती हैं। बगल में पुलिस चौकी मौजूद होने के बाव जूद इस तरीके की घटनाएं हो रही है कहीं ना कहीं रोडवेज पुलिस चौकी पर भी सवाल उठ रहा है की आए दिन रोडवेज पुलिस चौकी पर पास घटनाएं हो रही हैं और चौकी का एक भी पुलिस कर्मी दिखाई नहीं दे रहा है।

# फायरिंग करने वाले आरोपी गिरफ्तार, तमंचा बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। नगर कोतवाली पुलिस ने दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुई फायरिंग के आरोपी हनुमत लाल शुक्ला को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से एक तमंचा बरामद किया है।इस घटना में निखिलेश शुक्ला के पैर में गोली लगी थी आरोपी को मेडिकल के बाद न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है यह घटना दो दिन पहले बृहस्पतिवार देर रात नगर कोतवाली क्षेत्र के बुधई पुरवा गांव में हुई थी।दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे पर नाचने को लेकर हनुमत लाल शुक्ला और निखिलेश शुक्ला के बीच विवाद हो गया था।विवाद बढ़ने पर हनुमत लाल शुक्ला ने फायरिंग कर दी, जिसमें निखिलेश शुक्ला के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में इस्तेमाल किया गया एक अवैध तमंचा भी बरामद किया है। घटना के बाद तत्काल पुलिस के उच्च अधिकारी भी मौके पर पहुंचे थे और पूरी घटना को लेकर जांच भी की गई थी,नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि त्रिलोकी पांडे द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार, दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे पर नाचने को लेकर हनुमत लाल शुक्ला और निखिलेश शुक्ला के बीच झड़प हुई थी। इसी दौरान हनुमत लाल शुक्ला ने तमंचे से फायर कर दिया,जिससे निखिलेश शुक्ला के पैर में छर्रे लगे।पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।आरोपी हनुमत लाल शुक्ला को उपनिरीक्षक सोनू कुमार और चौकी प्रभारी न्यायालय विभव तिवारी ने महादेवा रेलवे क्रॉसिंग पुल के नीचे से गिरफ्तार किया।घटना में शामिल अन्य आरोपियों की भी जांच की जा रही है और उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# जहाँ जाती हैं,भरोसे की डोर और मजबूत कर जाती हैं एसडीएम मोनालिसा

**निष्पक्षता और साहस से प्रशासन को नया चेहरा देने वाली महिला अधिकारी**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। लोकतंत्र केवल शासन और कानून का ढांचा नहीं है, बल्कि यह जनता और प्रशासन के बीच विश्वास की वह अदृश्य डोर है, जिस पर पूरी व्यवस्था टिकी होती है। कई बार यह डोर कमजोर हो जाती है, लेकिन जब कोई अधिकारी अपने कार्य और नीतियों से इसे मजबूत करता है, तो वह सिर्फ पद पर बैठा व्यक्ति नहीं रहता, बल्कि उम्मीद का प्रतीक बन जाता है। बरेली की मूल निवासी और 2011 बैच की पीसीएस अधिकारी मोनालिसा जौहरी आज ऐसी ही मिसाल बन चुकी हैं। राज्य में लेडी सिंघम के नाम से चर्चित मोनालिसा की पहचान उनके तेज़तर्रार तेवरों से कहीं आगे जाती है। उनकी असली ताकत है–जमीनी हकीकत को समझना और मौके पर समाधान देना। यही वजह है कि जहाँ-जहाँ उनकी तैनाती रही, वहाँ अपराधियों में खौफ और जनता में विश्वास दोनों ही देखने को मिले। रामपुर, शाहजहांपुर, अमरोहा, इटावा और मुजफ्फरनगर जैसे जिलों में उनकी कार्यशैली का असर आज भी लोग याद करते हैं। वर्तमान में बहराइच के नानपारा में बतौर उपजिलाधिकारी उनकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है। मोनालिसा का प्रशासनिक दृष्टिकोण स्पष्ट है–जनता तक न्याय फाइलों से नहीं बल्कि सीधे पहुँचाना ही असली सेवा है। यही सोच उन्हें परंपरागत ढर्रे से अलग करती है। उन्होंने तहसील आपके द्वारा जैसी पहल शुरू की, जिसके तहत गांव-गांव जाकर कैंप लगाए गए और लोगों की समस्याओं का निस्तारण मौके पर ही किया गया। यह कदम उस विश्वास का सबसे बड़ा प्रमाण है जिसे जनता ने उनके साथ जोड़ा है। मोनालिसा की कहानी केवल एक अफसर की कहानी नहीं है, बल्कि यह उस दौर की तस्वीर है जब महिलाएँ समाज में बदलाव और नेतृत्व की अगुवाई कर रही हैं। कठिन प्रतिस्पर्धा और संघर्ष के बाद सिविल सेवा में चयनित होकर उन्होंने साबित किया कि जज़्बा और मेहनत किसी भी बाधा को मिटा सकता है। आज वे युवतियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं कि महिला होना कोई सीमा नहीं, बल्कि वह शक्ति है जो समाज को नई दिशा दे सकती है। उनकी साफ-सुथरी छवि और ईमानदारी को सूबे के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी सराह चुके हैं। जनता के बीच उनकी पहचान केवल अफसर की नहीं, बल्कि एक भरोसे की है। यही कारण है कि लोग उन्हें सिर्फ 'लेडी सिंघम' नहीं बल्कि न्याय और संवेदनशीलता की प्रतिमूर्ति कहकर पुकारते हैं।*त्क्या कहती हैं एसडीएम मोनालिसात*जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना ही मेरे लिए सबसे बड़ा कर्तव्य है। प्रशासनिक कुर्सी मेरे लिए अधिकार नहीं, सेवा और जिम्मेदारी का माध्यम है। मेरा प्रयास यही है कि आमजन को राहत और न्याय उनके दरवाजे पर मिले, क्योंकि शासन की असली ताकत जनता की सेवा में ही निहित है।

## जर्जर भवन की नीलामी सम्पन्न

गोरखपुर । जनपद के ब्लाक भटहट अंतर्गत पीएम श्री विद्यालय गुलरिया के मूल भवन का नीलामी 4 अक्टूबर को खण्ड शिक्षा अधिकारी भटहट ध्रुव प्रसाद वित्त , लेखाधिकारी (बेसिक) आनन्द राय व एडीओ पंचायत भटहट बिकाऊ प्रसाद की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ । उपस्थित पांच फर्मों में अधिकतम बोली मेसर्स अवध इंटरप्राइजेज मेडिकल रोड द्वारा की गई । इसलिए उक्त फर्म के पक्ष में अधिकार विलेख निष्पादित किया गया ।

# गोरखपुर रेलवे स्टेशन को मिलेगा नया स्वरूप सांसद रवि किशन ने जीएम से की मुलाकात

**बैठक में यात्री सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा कनेक्टिविटी को बेहतर करने के विषय पर भी विचार–विमर्श किया गया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। सदर सांसद रवि किशन शुक्ला ने आज पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर से भेंट की। इस दौरान गोरखपुर में नए रेलवे स्टेशन के निर्माण कार्य की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में यात्री सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा कनेक्टिविटी को बेहतर करने के विषय पर भी विचार-विमर्श किया गया। सांसद रवि किशन ने कहा कि गोरखपुर रेलवे स्टेशन पूर्वांचल की जीवनरेखा है और यहाँ की सुविधाओं का सीधा संबंध लाखों यात्रियों से है। उन्होंने स्टेशन परिसर में आधुनिक यात्री सुविधाओं, बेहतर वेटिंग एरिया, स्वच्छता व्यवस्था और डिजिटल सूचना प्रणाली को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर जोर दिया।महाप्रबंधक उदय बोरवणकर ने भरोसा दिलाया कि गोरखपुर रेलवे स्टेशन को देश के अग्रणी स्टेशनों में शामिल करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने निर्माण कार्य की गति पर संतोष जताते हुए कहा कि यात्रियों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है और जल्द ही इसके सकारात्मक परिणाम दिखाई देंगे।गौरतलब है कि गोरखपुर स्टेशन न केवल पूर्वोत्तर रेलवे का मुख्यालय है, बल्कि उत्तर भारत के प्रमुख रेलवे जंक्शनों में से एक है। नए स्टेशन भवन और आधुनिक सुविधाओं के पूरा होने के बाद यह स्टेशन क्षेत्रीय विकास और यात्रियों की सुविधा दोनों दृष्टियों से एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा।

# समाजवादी पार्टी की जिला मुख्यालय पर मीटिंग हुई संपन्न उपस्थित रहे कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। जनपद में समाजवादी पार्टी जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक पार्टी के लोकसभा कैंप कार्यालय पीलीभीत और संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा तथा संचालन पीलीभीत विधानसभा अध्यक्ष हाजी इम्तियाज अल्वी ने किया बैठक में पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए।जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि हमें प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर से प्राप्त निर्देशों के क्रम में अपने दायित्व का निवाहन करना चाहिए तथा प्राप्त निर्देशों के क्रम में चारों विधानसभा क्षेत्र में जिला संगठन विधानसभा संगठन सेक्टर व बूथ पर स्तर पर संगठन की समीक्षा तथा आगामी चुनाव के संबंध में चुनावी रणनीति पंचायत चुनाव व आगामी विधानसभा चुनाव के संबंध में निर्धारण करने हेतु चर्चा की गई।तथा पीडीए जागरूकता अभियान के अंतर्गत समस्त विधानसभा क्षेत्र में पीडीए जन पंचायत के आधिकारिक आयोजनों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए तथा राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भारत के महापुरुषों की जयंती के आयोजनों को आवश्यक रूप से मनाया जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए।मतभेद स्थलों पर चलाए जा रहे है। मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में समस्त विधानसभा के बूथ स्रोतों पर बूथ स्तर पर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को जागरूक रहने एवं मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराए जाने तथा मृतक व फर्जी मतदाताओं के नाम को विलोपित कराया जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया हैं। उच्च संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए समाजवादी पार्टी की स्थापना दिवस पर सभी ने एक जुटता से समाजवादी पार्टी की नीतियों को घर-घर पहुंचने का संकल्प लिया वह सभी ने एक दूसरे को समाजवादी पार्टी की स्थापना की बधाई दी हैं।इस दौरान मुख्य रूप सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा,सपा प्रदेश सचिव असलम जावेद अंसारी,सपा जिला उपाध्यक्ष बालकराम सागर,पूर्व प्रत्याशी बीसलपुर दिव्या गंगवार,सपा जिला उपाध्यक्ष मखदूम खान,शिवप्रताप सिंह यादव,सपा जिला उपाध्यक्ष काशीराम सरोज,अमित पाठक,सपा जिला उपाध्यक्ष रूपराम कश्यप,सपा जिला उपाध्यक्ष बीडी प्रजापति,सपा युवजन सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू,सपा कोषाध्यक्ष गयासुद्दीन, सदर विधानसभा पीलीभीत अध्यक्ष इम्तियाज अल्वी, अजय भारती,विनोद वर्मा,सपा मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड राष्ट्रीय सचिव लखविंदर सिंह पन्नू,सत्यपाल यादव,महेश पटेल,राममूर्ति गंगवार,सतेंद्र मौर्य,सरफुद्दीन नूरी,अदील मलिक,नरेश कुमार सागर,अजय भारती,अशोक कुमार वर्मा,सपा अधिवक्ता सभा जिलाध्यक्ष ज्योति प्रकाश शुक्ला,सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष निरंजन गंगवार,सपा अल्पसंख्यक सभा जिलाध्यक्ष रियाज़ खां,शराफत यार खां,संदीप सक्सेना,आशीष सक्सेना,अरशद ताहिर,भगवानदास सागर,अशरफ अली प्रधान,चौधरी प्रदीप पटेल,धनपति वर्मा एडवोकेट,अनिल कुमार गंगवार,गंगाराम यादव,जोवनप्रीत सिंह,मो.फैज,भूदेव गंगवार, अभिषेक गंगवार,रामपाल पटेल, रूपलाल गंगवार,भूरा,मुश्ताक,हरिशंकर,महेश कश्यप, फईम मलिक,मोहम्मद अली,मो. वारिश,चंद्रकुमार, बंटी शर्मा,चंद्रप्रकाश यादव,जमाल खां,मो.जफर

# सार्वजनिक शौचालय का चेयरमैन ने किया लोकार्पण अन्य कई कार्य निर्माणधीन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।स्वच्छ भारत मिशन नगरीय योजना के अंतर्गत मौर्य मंदिर के पास सार्वजनिक शौचालय का निर्माण होने के बाद शनिवार को नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉक्टर आस्था अग्रवाल ने लोकार्पण किया है।शहर के जाटों चौराहा के निकट मौर्य मंदिर के पास नगर पालिका द्वारा बनाए गए सार्वजनिक शौचालय का लोकार्पण पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल द्वारा किया गया। लोकार्पण के दौरान मोहल्ला सरफ़राज़ खां और पकड़िया के निवासियों ने पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था का भव्य स्वागत करके उनका आभार व्यक्त किया हैं।इस अवसर पर सभासद राशिद हुसैन,साकेत सक्सेना, वतन दीप मिश्रा,विपिन कुमार राजू फौजी,निर्मल सिंह टीटू, विकास बाबू, अनस अंसारी,राम औतार मौर्य,सेवाराम मौर्य, भजनलाल,अशर्फीलाल मौर्य, कमलेश वर्मा, विनय मौर्य, आकाश मौर्य, अखिलेश, सोनू, राकेश मौर्य, प्यारेलाल सहित काफ़ी संख्या में शहरवासी मौजूद रहे हैं।

# नगर में निकला जुलूस ए गौसिया

**सुरक्षा की दृष्टि से कोतवाली प्रभारी पवन कुमार पांडे थाना प्रभारी सेहरामऊ संजय सिंह अपनी टीम के साथ रहे मैंजूद**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।पीरो के पीर बड़े पीर साहब हजरत अब्दुल कादिर जिलानी की यौमे विलादत के मुबारक मौके पर नगर पूरनपुर में गुलामने गौस कमेटी की जानिब से ब्लॉक रोड से परचम कुशाई के बाद जुलूस ए गौसिया निकाला गया जिसमें भारी संख्या में उलेमा इकराम हाफिज लोग मस्जिदों के इमाम सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए जिसमें उलेमा हजरत ने सरकार गौस ए आजम की मुबारक ज़िन्दगी पर रोशनी डाली और लोगों से अपील की कि वो सरकार गौस ए आजम की ज़िंदगी से नसीहत लें। नशा जिनखोरी जुआं शराब से तौबा करें।वक्त के तकाजे को ध्यान में रखे और अपने बच्चों को बेहतर से बेहतर तालीम दिलाएं।ये जुलूस ब्लॉक रोड से स्टेशन रोड होता हुआ रेलवे क्रॉसिंग के पास स्थित खानकाहे रजविया में समाप्त हुआ जुलूस में मुख्य रूप से मौलाना फ़जले अहमद नूरी, हाफिज नूर अहमद अजहरी, हाफिज असलम नूरी, हाफिज नाजिम रजा ,हाफिज शाकिब, मौलाना दानिश खान मिशवाही,मौलाना नाजिम रजा, तौफीक अहमद क़ादरी, सभासद नादिर रजा बरकाती, हाजी लाडले शाहिद खान, संजय,नसीम खान, हाफिज शरीफ अहमद,मुन्ने मियां अनजाना, जुबैर रजा बरकाती इत्यादि लोग उपस्थित रहे हैं।

# पुलिस मुठभेड़ में पचास हजार रुपये का इनामी गौतस्कर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । थाना रामगंज पुलिस व स्वाट एवं सर्विलांस टीम ने पुलिस मुठभेड़ में पचास हजार रुपये का इनामिया एक शातिर अन्तर्जनपदीय गोतस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिसके कब्जे से एक तमंचा, एक जिन्दा कारतूस, एक खोखा कारतूस तथा गोतस्करी की घटना में प्रयुक्त एक मोटर साइकिल बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना रामगंज के प्रभारी निरीक्षक कृष्ण मोहन सिंह मय हमराह,स्वाट टीम प्रभारी अनूप सिंह मय हमराह व सर्विलांस टीम प्रभारी दया शंकर मिश्रा मय हमराह देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन में भ्रमणशील थे।भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्यारह बारह सितम्बर की रात्रि में गोवंश लादकर ले जा रही पिकअप गाड़ी वालों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया था उनमें से ही एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से प्रतापगढ़ बार्डर से रतापुर की ओर गोतस्करी करने की फिराक में आ रहा है। मुखबिर से प्राप्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा बैरघाट पुल के पास पहुंचकर घेराबंदी की गई तो उक्त व्यक्ति मोटर साइकिल मोड़कर भागने लगा कि तभी कच्चा रास्ता होने के कारण मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गई।मोटर साइकिल चालक द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया।आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा फायरिंग करने पर उक्त बदमाश घायल होकर गिर गया। घायल के पास पहुंचकर नाम पता पूंछने पर उसने अपना नाम मनीष उर्फ गणेश उर्फ मिन्टू पुत्र शिवलाल निवासी कैथा उर्फ टडिया थाना अलीनगर जनपद चन्दौली बताया जिसके कब्जे से एक तमंचा, एक जिन्दा कारतूस व एक खोखा कारतूस बरामद हुआ।टीवीएस स्पोर्ट्स मोटर साइकिल बिना नंबर प्लेट के कागज मांगने पर दिखा नही सका। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार इनामी अपराधी ने बताया कि इसी मोटर साइकिल से मवइया मंगरा में उसने अपने अन्य साथियों व पिकअप गाड़ी के साथ मिलकर गोतस्करी की घटना कारित की थी आज पुनः वह घटना कारित करने के लिए जा रहा था। घायल को उपचार हेतु पुलिस बल के साथ अस्पताल भेजा गया। अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि उपरोक्त अभियुक्त थाना रामगंज पर पंजीकृत अभियोग में वांछित था जिसकी गिरफ्तारी हेतु पचास हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध जनपद अमेठी, चन्दौली व जौनपुर में हत्या के प्रयास, गैंगस्टर एक्ट, गोवध निवारण अधिनियम व पशुक्रूरता अधिनियम आदि विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत हैं।

## मिशन शक्ति टीम ने छात्राओं को किया जागरूक

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। मिशन शक्ति फ़ेज-5 के अंतर्गत शनिवार को थाना हलियापुर की टीम ने विद्यावती सरस्वती बाल विद्या मंदिर हलियापुर में बालिकाओं को जागरूक किया। कार्यक्रम में उप निरीक्षक रफ़्फ़ान खान, महिला हेड कांस्टेबल संगीता जायसवाल, कांस्टेबल प्रेम सिंह स्वामी व महिला कांस्टेबल संध्या शाक्य शामिल रहीं। टीम ने छात्राओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना जैसी महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।इसके साथ ही हेल्पलाइन नंबर 1090, 1076, 1930, 102, 108, 1098, 181, 112 आदि के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्हें निडर होकर अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। मिशन शक्ति टीम ने कहा कि किसी भी समस्या की स्थिति में पुलिस हमेशा मदद के लिए तत्पर है। छात्राओं ने कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए मिशन शक्ति टीम का आभार जताया।

## अपर मुख्य अधिकारी बने हरमीक सिंह

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला पंचायत सुलतानपुर में नए अपर मुख्य अधिकारी के रूप में हरमीक सिंह ने कार्यभार ग्रहण किया है। जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह की उपस्थिति में कार्यभार ग्रहण की औपचारिकता पूरी की गई। हरमीक सिंह इससे पूर्व जिला पंचायत लखनऊ में अनुश्रवण कोष्ठक से संबद्ध रहे हैं। प्रशासनिक कार्यों में दक्ष और अनुभवशील अधिकारी के रूप में उनकी ख्याति रही है। नए दायित्व संभालने के बाद उन्होंने कहा कि जिले के ग्रामीण विकास कार्यों को पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाना उनकी प्राथमिकता होगा।

## अटल सेना के राष्ट्रीय महासचिव बने किसान का बेटा रजनीश मिश्रा

सुल्तानपुर। राष्ट्र सुरक्षा, सनातन, धार्मिक, सामाजिक, सरल, सौम्य, हसमुख स्वभाव, सभी के सुख दुःख में सदा विद्यमान रहने वाले किसान के घर जन्मे जुग्गौर लखनऊ वा सुल्तानपुर विकास खंड कुड़वार नरही ग्राम सभा के स्थानीय निवासी रजनीश मिश्रा को अटल सेना में विभिन्न पद (प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष) के दायित्व को कुशल पूर्वक निर्वहन करने पर अटल सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष मान जी.पी. त्रिपाठी एवं शीर्ष नेतृत्व द्वारा रजनीश मिश्रा को प्रदेश की टीम से राष्ट्रीय टीम में शामिल करते हुए नए दायित्व के रूप में राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी है।

# गाय यूपी में माता, गोवा में मांस : संजय सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता




**आप की बौद्ध प्रांत बैठक में संजय सिंह का भाजपा पर हमला**

सुलतानपुर। शनिवार को आम आदमी पार्टी के बौद्ध प्रांत की बैठक सुलतानपुर में आयोजित की गई, जिसमें राज्यसभा सांसद संजय सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक में आगामी ल्ररोजगार दो और सामाजिक न्याय दोङ्क पदयात्रा की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। इसमें विभिन्न जिलों के पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। मीडिया से बातचीत में सांसद संजय सिंह ने भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि ल्रउत्तर प्रदेश में भाजपा के लिए गाय 'गौ माता' है, लेकिन गोवा और मेघालय में भाजपा के लोग गाय का मांस खाते हैं।ङ्क उन्होंने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में भारी अंतर है। सिंह ने कहा कि देश में बेरोजगारी बढ़ रही है और सामाजिक न्याय के खिलाफ साजिशें की जा रही हैं। उन्होंने घोषणा की कि आम आदमी पार्टी इन मुद्दों पर जनता की आवाज बनकर बड़ा जनआंदोलन छेड़ेगी, ताकि युवाओं और वंचित वर्गों को उनका हक मिल सके। भाजपा की आईटी सेल पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि यह लोगों को पूरे साल ल्रअनर्गल प्रपंचोंङ्क में उलझाए रखती है। सांसद ने कानून के चुनिंदा इस्तेमाल पर भी सवाल उठाए और कहा कि सरकार कानून की धाराओं को समान रूप से लागू नहीं कर रही। उन्होंने बुलडोजर नीति को लेकर चेतावनी दी कि इस पर खुश होने वाले लोग अपने विनाश को बुला रहे हैं। संजय सिंह ने वाराणसी में संत रविदास गेट के सामने 43 दुकानों के विध्वंस का उदाहरण देते हुए कहा कि ये दुकानें भाजपा समर्थकों की थीं, फिर भी सरकार ने उन्हें नहीं बख्शा। उन्होंने भाजपा पर देश को बर्बाद करने का आरोप लगाते हुए कहा कि ल्रभाजपा मुसलमानों को परेशान करने के नाम पर अपने ही समर्थकों की जेब काट रही है, यह अब 'जेब कतरा पार्टी' बन चुकी है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की 'रोजगार दो' पदयात्रा उत्तर प्रदेश सरकार के ल्रमकड़जालङ्क को तोड़ने का कार्य करेगी। सांसद ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे रोजगार और महंगाई जैसे असली मुद्दों को जनता के बीच लेकर जाएं। इस मौके पर बौद्ध प्रांत अध्यक्ष इमरान लतीफ, जिलाध्यक्ष सुरेश चंद गौतम, महासचिव राम विलास तिवारी, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता वंश राज दूबे, कोषाध्यक्ष पूनम श्रीवास्तव, अनिल कोरी, पूर्व जिलाध्यक्ष रविन्द्र तिवारी, प्रतापगढ़ जिलाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय, प्रभारी रजत चौरसिया, पूर्व जिलाध्यक्ष शोहरत अली, अशफाक अहमद, अजीत श्रीवास्तव सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## उमरा जाने वाले जायरीनों का हुआ स्वागत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। मदीना अकेदमी की ओर से शहर से उमरा को जाने बाले के एजाज के लिए इस्तकवालिया प्रोग्राम का आयोजन किया गया। मदीना अकेडमी के पदाधिकारिये ने फूल मालाएँ पेश कर इस्तकवाल किया हैं।मुस्लिम धर्म गुरु मुफ्ती नूर मोहम्मद हसनी कादरी ने सफर-ए-हज व उमरा को जाने वाले हाजियों को हज व उमरा की फजीलत व अहमियत के बारे मे विस्तार से अध्ययन कराया। मुफ्ती साजिद हसनी ने उमरा को जाने वाले मुश्ताक अहमद अन्सारी उनकी पत्नी बरीशा बेगम हाजी इरशाद अहमद पत्नी शहनाज़ बेगम पुत्र गुलाम अज़ीज अन्सारी आदि उमरा की दुआ पढ़ा कर मक्का मदीना शरीफ के लिए रवाना किया।पैगामे अमन कोन्सिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तौफीक अहमद कादरी व बरेली हज सेवा समिति पदाधिकारियों ने उमरा को जाने वालों से अपने हिन्दुस्तान की तरक्की व खुशहाली के लिए दुआ मांगने की अपील की।उमरा को जाने वाले को रूखसत करने वाले लोगो की भीड़ घण्टों लगी रही। मुफ्ती साजिद हसनी ने उमरा मक्का मदीना को जाने वाले फूल मालाएँ पहनाकर मुबारकबाद पेश की।मुफ्ती नूर मोहम्मद हसनी ने कहा कि मक्का मदीना दुनिया का सबसे पवित्र स्थान है। इस्लाम की बुनियाद पाँच चीजो पर है 1- कलिमा, 2-नमाज, 3 जकात, 4 हज और 5- रमजान माह के रोजे इस्लाम में चौथा स्थान हज का है। हज करना हर मुसलमान पर फर्ज है। जिंदगी में एक बार हज करना बेहद जरूरी है।अगर हज को न जा सके तो एक बार उमरा को जरूर जाएं।किछौछा शरीफ से आए मौलाना हाफिज मोहम्मदुज्जमा अन्सारी ने सफर-ए-उमरा के सारी दुआएं और तरीको के साथ हाजियों को मक्का मदीना खाना किया।नियाज अहमद अन्सारी, शमसुल हसन, तौफीक अहमद,नदीम अन्सारी, पप्पू,सभासद नदीम अन्सारी, रिजवान लियाकती, निहाल अहमद अंसारी, जीशान हसनी, वसीम,रज्जू, इकबाल अहमद आदि लोगों ने शिरकत की है।

## राय सिख को एससी का दर्ज़ा दिलाने की मांग ने पकड़ा जोर

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के थाना हजारा मे हुई एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई जिसने पंजाब-हरियाणा राज्य की तर्ज पर राय सिख को एससी में शामिल करने की मांग जोर पकड़ने लगी है।राय सिख वेलफ़ेयर संगठन ने इसके लिए गांव-गांव में सभाएं कर बिरादरी को आंदोलन के लिए लामबंद करने में जुट गया है जिसमें मांग जल्द पूरी न होने पर सड़कों पर उतरने का संकल्प लिया गया ऑल इंडिया राय सिख वेलफ़ेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कहा कि पंजाब-हरियाणा में समाज को एससी का दर्ज़ा मिल गया है। इसी तरह देश के हर हिस्से में मौजूद राय सिख समाज को एससी का दर्ज़ा मिले उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राय सिख समाज के उत्थान के लिए काम नहीं कर रही है। इसलिए समाज को एससी की तरह ही सुविधाएं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दूसरे राज्यों की तरह ही इस प्रदेश में भी राय सिख को एससी का दर्ज़ा मिले उन्होंने कहा कि हक लेने के लिए समाज को एकजुट होना पड़ेगा उन्होंने कहा कि समाज को जागरूक करने के लिए संगठन प्रयासरत है।इसके लिए संगठन के नेता गांव-गांव पहुंच रहे है। उन्होंने कहा कि जल्द ही समाज की मांग को सरकार ने पूरा नहीं किया तो समाज के लोग आंदोलन करेंगे। संगठन प्रदेश में समाज को हक दिलाने के लिए पूरी ताकत से संघर्ष करेगा काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरपाल सिंह जग्गी ने कहा कि राय सिख समाज लंबे समय से सामाजिक उपेक्षा और आर्थिक पिछड़ेपन का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि 1881 से 1931 तक की जनगणना रिपोर्टों और कई आयोगों की सिफारिशों में भी राय सिख समाज को पिछड़ा वर्ग बताया गया है पंजाब में वर्ष 2007 और हरियाणा में 2016 में राय सिख समाज को दलित श्रेणी में शामिल किया जा चुका है।

## शिक्षक नेता की टिप्पणी पर बवाल, विधायक ने जताया कड़ा ऐतराज

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। शिक्षक नेता श्यामलाल निषाद द्वारा भगवा वस्त्र और उसे पहनने वालों पर की गई आपत्तिजनक और अभद्र टिप्पणी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद राजनीतिक माहौल गरमा गया है। वीडियो में श्यामलाल निषाद द्वारा ल्रहरामीङ्क जैसे शब्द का प्रयोग भगवा धारण करने वालों के लिए किया गया, जिस पर कादीपुर विधायक राजेश गौतम ने मंच से खुलकर नाराज़गी जताई। विधायक राजेश गौतम ने कहा कि ल्रसनातन धर्म के प्रतीक भगवा रंग पर इस तरह की अभद्र भाषा किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जा सकती। यह न केवल धार्मिक भावनाओं का अपमान है, बल्कि सामाजिक सौहार्द्र को भी ठेस पहुँचाने वाला वक्तव्य है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति धर्म और आस्था के प्रतीकों पर इस तरह की असंवेदनशील टिप्पणी न करे।

# सिंहपुर में कक्षा आठ की छात्रा नीलम एक दिन के लिये बनी खण्ड शिक्षा अधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उददेश्य से प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के तहत सिंहपुर में एक अनोखी पहल की गई। खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी के नेतृत्व में कम्पोजिट विद्यालय सिंहपुर की कक्षा आठ की छात्रा नीलम को एक दिन का खण्ड शिक्षा अधिकारी बनने का अवसर प्रदान किया गया। छात्रा नीलम ने खण्ड शिक्षा अधिकारी की भूमिका निभाते हुये ब्लाक संसाधन केन्द्र के विभिन्न पटलों का जायजा लिया और साफ सफाई, फाइलों एवं अभिलेखों के रख रखाव को लेकर संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने कार्यालय में जनसुनवाई भी की जहां फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर उनके समाधान हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों ने बालिका खण्ड शिक्षा अधिकारी की लगन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता की सराहना की।गौरतलब है कि मिशन शक्ति अभियान का उददेश्य महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रोत्साहित करना है।जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देशन में जनपद में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं, जिनमें महिलाओं और बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबरों एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई जा रही है।इस मौके पर शिक्षक नेता सत्येन्द्र तिवारी, रविकांत श्रीवास्तव, दीपिका अवस्थी, सरिता शुक्ला, उबैद अहमद, आशीष मौर्या, अनीस अहमद, दीप शिखा, बीना यादव, पवन कुमार,वाहिद अली, आलोक शुक्ला, चंद्र शेखर द्विवेदी, मोहम्मद अशरफ नवाज सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# सीएमओ ने चिकित्सा शिविर का फीता काटकर मेलार्थियों को किया समर्पित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**प्रताप सेवा समिति के सौजन्य से मेडिकल कैंप का आयोजन**

**बड़ी संख्या में समाजसेवियों का जमावड़ा**

सुल्तानपुर। जनपद में होने वाली ऐतिहासिक दुर्गापूजा की शुरुआत दशहरा के दिन से हो चुकी है, सैकड़ो की संख्या माता रानी का दरबार सज गए है, जगह-जगह माता रानी के भक्तगण भंडारा, खोया-पाया कैंप, विश्राम स्थल, चिकित्सा शिविर के द्वारा मां के भक्तों की सेवा में लगे हुए है। दशको से समाजसेवी संस्था प्रताप सेवा समिति द्वारा डाकखाना चौराहा स्थित डां.बीसी मिश्र के आवास के सामने दुर्गा पूजा पर्व पर चिकित्सा शिविर लगाकर मेले में आने वाले भक्तगणों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओ को लेकर एक्सपर्ट डाक्टर्स व स्टाफ के द्वारा जांच, ईलाज व परामर्श देने का काम किया जाता है। मुख्य चिकित्साधिकारी डां.भारत भूषण ने शिविर का उद्घाटन करने के पश्चात मौजूद लोगो को संबोधित करते हुए कहाकि जनपद की ऐतिहासिक दुर्गा पूजा आस्था, भक्ति और अनेकता में एकता का मजबूत स्तंभ है, उन्होंने कहाकि स्वास्थ्य विभाग भी अपने स्तर से समस्त तैयारी कर रखी है, वही मेला प्रभारी डां.लालजी ने अपील करते हुए कहाकि बदलते मौसम को ध्यान में रखते हुए खान-पान में सावधानी बरतें, खुली व तैलीय खाद्य पदार्थ के सेवन से बचे। प्रताप सेवा समिति के सचिव विजय विद्रोही ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। मौके पर डां.अबसार अहमद, डां.एसके श्रीवास्तव, पंकज तिवारी, प्रताप सेवा समिति के अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा ,जीतेंद्र श्रीवास्तव, डां.बीसी मिश्र, तथा दर्जनों प्रताप सेवा समिति के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# अब दसवीं की परीक्षा दो अवसरों के साथ

सीबीएसई के नये पैटर्न के तहत पहली बार कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाएं एक ही सत्र में दो बार आयोजित की जाएंगी। आगामी फरवरी में 10वीं के छात्र अनिवार्य बोर्ड परीक्षा देंगे, इसके बाद यदि कोई छात्र चाहे तो मई में वह वैकल्पिक परीक्षा देकर अपने अंक सुधार सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक, इस पैटर्न से छात्रों को हर तरह की राहत मिलेगी। हालांकि इसमें चुनौतियां भी कम नहीं। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यानी सीबीएसई की अगले साल होने वाली 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की तारीखें निश्चित हो गई हैं। इसके साथ ही पहली बार कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाएं एक ही शैक्षणिक सत्र में दो बार आयोजित की जाएंगी। यह बिलकुल नया पैटर्न होगा। साल 2026 में 10वीं और 12वीं की सीबीएसई बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से 6 मार्च 2026 तक आयोजित की जाएंगी। इसके बाद यानी इंप्रूवमेंट सत्र में 15 मई से 1 जून 2026 तक 10वीं परीक्षा एक बार और होगी। दोनों में से जिस परीक्षा में स्टूडेंट को अपने बेहतर अंक लगें, उसे अपनी मानक परीक्षा के रूप में अपने पास रख सकते हैं। यह बदलाव देश के परीक्षा पैटर्न में एक ऐतिहासिक मोड़ के रूप में आ रहा है। बहुत संभव है कि इसके बाद देश के ज्यादातर या सभी बोर्ड इस पैटर्न को अपना लें। आने वाले फरवरी माह में सीबीएसई के 10वीं के छात्र अनिवार्य बोर्ड परीक्षा देंगे, इसके बाद यदि कोई छात्र चाहे तो मई में वह वैकल्पिक परीक्षा सत्र में भी भाग लेकर अपनी अंक तालिका को बेहतर बना सकता है। हालांकि दूसरे सत्र में सुधार केवल तीन कोर सब्जेक्ट तक ही सीमित रहेगा। दोनों ही परीक्षाएं पूरे वर्ष के पाठ्यक्रम पर आधारित होंगी। हालांकि इंटरनल एसेसमेंट शैक्षणिक सत्र में सिर्फ एक बार ही होगा, न कि दो बार। विषय परिवर्तन भी नहीं होगा यानी पहली परीक्षा में छात्र जिन विषयों में इम्तिहान देंगे, उन्हीं विषयों को दूसरी परीक्षा के लिए भी चुनना होगा। नया नियम यह भी है कि दूसरी परीक्षा के लिए लिस्ट में नये नामों को नहीं जोड़ा जायेगा। यदि कोई छात्र पहली परीक्षा में पास नहीं हुआ, तो वह मई सत्र में कंपार्टमेंट परीक्षा भी दे सकेगा। अब के पहले तक यदि छात्र कम अंक प्राप्त करते हैं या फ़ेल हो जाते हैं तो उन्हें कंपार्टमेंट परीक्षा देनी पड़ती थी, जो मेन परीक्षा से बहुत बाद में होती थी और कई छात्रों का एक साल बर्बाद हो जाता था। इसलिए यह नया पैटर्न उनके भी हित में होगा। अभी तक एक ही परीक्षा 'मेक या ब्रेक' वाली होती थी यानी यदि कोई छात्र किसी विषय में अच्छा प्रदर्शन न कर पाता तो उससे उसका पूरा परीक्षा परिणाम प्रभावित होता था। इस वजह से तनाव, अभिभावकों और छात्रों के लिए चिंता का विषय था। लेकिन अब इससे उन्हें किसी एक या तीन कोर विषयों पर स्थिति बेहतर करने का महज कुछ दिनों के भीतर ही दूसरा मौका मिलेगा। विशेषज्ञों के मुताबिक, इस नये परीक्षा पैटर्न से छात्रों को हर तरह की राहत मिलेगी। यह बदलाव राष्ट्रीय शिक्षा नीति में लचीलापन और छात्र उन्मुख विकल्प के रूप में सामने आयेगा। दो सत्र की परीक्षा आयोजित करने, परीक्षा केंद्रों, मूल्यांकन कर्मियों आदि की व्यवस्था करने का स्कूलों और बोर्ड पर काफी ज्यादा दबाव रहेगा। साथ ही विद्यार्थियों, स्कूलों और अभिभावकों को अतिरिक्त तैयारी करनी होगी। शिक्षकों को टाइम टेबल व अन्य संसाधनों के साथ सामंजस्य बिठाना पड़ेगा। इसके साथ ही विषय चयन बदलने, विषयों के बदलाव आदि की अनुमति नहीं है। असल में, यह आने वाली पहली परीक्षा के बाद ही पता चलेगा कि यह प्रयोग कितना सफल और सार्थक रहेगा।

# प्रदूषण : भारत में हमारी असंवेदनशीलता का खतरनाक सच

**भारत की स्थिति इस मामले में बेहद चिंताजनक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट बताती है कि दिल्ली, कानपुर, लुधियाना, पटना और झारखंड जैसे कई हिस्सों में वायु गुणवत्ता सूचकांक लगातार खतरनाक श्रेणी में रहता है। सर्दियों में जब मौसम ठंडा और स्थिर होता है तो प्रदूषित कण हवा में ज्यादा देर तक टिके रहते हैं और लोगों को जहरीली धुंध का सामना करना पड़ता है। इसके लिए कई कारण जिम्मेदार हैं। औद्योगीकरण के साथ बड़ी संख्या में बढ़ते वाहन, बिजली घरों और फैक्ट्रियों से निकलता धुआं, जीवाश्म ईंधन पर बढ़ती निर्भरता, सर्दियों में किसानों द्वारा पराली जलाना, शहरों में कचरा खुलेआम जलाना, निर्माण कार्यों से निकलती धूल और प्रदूषण नियंत्रण नियमों की अनदेखी, ये सब मिलकर इस समस्या को भयावह बनाते हैं। सबसे खतरनाक बात यह है कि लोग इस समस्या को अब सामान्य मान चुके हैं। हमारी असंवेदनशीलता इस संकट की सबसे बड़ी वजह बन चुकी है। सड़कों पर कचरा जलाना, निजी वाहनों की अंधाधुंध बढ़ोतरी, औद्योगिक इकाइयों का नियमों का उल्लंघन करना, और खेतों में पराली जलाने की परंपरा जारी रखना, ये सब हमारी ही लापरवाही और असंवेदनशीलता के उदाहरण हैं। हमें लगता है कि प्रदूषण का असर कहीं बाहर होता है, हमारी निजी जिंदगी पर इसका सीधा असर नहीं पड़ता। परंतु सच्चाई यह है कि यह जहर हमारी सांसों और हमारे दिल की धड़कनों तक पहुंच चुका है। स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव बेहद गहरे हैं। दिल की बीमारियाँ बढ़ने का अर्थ है कार्य क्षमता में कमी, अस्पतालों का बढ़ता बोझ, इलाज पर बढ़ता खर्च और जीवन की गुणवत्ता में गिरावट। यह केवल व्यक्ति की नहीं पूरे देश की अर्थव्यवस्था की समस्या बनता जा रहा है। जब बड़ी संख्या में लोग बीमारी के कारण अपनी उत्पादकता खो देते हैं तो यह राष्ट्रीय विकास को धीमा कर देता है। प्रदूषण इसलिए केवल स्वास्थ्य का ही नहीं बल्कि आर्थिक विकास का भी गंभीर मुद्दा है। अब सवाल है कि समाधान क्या है। क्या इस अंधकार में कोई रोशनी है। इसका उत्तर हाँ में है, बशर्ते कि हम सब मिलकर प्रयास करें। सरकार को कड़े नियम लागू करने होंगे। प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर निगरानी और दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए। वाहनों की संख्या नियंत्रित करने के लिए सार्वजनिक परिवहन को सस्ता, सुविधाजनक और सुरक्षित बनाना होगा। किसानों को पराली जलाने के विकल्प उपलब्ध कराने होंगे ताकि वे मजबूरी में खेतों को जलाने के बजाय नई तकनीकों का उपयोग कर सकें। निर्माण कार्यों के लिए भी सख्त नियम बनाकर उनकी निगरानी करनी होगी।**

भारत में प्रदूषण की समस्या कोई नई नहीं है। यह हर साल की कहानी बन चुकी है। विशेषकर सर्दियों में जब दिल्ली और उत्तर भारत के कई राज्य जहरीली धुंध और स्मॉग से ढक जाते हैं, तब यह विषय चर्चा का केंद्र बनता है। परंतु सच्चाई यह है कि प्रदूषण अब केवल मौसम विशेष की परेशानी नहीं रहा, अब ये एक स्थायी संकट बन चुका है और इस संकट की जड़ हमारी असंवेदनशीलता है। आम लोगों की धारणा रही है कि प्रदूषण का असर केवल फ़ेफड़ों पर पड़ता है, लेकिन विज्ञान ने इसे गलत करार दिया है। नई चिकित्सीय खोजें बताती हैं कि प्रदूषण का सीधा असर हमारे दिल पर होता है। न्यू इग्लेंड जर्नल ऑफ मेडिसिन और अमेरिका हेल्स एसोसिएशन के अनुसार प्रदूषण में मौजूद कण जैसे पीएम., पीएम, और जहरीली गैसें (कार्बन मोनोऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड, ओजोन) रक्त प्रवाह तक पहुंचकर हृदय को प्रभावित करती हैं। ये सूक्ष्म कण शरीर में सूजन और ऑक्सीडेटिव तनाव बढ़ाते हैं। धमनियों की आंतरिक परत कमजोर पड़ने लगती है, जिससे ब्लॉकेज, हाई ब्लड प्रेशर और रक्त के थक्के बनने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। इसका सीधा परिणाम हार्ट अटैक, स्ट्रोक और हार्ट फ़ेल्योर जैसे गंभीर रोगों के रूप में सामने आता है। वर्तमान में प्रदूषण और दिल की बीमारियों का यह रिश्ता अब वैश्विक स्तर पर प्रमाणित तथ्य बन चुका है। द लांसेट कमीशन की रिपोर्ट कहती है कि वर्ष 2019 में पूरी दुनिया में लगभग 90 लाख मौतें केवल वायु प्रदूषण के कारण हुईं। इनमें से 62 प्रतिशत मौतें हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी हृदय रोगों से जुड़ी थीं। भारत की स्थिति इस मामले में बेहद चिंताजनक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट बताती है कि दिल्ली, कानपुर, लुधियाना, पटना और झारखंड जैसे कई हिस्सों में वायु गुणवत्ता सूचकांक लगातार खतरनाक श्रेणी में रहता है। सर्दियों में जब मौसम ठंडा और स्थिर होता है तो प्रदूषित कण हवा में ज्यादा देर तक टिके रहते हैं और लोगों को जहरीली धुंध का सामना करना पड़ता है। इसके लिए कई कारण जिम्मेदार हैं। औद्योगीकरण के साथ बड़ी संख्या में बढ़ते वाहन, बिजली घरों और फैक्ट्रियों से निकलता धुआं, जीवाश्म ईंधन पर बढ़ती निर्भरता, सर्दियों में किसानों द्वारा पराली जलाना, शहरों में कचरा खुलेआम जलाना, निर्माण कार्यों से निकलती धूल और प्रदूषण नियंत्रण नियमों की अनदेखी, ये सब मिलकर इस समस्या को भयावह बनाते हैं। सबसे खतरनाक बात यह है कि लोग इस समस्या को अब सामान्य मान चुके हैं। हमारी असंवेदनशीलता इस संकट की सबसे बड़ी वजह बन चुकी है। सड़कों पर कचरा जलाना, निजी वाहनों की अंधाधुंध बढ़ोतरी, औद्योगिक इकाइयों का नियमों का उल्लंघन करना, और खेतों में पराली जलाने की परंपरा जारी रखना, ये सब हमारी ही लापरवाही और असंवेदनशीलता के उदाहरण हैं। हमें लगता है कि प्रदूषण का असर कहीं बाहर होता है, हमारी निजी जिंदगी पर इसका सीधा असर नहीं पड़ता। परंतु सच्चाई यह है कि यह जहर हमारी सांसों और हमारे दिल की धड़कनों तक पहुंच चुका है। स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव बेहद गहरे हैं। दिल की बीमारियाँ बढ़ने का अर्थ है कार्य क्षमता में कमी, अस्पतालों का बढ़ता बोझ, इलाज पर बढ़ता खर्च और जीवन की गुणवत्ता में गिरावट। यह केवल व्यक्ति की नहीं पूरे देश की अर्थव्यवस्था की समस्या बनता जा रहा है। जब बड़ी संख्या में लोग बीमारी के कारण अपनी उत्पादकता खो देते हैं तो यह राष्ट्रीय विकास को धीमा कर देता है। प्रदूषण इसलिए केवल स्वास्थ्य का ही नहीं बल्कि आर्थिक विकास का भी गंभीर मुद्दा है। अब सवाल है कि समाधान क्या है। क्या इस अंधकार में कोई रोशनी है। इसका उत्तर हाँ में है, बशर्ते कि हम सब मिलकर प्रयास करें। सरकार को कड़े नियम लागू करने होंगे। प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर निगरानी और दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए। वाहनों की संख्या नियंत्रित करने के लिए सार्वजनिक परिवहन को सस्ता, सुविधाजनक और सुरक्षित बनाना होगा। किसानों को पराली जलाने के विकल्प उपलब्ध कराने होंगे ताकि वे मजबूरी में खेतों को जलाने के बजाय नई तकनीकों का उपयोग कर सकें। निर्माण कार्यों के लिए भी सख्त नियम बनाकर उनकी निगरानी करनी होगी। किंतु इसके साथ यह भी समझना होगा कि यह जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं है। आम नागरिकों को भी आगे आना होगा। हमें निजी वाहनों पर निर्भरता कम करनी होगी और सार्वजनिक परिवहन, साइकिल तथा पैदल चलने को प्राथमिकता देनी होगी। घरों और मोहल्लों में अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे और उनकी देखभाल करनी होगी। बिजली और पानी की बचत करनी होगी और नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों जैसे सौर और पवन ऊर्जा को अपनाना होगा। कचरा जलाने से बचना होगा और उसका वैज्ञानिक ढंग से प्रबंधन करना होगा। सबसे महत्वपूर्ण है कि हम प्रदूषण के खतरों और उसके स्वास्थ्य पर असर को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाएं। असल में प्रदूषण का असली समाधान हमारी संवेदनशीलता में छिपा है। जब तक हम यह नहीं समझेंगे कि प्रदूषण से लड़ना हमारी निजी जिम्मेदारी है, तब तक यह संकट कम नहीं होगा। यह केवल अदालतों या प्रशासन का विषय नहीं है, यह हमारे जीवन और मृत्यु का प्रश्न है। हमें यह स्वीकार करना होगा कि प्रदूषण को कम करना कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जीवन बचाने की अनिवार्यता है। आज भारत का पर्यावरण और हमारे दिल दोनों एक ही संकट से गुजर रहे हैं। अगर हम आज नहीं चेते तो आने वाली पीढ़ियां जहरीली हवा और बीमार शरीर की विरासत पाएंगी। क्या हम उन्हें ऐसा भविष्य देना चाहते हैं। अगर नहीं, तो आज ही हमें प्रण लेना होगा कि हम पर्यावरण के प्रति संवेदनशील होंगे, प्रदूषण रोकने के प्रयासों में सक्रिय रूप से भाग लेंगे और अपनी जीवनशैली में ऐसे बदलाव करेंगे जो प्रकृति और स्वास्थ्य दोनों के लिए अनुकूल हों। स्वच्छ हवा और स्वस्थ दिल केवल सरकारी आदेशों या वैज्ञानिक उपायों से नहीं मिल सकते। यह तभी संभव है जब नागरिक और शासन मिलकर आगे बढ़ें और एक नई सोच विकसित करें। भारत के भविष्य की कुंजी इसी सामूहिक जिम्मेदारी में छिपी है। हमारी असंवेदनशीलता ही प्रदूषण का सबसे बड़ा सच है और यदि हमने समय रहते इसे संवेदनशीलता में नहीं बदला तो यह संकट हमारे अस्तित्व पर ही प्रश्नचिह्न लगा देगा। **–डॉ. निवेदिता शर्मा**

# लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं विपक्ष का चेहरा

**संजीव ठाकुर**

भारत का लोकतंत्र संविधान की सबसे मनमोहक और गौरवपूर्ण उपलब्धियों में से एक है। यह केवल शासन की प्रणाली ही नहीं है, बल्कि यह स्वतंत्र भारत के हर नागरिक की आवाज, उनके अधिकार, न्याय और समानता का स्वस्थ एवं महान प्रतीक है। लोकतंत्र की असली सुंदरता इसकी प्रजातांत्रिक स्वतंत्रता में है, जहाँ हर व्यक्तिकृचाहे वह सांसद हो या आम नागरिककृअपने विचार व्यक्त कर सकता है और सुझाव दे सकता है और किसी भी गलत बात के विरुद्ध अपनी आवाज बुलंद कर सकता है। यही लोकतंत्र की मूल आत्मा है, जो भारतीय लोकतंत्र को जीवंत, सशक्त और गौरव शाली बनाती है। हालांकि, वर्तमान समय में यह देखा गया है कि मनोनीत विपक्ष और कुछ सांसद लोकतंत्र को कथित तौर पर बड़े खतरे में बता रहे हैं। उनके इस कथन से कभी-कभी मीडिया और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भ्रम फैलाया जाता है। यह दृश्य समाज में सवाल उठाता है क्या वास्तव में लोकतंत्र संकट में है, यह केवल बहस और आलोचना की प्रक्रिया का हिस्सा है या अपनी नाकामी और निष्क्रियता को पर्दे में रखने के लिए सत्ताधारी दल पर लोकतंत्र के खतरे का आह्वान कर आरोप लगाया जाता है। वास्तविकता यह है कि लोकतंत्र की मजबूती विपक्षी दलों के जिम्मेदार और संवेदनशील दृष्टिकोण में निहित है। संसद और विधानसभा में विपक्ष सरकार की नीतियों की समीक्षा करता है, सवाल उठाता है और सुधार की दिशा सुझाता है। यही लोकतंत्र की जिजीविषा और आलोचना ही लोकतंत्र की ताकत बनती है, जब यह विपक्ष सशक्त, रचनात्मक और संवेदनशील हो। 2011 के 'जनलोकपाल आंदोलन' में विपक्ष ने भ्रष्टाचार की खामियों को उजागर किया और साथ ही सुधार के सुझाव भी दिए थे।कोरोना महामारी के दौरान विपक्ष ने राहत और स्वास्थ्य योजनाओं में सुधार के लिए सक्रिय भूमिका भी निभाई थि।चुनावी समय में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जनता की भागीदारी ने लोकतंत्र को और अधिक पारदर्शी और सशक्त बनाया।किंतु कभी-कभी विपक्षी दल या सांसद केवल नकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हैं। बार-बार हंगामा, सोशल मीडिया पर लोकतंत्र की कमजोरी का प्रचार, या असहज प्रदर्शनकृये सभी लोकतंत्र की सौम्य प्रक्रिया को चुनौती देते हैं। ऐसे समय में जनता की जागरूक भागीदारी, मीडिया की निष्पक्षता और न्यायपालिका की स्वतंत्रता लोकतंत्र की रक्षा करती हैं।अंतरराष्ट्रीय दृष्टि से देखा जाए, तो कभी-कभी यह प्रचारित किया जाता है कि भारत का लोकतंत्र संकट में है। यह आरोप मुख्यतः विपक्षी घटनाओं को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने या उन्हें संदर्भ से अलग पेश करने से उत्पन्न होते हैं। वास्तविकता यह है कि भारत का लोकतंत्र मजबूत, जीवंत और संवेदनशील है। संसद में बहस, विरोध और आलोचना लोकतंत्र की प्रक्रिया का हिस्सा हैं। यही लोकतंत्र की गहराई और सजीवता को दर्शाता है। भविष्य में लोकतंत्र और अधिक सशक्त तभी होगा, जब जनता सजग, विपक्ष जिम्मेदार और सरकार पारदर्शी रहे। डिजिटल तकनीक और सोशल मीडिया लोकतंत्र की प्रक्रिया को और अधिक समावेशी और जीवंत बना रहे हैं। लोकतंत्र केवल वोट देने का माध्यम नहीं है, बल्कि हर नागरिक की सक्रिय भागीदारी, न्याय की भावना और संवेदनशीलता का अद्भुत सम्मिश्रण है। भारत का लोकतंत्र संविधान की सबसे मनमोहक और गौरवपूर्ण उपलब्धि है। मनोनीत विपक्ष और कुछ सांसदों द्वारा इसे खतरे में बताने के बावजूद वास्तविकता यह है कि लोकतंत्र सशक्त, संवेदनशील और गर्वित है। आलोचना जिम्मेदारी और रचनात्मकता के साथ हो, तभी लोकतंत्र प्रगतिशील बनता है। जनता की जागरूकता, स्वतंत्र न्यायपालिका और जिम्मेदार विपक्षकृये सभी मिलकर लोकतंत्र की चमक, स्थिरता और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की गरिमा को बनाए रखते हैं।

## सेहत मंत्र

# वर्कआउट के बाद पिएं तरबूज व तुलसी ड्रिंक शरीर रहेगा हाइड्रेट और मिलेगी एक्सट्रा एनर्जी

यदि आप भी उनमें से एक हैं, जो रोजाना एक्सरसाइज या वर्कआउट को अपने दिन का अहम हिस्सा मानते हैं और फिट रहने के लिए एक्सरसाइज करते हैं, तो आप यह भी जरूर जान लें कि वर्कआउट सेशन के पहले और बाद आप क्या खाते या पीते हैं, इसका आपके वर्कआउट पर काफी असर पड़ता है। आप में से सभी लोग यह बात जानते ही होंगे कि आपके शरीर के लिए हाइड्रेटेड रहना कितना महत्वपूर्ण है। ऐसे में वर्कआउट या एक्सरसाइज के लिए भी आपके लिए हाइड्रेट रहना बहुत जरूरी होता है क्योंकि जब आपके शरीर में पानी की पर्याप्त मात्रा नहीं होती और अधिक पसीने की वजह से डिहाइड्रेशन हो सकता है। इतना ही नहीं आपको डिहाइड्रेशन की वजह से एक नहीं कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती है, जिसमें गुर्दे की समस्या भी शामिल है। इसलिए शरीर को हाइड्रेट रखने और एर्नेजेटिक रखने के लिए वर्कआउट सेशन के बाद तरल पदार्थों का सेवन आवश्यक माना जाता है। आइए हम आपको बताते हैं कि आपको अपने वर्कआउट के बाद 2 चीजों से बनी ऐसी ड्रिंक, जो आपके लिए बेहद फायदेमंद शाबित होगी। अधिकांश लोग खुद को हाइड्रेट रखने के लिए बहुत सारा प्लेन पानी पीकर खुद को स्वस्थ रखने की कोशिश करते हैं। लेकिन आप अगर कुछ टेस्टी और हेल्दी ड्रिंक चाहते हैं, जो आपको हाइड्रेट रखने के साथ वर्कआउट के बाद भी एर्नेजेटिक बनाए रखे, तो उसका सबसे अच्छा विकल्प है तरबूज और तुलसी से बनी ये खास ड्रिंक। तरबूज और तुलसी ये बनी यह ड्रिंक हाइड्रेशन के लिए काफी प्रभावी और अच्छा विकल्प है। विटामिन्स और मिनरल्स से भरपूर तरबूज आपके इलेक्ट्रोलाइट को संतुलित करने में मदद करता है। एग्नेसियम, पोटेशियम और नमक के साथ पैक, तरबूज 90% पानी से बना होता है, जो आपके शरीर को एक फ्लूइड बैलेंस बनाए रखने में मदद करता है। जबकि तुलसी के पत्ते पाचन के लिए अच्छे होते हैं, वे शरीर को डिटॉक्सीफाई करने में मदद के साथ स्वस्थ आंत को बढ़ावा देने में मदद करते हैं।

## धर्म मंत्र

# धर्म और सत्य की खोज के पथिक स्वयं को जाने

धर्म के विस्तार एवं विविधता की खोज अनावश्यक है । आवश्यक है धर्म के तत्त्व की खोज, इसकी अनेकता में एकता की खोज, इसके परम सार की खोज । यह खोज जितनी अनिवार्य एवं पवित्र है, इसकी विधि उतनी ही रहस्यमय और आश्चर्यपूर्ण है । इसे न समझने वाले जीवन की भँवरों की भटकन में भटकते रहते हैं । धर्म को खोजते हुए स्वयं को खो देते हैं । क्योंकि वे धर्म के तत्त्व को नहीं उसके विस्तार एवं विविधता को खोजते हैं । धर्म के तत्त्व की खोज तो स्वयं की खोज में पूरी होती है । स्वयं का सत्य मिलने पर धर्म अपने-आप ही मिल जाता है । यह तत्त्व शास्त्रों में नहीं है । शास्त्रों में तो जो है, वह केवल संकेत है । धर्म-ग्रन्थों में जो लिखा है, वह तो बस चन्द्रमा की ओर इशारा करती हुई अंगुली भर है । जो इस अंगुली को चन्द्रमा समझने की भूल करता है, वह अंगुली को तो थाम लेता है, पर चन्द्रमा को हमेशा के लिए खो देता है । शास्त्रों की ही भाँति सम्प्रदाय भी है । धर्म का तत्त्व इन सम्प्रदायों में भी नहीं है । सम्प्रदाय तो संगठन है । ये सुव्यवस्थित रीति से केवल अपने मत का प्रचार करते हैं । बहुत हुआ तो धर्म की ओर रुचि पैदा करते हैं । अधिक से अधिक उसकी ओर उन्मुख कर देते हैं । धर्म का तत्त्व तो निज की अत्यन्त निजता में है । उसके लिए स्वयं के बाहर नहीं, भीतर चलना आवश्यक है । धर्म का तत्त्व तो स्वयं की श्वास-श्वास में है । बस उसे उघाड़ने की दृष्टि नहीं है । धर्म का तत्त्व स्वयं के रक्त की प्रत्येक बूंद में है ।

पर्यटन



# दिल्ली के पास इस खूबसूरत जगह की आप कर सकते हैं स्विट्जरलैंड से तुलना

कई बार ऐसा होता है कि हम अपने वीकेंड पर दिल्ली से बाहर जाने की प्लानिंग करते हैं लेकिन जगह नहीं सोच पाते कि कहां जाया जाए? अगर घूमने के शौकीन हैं तो आप अच्छे से जानते होंगे कि दिल्ली के पास घूमने लायक ज्यादा कुछ है नहीं... मसूरी, नैनीताल, आगरा, ऋषिकेश, जिम कॉर्बेट यहीं सब है... इन सब जगहों पर आप कई बार जा चुके होंगे... अब मुद्दा ये है कि नया क्या ट्राय किया जाए.. वो भी दिल्ली के आस-पास क्योंकि वीकेंड पर तो 2 ही दिन की छुट्टी होती है और दो दिन के लिए ऐसी जगह मिल जाए जहां नैचर की खूबसूरती भी हो और कुछ एक्टिविटी भी हो ताकि बोरियत न हो... आज में आपको इस आर्टिकल में बताने जा रही हूं दिल्ली के पास की एक ऐसी जगह जिसकी खूबसूरती की तुलना आप स्विट्जरलैंड से कर सकते है। दिल्ली से केवल ढाई सो किलोमीटर दूर उत्तराखंड में जिम कोर्बेट नेशनल पार्क है... जहां आप शायद पहले भी जा चुके हो लेकिन क्या आप जिम कॉर्बेट के ढिकाला जोन में गये है। अगर वाइल्ड लाइफ लवर है तो पक्का ये जगह आपको खूब पसंद आएगी। यहां आप जंगल में जंगली जानवरों के बीच पूरी रात गुजार सकते हैं साथ ही जंगल में जंगल सफारी का मजा भी उठा सकते है। आपको याद होगा कि अभी पीएम नरेंद्र मोदी ने बेयर ग्रिल्स के साथ जंगल में वाइल्ड लाइफ का शूट किया था वो जिम कोर्बेट के नेशनल पार्क में ही किया गया था। तब से जिम कार्बेट की पॉपुलेरिटी और भी बढ़ गई है। जिम कोर्बेट के ढिकाला जोन में नाइट स्टे करने के लिए और सफारी करने के लिए आपको 45 दिन पहले ही अपनी ऑनलाइन बुकिंग करानी पड़ेगी आप उत्तराखंड की जिमकोर्बेट की बेवसाइट पर जाकर ऑनलाइन बुकिंग कर सकते है। आप चाहें तो ऑनलाइन न करके आप किसी एजेंट से भी ढिकाला जोन में रहने की बुकिंग करवा सकते है बस आपको एजेंट की फीस देनी होगी।

# शिलान्यास गया छुट्टी पर, पुकलैंड ने संभाली कमान

## महादेवा कारी डोर का काम बिना भूमि पूजन शुरू, नेता बोले जय ठेकेदार देव!

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी। जिले के बहुचर्चित महादेवा कारी डोर परियोजना ने आखिरकार रफ्तार पकड़ ली है – मगर शुरुआत ऐसी हुई कि नेता हैरान हैं और ठेकेदार गदगद। पिछले एक हफ्ते से खुदाई का काम चल रहा है, मिट्टी उखड़ चुकी है, गड्ढे बन चुके हैं, और मशीनें गर्जना कर रही हैं। बस, वैदिक मंत्रों की गूंज कहीं सुनाई नहीं दी। स्थानीय लोगों का कहना है कि ल्लभगवान शिव की धरती पर विकास का काम शुरू तो हुआ, लेकिन पूजा-पाठ शायद किसी दूसरी फाइल में फंसा रह गया।ङ्ककहने वाले कह रहे हैं कि जब से योगी सरकार ने इस प्रोजेक्ट को मंजूरी दी थी, तबसे कयास लगाए जा रहे थे कि मुख्यमंत्री खुद भूमि पूजन करने आएंगे। पूर्व विधायक शरद अवस्थी, पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत, एमएलसी अंगद सिंह और अवनीश पटेल तक इस ल्लड्रीम प्रोजेक्टङ्क के लिए धरना नहीं, दौड़ लगाए थे। सबको उम्मीद थी कि शिलान्यास का मंच सजेगा, भगवा गमछा लहराएगा, मंत्रोच्चार होगा, नारियल फूटेगा। लेकिन यहां तो ठेकेदारों ने ल्लसरकारी रीतिङ्क की जगह ल्लठेकेदारी नीतिङ्क अपनाई – बिना मंत्र, बिना माला, सीधे मशीन चला दी।सूत्र बताते हैं कि खुदाई के पहले न पंडित बुलाया गया, न हवन हुआ। बस पुकलैंड मशीन के आगे अगरबत्ती जलाई गई, एक किलो लड्डू बंटा और उद्घोष हुआ – ल्लचलाओ भाई, काम शुरू करो!ङ्क इसके बाद धरती कांपी, श्रद्धालु थम गए, और विकास ने शास्त्रों की जगह ठेके की राह पकड़ ली। शुक्रवार को बारिश आई तो मशीनें थम गईं, वरना नींव अब तक दहलीज तक पहुंच जाती।जब इस अनुष्ठान-रहित अनुष्ठान पर सवाल उठे तो कार्यदाई संस्था सी ऐंड डी एस के सहायक अभियंता अरुण ने सफाई दी कि ल्लभूमि पूजन प्रशासन का काम है, हमारा नहीं। हमें तो निर्माण करना है, सो हम कर रहे हैं।ङ्क यानी साफ संदेश – ल्लहम शिलान्यास नहीं, खुदाई में विश्वास रखते हैं।ङ्कपूर्व विधायक शरद अवस्थी ने नाराजगी जताते हुए कहा कि ल्लहैदरगढ़ में अवशानेश्वर मंदिर के तीन करोड़ के काम का भूमि पूजन पूरे वैदिक विधान से हुआ था, पर महादेवा में तो लगता है ठेकेदारों ने भगवान से खुद अनुमति ले ली।ङ्कअब श्रद्धालु पूछ रहे हैं कि जब भगवान शिव का दरबार ही बिना पूजा के बन रहा है, तो आने वाले भक्त किससे आशीर्वाद मांगेंगे – भोलेनाथ से या ठेकेदारनाथ से? खैर, काम रुका है तो बस बारिश की वजह से, वरना शिलान्यास तो अब फाइलों में ही मिलेगा। महादेवा की पवित्र भूमि पर फिलहाल यही चर्चा है ल्लजहां मंत्रों की जगह मशीनें बोलें, वहां विकास भी शायद जरा जल्दी आ जाता है!

# 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारी पूरी, 2 नवंबर वर्ष 2025 को होगा भव्य भूमि पूजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । आगामी 26 से 29 नवंबर वर्ष 2025 तक आयोजित होने जा रहे 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारियों को लेकर गायत्री शक्ति पीठ बाराबंकी पर जनपद के कार्यकर्ताओं की विशेष बैठक का आयोजित करके जिम्मेदारियां सौपी गई। बैठक में उपस्थित कार्यकताओं और श्रद्धालुओं ने मिलकर यज्ञ की सफलता हेतु सेवा, समयदान और अंशदान का संकल्प लिया। जिला समन्वयक ए. पी. शर्मा और सत्य प्रकाश श्रीवास्तव ने अब तक की गई तैयारियों की जानकारी साझा की, और कार्यों का विभाजन किया। कार्यों में यज्ञ की व्यवस्था, मंच व्यवस्था, टेंट लाइट,जलपान व भोजन व्यवस्था, शंख ध्वनि प्रतियोगिता, सुरक्षा व्यवस्था, अखंड दीप व्यवस्था, निवास व्यवस्था, जैसे अन्य कार्यों की जिम्मेदारी दी गई। गायत्री परिवार की वरिष्ठ कार्यकर्ता देशबंधु तिवारी ने सभी लोगों से कहा कि जिनको जिम्मेदारियां मिलीं है वे सभी लोग पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाये।



जनपद के पल्हरी चौराहे पर स्थित कार्यक्रम स्थल ज़ेब्रा पार्क में आयोजित 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ हेतु 2 नवंबर वर्ष 2025 को भूमि पूजन समारोह होगा। सभी लोग प्रचार प्रसार में जुट जाएं। भूमि पूजन के साथ नवंबर माह में होने वाले कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। इस अवसर पर दिनेश दीक्षित, ओम कार मिश्रा, शीतला प्रसाद अवस्थी, एडवोकेट सतीश चंद्र अग्निहोत्री, अखिलेश पांडे, सुशील शुक्ला, अहरवा प्रसाद गुप्ता, रामकरन सिंह, मीडिया प्रभारी डॉ. संजय तिवारी, आचार्य संजय मिश्र, शांति दीक्षित ,ऊषा सिंह, सुमन सुधा,कांती सिंह, शशि सिंह, शीलापांडे, वनिता सिंह, कालिंदी सिंह, निर्मला श्रीवास्तव, कौशल्या, पूनम, दिनेश शर्मा, दिनेश अवस्थी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी लोगो ने संकल्प लिया कि सेवा, संस्कार और समर्पण के बल पर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जाएगा।

# देवा महोत्सव से पूर्व डीएम ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक



## देवा मेले की तैयारियों में सुस्ती, अफसरों से नाराज दिखे कलेक्टर

देवा बाराबंकी :विख्यात देवा महोत्सव की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है 8 अक्टूबर से आरंभ होने वाले मेले की तैयारियों को लेकर शनिवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में दूसरी समीक्षा बैठक मेला परिसर के ऑडिटोरियम में आयोजित हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय समेत जिले के सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे।

डीएम ने लोक निर्माण विभाग , एनएचएआई और विनिमय क्षेत्र के अवर अभियंता के कार्यों में सुस्ती देखकर कड़ी नाराजगी जताई और दो दिन के भीतर सभी कार्य पूर्ण करने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने सीडीओ को पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्यों की विशेष मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए बैठक में स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता, पंचायती राज, मत्स्य, उद्यान, नगर पंचायत, विद्युत, पशु चिकित्सा सहित तमाम विभागों की तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की गई सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा करते हुए एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया जाएगा। डेढ़ सौ सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और भीड़ वाले इलाकों में ड्रोन से निगरानी होगी। उन्होंने आदेश दिया कि मेले के दौरान औद्योगिक ट्रकों को देवा मार्ग से न आने दिया जाए, बल्कि बाहरी मार्गों से ही रवाना किया जाए उन्होंने बताया कि देवा क्षेत्र के सात विद्यालयों में बाहर से आने वाले पुलिस बल के ठहरने की व्यवस्था कर दी गई है बैठक में सीडीओ अन्ना सुदन, अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह, एएसपी विकास कुमार त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर संगम कुमार, नगर पंचायत अध्यक्ष हारून वारसी, समिति सदस्य फवाद किदवई, चौधरी तालिब, नजीब कोकब, संदीप सिन्हा, बीडीओ डॉ. नेहा शर्मा, ईओ संध्या मिश्रा, एडीओ पंचायत कुंवर स्वरूप सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# समाधान दिवस में राजस्व मामलों की भरमार, डीएम ने सुना जन शिकायतें






कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेहीघाट बाराबंकी।तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने की। डीएम श्री त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने पूर्ण मनोयोग से फरियादियों की समस्याएं सुनीं।इस दौरान राजस्व विभाग की 54, पुलिस की 19, विकास की 22, आपूर्ति की 3, विद्युत की 3,जल निगम की 5 और नगर पंचायत की 5 व अन्य 11 सहित कुल 122 शिकायती पत्र आए।जिनमें से 19 का निस्तारण किया गया और शेष को संबंधित अधिकारियों को निस्तारित करने के लिए आदेश दिया गया।मौके पर एसडीएम अनुराग सिंह,क्षेत्राधिकार जटाशंकर मिश्रा,तहसीलदार शशांक नाथ उपाध्याय,नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

''रामनगर''! तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी गुंजिता अग्रवाल ने संपूर्ण समाधान दिवस में आए फरियादियों की समस्याएं सुना। 84 शिकायतें प्राप्त हुईं जिसमें अकेले 37 शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित थी।राजस्व 17 पुलिस 11 विद्युत व 9 विकास विभाग से संबंधित थीं। राजस्व के पांच मामलों का निस्तारण मौके पर किया गया।इस मौके पर सी.ओ गरिमा पंत तहसीलदार विपुल कुमार सिंह,एडीओ पंचायत अभय कुमार शुक्ल एडीओ कृषि डॉ.दलबीर सिंह उप निरीक्षक वीरपाल सिंह व राजस्वकर्मी उपस्थित रहे।

''सिरौलीगौसपुर '' तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह की अध्यक्षता और तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा के संयोजन में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 36 शिकायतें प्राप्त हुईं।जिनमें से छः शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया जा सका।उप जिलाधिकारी प्रीति सिंह ने शेष बची शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए, जिससे शिकायतकर्ताओं को बार-बार न आना पड़े और निस्तारण प्रभावी हो।

## विशाल भंडारा आयोजित , भक्तों ने चखा प्रसाद



सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र के उस्मानपुर गांव स्थित प्राचीन बजरंग बली व भोलेनाथ मंदिर परिसर में शनिवार को एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नव दुर्गा युवा जागरण समिति के पदाधिकारियों और ग्रामीणों के सहयोग से संपन्न हुआ। दुर्गा पूजा और विसर्जन के तीसरे दिन आयोजित यह भंडारा शनिवार देर शाम तक चला। भंडारे में शामिल हुए भक्तों और श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर जमीन पर बैठकर मां भगवती का प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने पूरी–सब्जी खीर प्रसाद स्वरूप सेवन किया और माता के जयकारे लगाए। समिति के अध्यक्ष लालता प्रसाद द्विवेदी ने कार्यक्रम की व्यवस्था संभाली। कथावाचक पंडित रामचंद्र तिवारी, मंदिर के पुजारी बाबा शिवनारायण शर्मा और रवि मिश्रा भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर सुरेश वर्मा,राममनोरथ, सुधीर,सतीस, परसराम, सतेन्द्र, सोनू यादव, आशीष वर्मा, प्रमोद द्विवेदी, रामसिंह यादव, संतोष रावत,फूलचंद, रवि यादव, जोगेश, संग्राम, परसराम, शेरबहादुर सेरा और रितिक मौर्य सहित समिति के कई सदस्य मौजूद थे। भंडारे के सफल आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई।

## जतिन बने ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष



बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ज़िला ओलम्पिक एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक उत्तर प्रदेश ओलम्पिक एसोसिएशन के महासचिव आनंदेश्वर पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें ज़िला ओलम्पिक एसोसिएशन के सक्रिय करने पर विचार करते हुए ज़िले की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।सर्वसम्मत से उद्योगपति जतिन वर्मा को अध्यक्ष बनाया गया। मज़हर अज़ीज़ खान को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया अन्य पदाधिकारियों की सूची जारी करने के बाद सबको उनकी जिम्मेदारी दी ताकि जनपद में खेलो को बढ़ावा मिल सके!

## डंफर की टक्कर बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत,एक जख्मी

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मसौली थाना क्षेत्र के कस्बा सआदतगंज निवासी 35 वर्षीय मो.तलहा पुत्र इशरत अली शनिवार को अपने साथी गांव के अब्दुल सफी के साथ सीतापुर महमूदाबाद बहन के यहां ग्यारहवीं शरीफ की मिठाई देने जा रहे थे।दोनो बाइक सवार कस्बा फतेहपुर के मस्ताननगर पहुंचे थे कि पीछे से तेज रफ्तार डंफर ने जोरदार टक्कर मारी ।जिससे गंभीर रूप से घायल मो.तलहा को सीएचसी फतेहपुर मे भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान मृत्यु हुई।जबकि साथी अब्दुल सफी आंशिक रूप से घायल हुआ। मृतक के तीन पुत्र 16 वर्षीय अदनान, 13 वर्षीय जिशान, 10 वर्षीय फौजान पिता की मौत की सूचना आते ही गांव मे कोहराम मच गया।

## फर्जी दस्तावेज से बैनामा, 6 लाख ठगे, एफआईआर

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुर्सी थाना क्षेत्र के ग्राम अनवारी निवासी फौजिया सिद्दीकी पत्नी रेहान अहमद ने पुलिस को बताया कि लगभग दस वर्ष पूर्व गाटा संख्या 768 का एक भूखंड छःलाख में अपने गांव में खरीदा था। जिस पर कब्जा भी कर लिया था। हाल ही में जब उसने मकान बनवाना शुरू किया तो पता चला कि उसी जमीन को किसी और के हाथ भी विक्रय किया गया, जिससे दूसरा भी इसी जमीन पर अपना दावा कर रहा है। पीड़िता ने इंद्रपाल व सहयोगी सिराज अहमद निवासी बेहटा थाना गुडंबा लखनऊ के साथ मिलकर उसके साथ धोखाधड़ी की और कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर दूसरी की जमीन का फर्जी बैनामा करा दिया।पीड़िता ने पुलिस क्षेत्राधिकारी फतेहपुर से मामले की शिकायत की तो आरोपियों ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर नौ सिंतबर को जान माल की धमकी दी। पीड़िता के अनुसार आरोपी शातिर एवं अपराधिक किस्म के हैं।इस संबंध में कुर्सी थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संचारी बैठक, प्रीति ने की समीक्षा

सिरौली गौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। उप जिलाधिकारी प्रीति सिंह की अध्यक्षता में दस्तक एवं संचारी अभियान को लेकर बैठक की गई ।बैठक में तहसील स्तरीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद है। उप जिलाधिकारी प्रीति सिंह ने विभागवार समीक्षा की और उन्हें दायित्व के बारे में बताया।उन्होंने कहा कि संचारी और दस्तक अभियान में जो भी कार्य किया जाए वह जिम्मेदारी के साथ ही किया जाए सिर्फ फोटो तक ही न सीमित रखा जाए ।इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता रामनगर खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार, सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर संतोष सिंह, सीडीपीओ अर्चना, खंड शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्ज़ा, विद्युत उपखंड अधिकारी विमलेश मौर्य और डॉक्टर देव प्रताप वर्मा सहित अन्य तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# नवरात्रि दशहरा पर बीडीसी चुनावी बधाई पोस्टरों की बाढ़, बढ़े प्रत्याशी, बिगड़े प्रधानों के समीकरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुल्तानपुर। सियासी दांवपेंचों पर यहां हर चाल गहरा है, शक्ल से गाय दिखते हैं, शेर का खाल 'पहरा' है।

ठक्ब नहीं, बू है भरी ब्लाक प्रमुखी की, सियासत की विरासत पर बड़ा दमदार पहरा है। जिले के बल्दीराय और धनपतगंज ब्लॉकों में पंचायत चुनाव से पहले सियासत का तापमान तेजी से बढ़ने लगा है। नवरात्रि और दशहरा पर्व की उमंग के बीच सोशल मीडिया पर पंचायत प्रत्याशियों के बधाई पोस्टरों की मानो बाढ़ सी आ गई है। हर प्रत्याशी खुद को मज़बूत दावेदार बताने में जुटा है और प्रचार के नए-नए तरीके आजमा रहा है। बीडीसी सीटें बनीं 'मलाईदार', बढ़े प्रत्याशी इस बार क्षेत्र पंचायत सदस्य की सीटों की अहमियत पहले से कई गुना बढ़ गई है। वजह साफ है आगामी ब्लॉक प्रमुख चुनाव में वही सदस्य निर्णायक भूमिका निभाने वाले हैं।

पिछले चुनाव में जहां ल्लवोट के बदले नोटङ्क का खेल खुलकर देखने को मिला था, वहीं इस बार उस अनुभव ने सीटों को और ल्लमलाईदारङ्क बना दिया है। नतीजा, प्रत्याशियों की संख्या बेतहाशा बढ़ी है और हर कोई ब्लॉक राजनीति में अपनी जगह बनाने को आतुर है। प्रधानों का गणित उलझा, बीढीसी की बढ़ती सक्रियता ने ग्राम प्रधान चुनाव के समीकरणों को भी हिला दिया है। कई ग्रामसभाओं में जहां पहले प्रधान पद के दो-तीन ही प्रत्याशी मैदान में होते थे, अब बीडीसी चुनाव की हलचल ने नए समीकरण खड़े कर दिए हैं। प्रधान पद के दावेदारों को डर है कि कहीं बीडीसी प्रत्याशियों का प्रभाव उनके वोट बैंक को न तोड़ दे। सोशल मीडिया बना सियासी अखाड़ा व्हाट्सएप ग्रुप से लेकर फ़ेसबुक और इंस्टाग्राम तक, हर प्लेटफॉर्म बीडीसी प्रत्याशियों के लिए प्रचार का बड़ा मंच बन गया है। बधाई पोस्टर अब केवल शुभकामना नहीं, बल्कि ल्लराजनीतिक ताकत और पहुंचङ्क का प्रदर्शन बन चुके हैं। ब्लॉक प्रमुख की कुर्सी पर निगाहें राजनीतिक जानकारों की मानें तो इस बार ब्लॉक प्रमुख की कुर्सी तय करने में बीडीसी सदस्य सबसे अहम भूमिका निभाएंगे।

# खो खो प्रतियोगिता चयन ट्रायल हैदरगढ़ में होगा प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। रिजर्व पुलिस लाइन में राज्य स्तरीय कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय आयोजित खो खो प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी मंडलों की बालिकाओं ने खो खो विभिन्न आयु वर्ग अंडर 14 ,अंडर 17 एवं अंडर 19 में प्रतिभाग किया। जिसमें अंडर 14 में अनुराधा , कमीक्षा, खनक , नंदनी , गुंजन , कशिश, संध्या कुमारी , कृष्णा यादव , राधिका , आकांक्षा ,अनुष्का , प्रांशी, हिमांशी, अलवीरा , तनवीर ,

अंडर 17 में अदीबा , पल्लवी, राधिका , आनंदी , गौरी , निधि पाल, रौनक,सृष्टिपाल,खुशबू ,शशी,शिवानी, निर्दोष, निशा , अंशिका पटेल , सिमरन एवं अंडर 19 में निधि देवी , मुस्कान यादव , आरूही, सोनी , शीतल, प्रीति गुप्ता , गायत्री , संजू , अनु रावत , वैष्णवी , हैप्पी , राखी, ज्योति , लक्ष्मी का



चयन किया गया । विभिन्न आयु वर्ग में चयनित बालिकाओं का 10 दिवसीय प्रशिक्षण कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय हैदरगढ़ में प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के उपरांत अयोध्या में आयोजित 69 वी प्रदेशीय विद्यालयी खो खो प्रतियोगिता में 14 से 18 अक्टूबर में प्रतिभाग करेंगी। चयन ट्रायल में जिला समन्वयक बालिका शिक्षा पुनीत मणि त्रिपाठी जिला व्यायाम शिक्षिका ऋतु पाठक , जिला व्यायाम शिक्षक अनिल सिंह ,ब्लॉक व्यायाम शिक्षक मनोज चौधरी ,दिलीप तिवारी ,रजनीश , विपिन ,शशि ,दिवाकर ,अभिषेक , सुशील , अमृतलाल, रमाकांत , कुलदीप ,विवेक, विनोद , आनन्द आदि उपस्थित रहे।

# स्नातक विधानसभा चुनाव तैयारी सपा ने कमर कसी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## बूथ मजबूती से जीत, का मंत्र दे गए एस.पी

बाराबंकी।प्रतापगढ़ के सांसद एस.पी सिंह पटेल ने जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पार्टी जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित मासिक बैठक भाजपा सरकारों को आंडे हाथों लेते हुए कहा कि गांव गरीब मजदूर किसान नौजवान सहायता के लिए प्रदेश में पुनः समाजवादी पार्टी की सरकार लाने के लिए अपना अपना बूथ मजबूत करना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है प्रदेश वासियों के दुख दर्द दूर करने के लिए अखिलेश यादव का पुनः मुख्यमंत्री बनना नितांत आवश्यक है।

सांसद ने आगे कहा कि चुनाव की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हमारा बूथ हैं आज हम सब मेहनत करके अपने-अपने बूथ पर इक्कीस इक्कीस नौजवानों की टीम तैयार कर किसको क्या काम करना है इसका निर्धारण कर लेंगे तो कोई भी ताकत हमें अपना बूथ जीतने से नहीं रोक सकती इसलिए हम लोगों को अपनी पूरी क्षमता और लगन से लगकर अपने-अपने बूथ को मजबूत बनाने के लिए हर जतन करना ही होगा।तभी हम 2027 में अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली समाजवादी सरकार का गठन कर पाएंगे।

बैठक में सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले स्नातक चुनाव होने हैं जिनके मतदाता बनाए जा रहे हैं आप सब अपने अपने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा स्नातक के मतदाता बनाकर इस चुनाव को भी मजबूती प्रदान करने का काम करें क्योंकि इसके जितने ज्यादा मतदाता बनेंगे इसका इस चुनाव में उतना ही पलड़ा भारी रहेगा।

बैठक में जैदपुर विधायक गौरव रावत , पूर्व विधान परिषद सदस्य राजेश यादव राजू , जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने अपने विचार रखें और बूथ मजबूत करने का आवाहन किया।

बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, रतनलाल राव, पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, प्रदेश सचिव हुमायूं नईम खान, सुरेश चंद गौतम, चौधरी फरजान उस्मानी, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, जिला उपाध्यक्ष प्रदुमन यादव, कामता प्रसाद यादव, अजय वर्मा बबलू, नसीम कीर्ति, राजेश वर्मा, जसवंत यादव, रिजवान संजय, गौतम रावत, मोहम्मद आफाक, जिला सचिव ओमचंद यादव, दिनेश शर्मा, धीरज यादव, लल्ला यादव, निशांत अहमद, संजय सिंह, तेज कुमार रावत, जितेंद्र पटेल, जिला अध्यक्ष युवजन सभा आशीष सिंह आर्यन, जिला अध्यक्ष महिला सभा पूनम यादव, जिला अध्यक्ष प्रबुद्ध सभा ज्ञान प्रकाश मिश्रा, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष इंतखाब आलम नोमानी, रुपेश रावत, रमेश चंद्र यादव, विधानसभा अध्यक्ष परशुराम यादव, उबेद सानू, सुरेश चंद यादव, जयसी राम यादव, जिला पंचायत सदस्य रामबख्श रावत, धर्मेंद्र यादव, वासुदेव वर्मा, राम सजीवन रावत, ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश गौतम, केशव राम वर्मा, रमेश चंद्र रावत,

## मूर्ति स्थापना, शोभायात्रा में सम्मिलित हुए पूर्व सांसद लल्लू

रामसनेहीघाट बाराबंकी। रामसनेहीघाट क्षेत्र के पूरे चुरई मजरे कोटवा सड़क में शनि देव की मुहूर्त की स्थापना के उपलक्ष में आयोजित कलश यात्रा अवसर पर पूर्व सांसद भाजपा नेता लल्लू सिंह की उपस्थिति अहम रही। शोभायात्रा बाबा पुरन दास ,राजपुर शनि मंदिर ,श्री नाथ बाबा मंदिर से होते हुएं चूरई का पुरवा पहुंच कर नहर के किनारे पीपल के नीचे शनि महाराज की मूर्ति पूजा अर्चना उच्च मंत्रों से स्थापना की गई।इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख डॉ चंद्रशेखर वर्मा,डॉ पवन वर्मा,भगवत शरण,कमलेश वर्मा,रवि वर्मा,अमरेश वर्मा, बालगोविंद,अमित वर्मा,संत श्री अनुभव दास, हिमांशु वर्मा, आदेश वर्मा,ममतेश, अर्पित,रजनीश वर्मा,अपना दल से जिला अध्यक्ष विनय वर्मा टीम सुनील चतुर्वेदी, मुकेश वर्मा सहित क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।

## अहमदाबाद टेस्ट में भारत की बड़ी जीत : वेस्टइंडीज को पारी और 140 रनों से पीटा, जडेजा बने 'प्लेयर ऑफ द मैच'

एजेंसी




अहमदाबाद। भारतीय क्रिकेट टीम ने अहमदाबाद में खेले गए वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट को तीन दिन में ही जीत लिया है। शुभमन गिल एंड कंपनी ने पारी और 140 रनों से जीत हासिल की। इस मुकाबले में रवींद्र जडेजा ने गेंद और बल्ले से कमाल का प्रदर्शन किया तो केएल राहुल और ध्रुव जुरेल ने भी शतकीय पारियां खेलीं। वेस्टइंडीज ने पहली पारी में सिर्फ 162 रन और दूसरी पारी में 146 रन बनाए थे। टीम इंडिया ने 5 विकेट गंवाकर 448 रन पर अपनी पहली पारी घोषित कर दी। दोनों पारियों में मिलकर वेस्टइंडीज 448 रन तक नहीं पहुंच सकी, जिसकी वजह से बड़ी हार झेलनी पड़ी। जडेजा को उनके आलराउंड प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। वेस्टइंडीज का एक और आसान समर्पण, जो दोनों पारियों में सिर्फ़ 89.2 ओवर ही खेल पाया - यह दर्शाता है कि टेस्ट क्रिकेट में वे कितने कमज़ोर हैं। भारत ने दिन की शुरुआत 286 रनों की बढ़त के साथ पारी घोषित करके की, और मोहम्मद सिराज को शुरुआती बढ़त बनाने में ज़्यादा समय नहीं लगा, जिसमें नीतीश रेड्डी का एक शानदार कैच शामिल था, जिससे तेज नारायण चंद्रपॉल आउट हो गए। इसके बाद, रवींद्र जडेजा ने मोर्चा संभाला और अनिश्चित बल्लेबाज़ी क्रम को अपने घेरे में ले लिया और मेहमान टीम का स्कोर 46/5 कर दिया। अथानाज़े और ग्रीव्स के बीच थोड़ी देर की साझेदारी हुई, लेकिन वाशिंगटन सुंदर ने सिराज के एक ही ओवर में दो विकेट चटकाने से पहले ही पारी को तोड़ दिया। जडेजा और कुलदीप यादव ने पुछल्ले बल्लेबाज़ों को आउट करके एक व्यापक जीत दर्ज की और भारत को सीरीज में 1-0 की बढ़त दिला दी। वेस्ट इंडीज ने भारत में पिछले पांचों टेस्ट हारे हैं जिनमें से चार में उसे पारी की हार और एक में 10 विकेट से पराजय मिली है। इनमें से कोई भी टेस्ट तीन दिन से ज्यादा नहीं जा पाया है। भारत की विंडीज के खिलाफ यह आठवीं पारी से जीत है। भारत ने कल के स्कोर पांच विकेट पर 448 के स्कोर पर आज पारी घोषित कर 286 की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज को आठवें ओवर में मोहम्मद सिराज ने तेजनारायण चंद्रपॉल (आठ) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसे बाद 11वें ओवर में रवींद्र जडेजा ने जॉन कैंपबेल (14) को अपना शिकार बना लिया। ब्रैंडन किंग (पांच) और कप्तान शाई होप (एक) को भी जडेजा ने अपना शिकार बनाया। जमने का प्रयास कर रहे ऐलेक ऐथनेज (38) को वॉशिंगटन सुंदर ने अपनी ही गेंद पर कैच आउटकर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। जस्टिन ग्रीव्स (25), जोमेल वारिकन (शून्य) को सिराज ने आउट किया। 42वें ओवर में जडेजा ने जोहान लेन (14) को आउटकर वेस्टइंडीज को नौवां झटका दिया।

## महिला विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ अपनी टीम की गहराई आजमाने उतरेगा भारत

एजेंसी

कोलंबो। भारत और पाकिस्तान की पुरूष टीमों के बीच पिछले तीन रविवार नाटकीयता भरे मुकाबलों के बाद अब इस रविवार को दोनों देशों की महिला टीमें यहां वनडे विश्व कप में आमने सामने होंगी तो क्रिकेट कौशल से ज्यादा जज्बात की जंग रहेगी और भारत का पलड़ा एक बार फिर भारी रहने वाला है। भारत और पाकिस्तान ने महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तमाम प्रारूपों में 27 मुकाबले खेले हैं जिनमें से भारत ने 24 और पाकिस्तान ने तीन जीते हैं। पाकिस्तान को तीनों जीत टी20 प्रारूप में मिली है। वनडे क्रिकेट में भारत का शत प्रतिशत रिकॉर्ड है जिसमें भारत ने दोनों टीमों के बीच खेले गए सभी 11 मैच जीते हैं। भारत ने विश्व कप में पहले मैच में श्रीलंका को 59 रन से हराया जबकि पाकिस्तान को बांग्लादेश ने सात विकेट से मात दी। पाकिस्तानी बल्लेबाज स्पिन और तेज गेंदबाजी दोनों का सामना नहीं कर सके। सभी टीमें एक एक मैच खेल चुकी हैं और भारत चौथे स्थान पर है। भारतीय टीम की नजरें अब नेट रनरेट बेहतर करने पर लगी होंगी जो टूर्नामेंट के आखिरी चरण में काफी अहम हो जाता है। हरमनप्रीत कौर की टीम पूरे आत्मविश्वास के साथ इस मुकाबले में उतरेगी। पहले मैच में एक समय छह विकेट 124 रन पर गिरने के बाद निचले मध्यक्रम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 47 ओवर में 250 रन से अधिक का लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत की ताकत उसकी बल्लेबाजी है लेकिन मजबूत टीमों के खिलाफ बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। बांग्लादेश और पाकिस्तान के मैच में कोलंबो की पिच से काफी सीम मिल रही थी लिहाजा भारत तेज गेंदबाज रेणुका सिंह को उतार सकता है जो पिछले महीने आस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के जरिये चोट के बाद लौटी है। वह हालांकि अभ्यास सत्र में लय में नहीं दिखी। दूसरी ओर पाकिस्तान की चिंता उसकी बल्लेबाजी है। पहले मैच में उसके बल्लेबाजों ने निराश किया और पारी ताश के पत्तों की तरह ढह गई। फातिमा सना और डायना बेग ने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन स्कोर ही बड़ा नहीं था। पाकिस्तान को सारे मैच एक ही मैदान पर खेलने का फायदा मिलेगा लेकिन भारत जैसी मजबूत टीम के खिलाफ उसे जीत के लिये चमत्कारिक प्रदर्शन करना होगा। क्रिकेट के अलावा इस मैच को लेकर काफी तनाव भी है। अब वह दिन लद गए जब 2022 विश्व कप में पाकिस्तान की पूर्व कप्तान बिस्माह मारूफ की बेटी के साथ भारतीय खिलाड़ियों को खेलते देखा गया था। पुरूष टीम की तरह भारतीय महिला टीम भी पाकिस्तानी खिलाड़ियों से शायद हाथ नहीं मिलायेगी।

टीमें : भारत : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रौड्रिग्स, रिचा घोष, उमा छेत्री, रेणुका सिंह ठाकुर, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, राधा यादव, अमनजोत कौर, अरूंधति रेड्डी, क्रांति गौड़। पाकिस्तान : फातिमा सना (कप्तान), मुनीबा अली सिद्दीकी, आलिया रियाज, डायना बेग, ऐमन फातिमा, नशरा सुंधू, नतालिया परवेज, ओमाइमा सोहेल, रमीन शमीम, सदफ शमास, सादिया इकबाल, शावाल जुल्फिकार , सिदरा अमीन, सिदरा नवाज, सईदा आरूब शाह।

## विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप: कियारा रोड्रिग्ज ने चौथी बार जीता लंबी कूद में स्वर्ण

एजेंसी

नई दिल्ली। कियारा रोड्रिग्ज ने शनिवार को यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जारी विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में लगातार चौथी बार महिलाओं की लंबी कूद टी47 स्पर्धा में स्वर्ण पदक और चैंपियनशिप रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। कियारा रोड्रिग्ज ने अपने पहले प्रयास में 6.29 मीटर और दूसरे प्रयास में कोई अंक नहीं हासिल करने के बाद चार छलांगें पार कर लीं। हंगरी की पेट्रा लुटेरान ने 5.98 मीटर के साथ रजत और डेनमार्क की ब्योर्क नोएरेमार्क ने अपने पांचवें प्रयास में 5.84 मीटर की छलांग लगाते हुए कांस्य पदक हासिल किया। भारत की निमिशा सुरेश चक्कुंगलपरम्बिल चौथे स्थान पर रहीं, जिन्होंने तीसरे दौर में 5.74 मीटर की छलांग के साथ एशियाई रिकॉर्ड बनाया था। निमिषा को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के दो मौके मिले, लेकिन वह फ़ाउल और 5.45 मीटर के प्रयास में हार गईं। दुर्भाग्य से, भारतीय खिलाड़ी पोडियम से बाहर हो गईं क्योंकि वह अपने आखिरी दो प्रयासों में बेहतर छलांग नहीं लगा पाईं। निमिषा, दयावंती (महिला डिस्कस थ्रो एफ64) के अलावा सात पुरुष एथलीट - दिलीप महादु गावित (400 मीटर टी47), हैनी (डिस्कस थ्रो क्क37), सागर थायत (डिस्कस थ्रो एफ44), राहुल (ऊंची कूद टी63), पुष्पेंद्र सिंह (भाला फेंक एफ44), अजीत सिंह यादव (भाला फेंक एफ46) और सचिन सरजेराव खिलियारी (गोला फेंक एफ46) एक स्थान से पोडियम से चूक गए। सोमवार को 100 मीटर टी-47 में स्वर्ण पदक जीतने वाली कियारा रोड्रिग्ज यहां तिहरा पदक जीतने की कोशिश में हैं। उन्होंने शुक्रवार शाम को हीट में 13 साल पुराना 200 मीटर टी-47 विश्व रिकॉर्ड तोड़ा और चार जंप भी पार कर लीं। अब उन्हें रविवार को सेमीफाइनल और फाइनल में भाग लेना है। निमिषा खुश हैं कि उन्होंने घरेलू मैदान पर प्रतिस्पर्धा करते हुए एशियाई रिकॉर्ड फिर से बनाया। शनिवार को दो और चैंपियनशिप रिकॉर्ड फिर से बने। माइकल ब्रैनिगन (अमेरिका) ने पुरुषों की 1500 मीटर टी-20 और ईरान के अली बाज़ियारशूरिजेह ने पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। इसके साथ ही नई दिल्ली 2025 में 27 विश्व रिकॉर्ड बनने के साथ ही नए मीट रिकॉर्ड की संख्या 87 हो गई।

## शुभमन गिल बने भारतीय टीम के वनडे कप्तान

एजेंसी




नई दिल्ली। शुभमन गिल को रोहित शर्मा की जगह भारतीय क्रिकेट टीम का नया वनडे कप्तान नियुक्त किया गया है। गिल 19 अक्टूबर से ऑस्ट्रेलिया में शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज में टीम का नेतृत्व करेंगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए रोहित शर्मा को बल्लेबाज के रूप में टीम में चुना गया है और विराट कोहली के साथ वह मार्च में 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के बाद पहली बार भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। 26 वर्षीय गिल अब टेस्ट और वनडे में कप्तान और टी20 टीम के उप-कप्तान के रूप में तीनों प्रारूपों में नेतृत्वकारी भूमिकाएं निभा रहे हैं। 38 वर्षीय रोहित दिसंबर 2021 से भारत के पूर्णकालिक वनडे कप्तान थे। कुल मिलाकर, उन्होंने 56 वनडे मैचों में भारत का नेतृत्व किया, जिसमें 42 जीते, 12 हारे, एक टाई और एक बेनतीजा रहा। उन्होंने कार्यवाहक कप्तान के रूप में भारत को 2018 एशिया कप खिताब दिलाया और फिर पूर्णकालिक कप्तान के रूप में 2023 एशिया कप खिताब दिलाया। उनके नेतृत्व में भारतीय टीम 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंचा। उनके कार्यकाल का समापन भारत द्वारा चैंपियंस ट्रॉफी 2025 जीतने के साथ हुआ। इस गर्मी में भारत के इंग्लैंड दौरे से पहले मई में रोहित के टेस्ट प्रारूप से संन्यास लेने के बाद गिल भारत के टेस्ट कप्तान भी बन गए थे। टेस्ट कप्तान के रूप में अपनी पहली सीरीज में गिल ने भारत को इंग्लैंड में 2-2 से ड्रॉ कराया और 75.40 की औसत से 754 रन बनाकर सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। रोहित और कोहली दोनों के टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से संन्यास लेने के बाद ऑस्ट्रेलिया में आगामी वनडे सीरीज में सात महीने से भी अधिक समय में उनकी पहली अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति होगी। ऑस्ट्रेलिया में तीन वनडे मैचों के बाद भारत के लिए खेलने का उनका अगला अवसर नवंबर-दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ और जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों की घरेलू श्रृंखला में होगा। वहीं, जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जडेजा, ऋषभ पंत और हार्दिक पांड्या ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में नहीं खेलेंगे। हार्दिक और ऋषभ पंत चोटिल होने के कारण बाहर हैं, जबकि बुमराह को लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बाद आराम दिया गया है। वनडे के साथ टी20 सीरीज के लिए भी टीम की घोषणा कर दी गई है। सूर्यकुमार यादव टीम के कप्तान बने रहेंगे। जसप्रीत बुमराह की टी20 टीम में वापसी हुई है, जबकि नितीश कुमार रेड्डी भी टी20 टीम में है। अन्य खिलाड़ियों में एशिया कप में खेलने वाले खिलाड़ी हैं। भारत 19, 23 और 25 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया में तीन एकदिवसीय मैच खेलेगा, जिसके बाद 29 अक्टूबर से 8 नवंबर तक पांच टी20 मैच खेले जाएंगे।

## विश्वास और जीत का 16 साल का सफर भारत में शुरू और भारत में ही हुआ समाप्त: मार्कस रेहम और स्टेफी नेरियस

एजेंसी

नयी दिल्ली। इंडियनऑयल नयी दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025 में जब मार्कस रेम ने 8.43 मीटर की लंबी छलांग लगाई, तो उन्होंने न सिर्फ अपना लगातार आठवां विश्व खिताब जीता, बल्कि पैरा खेल इतिहास की सबसे यादगार साझेदारियों में से एक का समापन भी किया। इस स्वर्ण पदक के पीछे एक गहरी और सशक्त कहानी थी एथलीट और कोच के बीच का 16 साल पुराना रिश्ता, जो भारत में शुरू हुआ और संयोग से भारत में ही समाप्त हुआ। सोलह साल पहले, एक दुबला-पतला जर्मन लड़का और उनकी नई कोच पहली बार बैंगलोर के एक खचाखच भरे स्टेडियम में साथ उतरे थे। किशोरावस्था का वह खिलाड़ी अनुभवहीन था, लेकिन जुनून से भरा हुआ। 14 साल की उम्र में वेकबोर्डिंग दुर्घटना में अपना दायां पैर खोने के बाद वह खुद को फिर से खोज रहा था। दूसरी ओर, स्टेफी नेरियस पहले से ही विश्व चैम्पियन थीं। एक ऐसी भाला फेंक खिलाड़ी, जिसने दबाव का भार झेला था और जीत का स्वाद चखा था। रेस के बाद भावनाओं के ओतप्रोत रेम याद करते हैं, वह प्रतियोगिता भारत में ही हमारी शुरुआत थी। वह हमारी पहली विदेशी प्रतियोगिता थी। मैं घबराया हुआ था, खुद को लेकर असमंजस में था। लेकिन स्टेफी ने मुझे विश्वास दिलाया। वहीं से यह शानदार सफर शुरू हुआ। और अब जब यह भारत में खत्म हो रहा है, तो लगता है मानो जीवन ने यह कहानी खुद लिखी हो। जैसे ही जर्मनी का राष्ट्रगान बजा और उनके गले में पदक डाला गया, रेम ने एक बार फिर अपने हेडबैंड को छुआ। यह छोटा सा इशारा था, लेकिन उनके लिए इसका गहरा अर्थ था। वह कहते हैं, स्टेफी अब अपने वीकेंड और परिवार के साथ समय बिताने की हकदार हैं। मैं जो कुछ भी हूं, उसमें उनका बहुत बड़ा योगदान है। रेम के लिए खेल हमेशा पहचान का माध्यम थे। वह याद करते हैं, मैं वही बच्चा था जो तेज दौड़ता था, दूर तक कूदता था, लेकिन हादसे के बाद, एक दिन में ही मैंने सब खो दिया। मानो अपनी पहचान खो दी हो। नेरियस समझती थीं। उनका नजरिया सिर्फ तकनीक या फिटनेस तक सीमित नहीं था। यह उस किशोर की आत्मा को फिर से जगाने के बारे में था, जिसे लगता था कि उसके सपने खत्म हो चुके हैं। प्रशिक्षण सत्रों में उतनी ही बातचीत होती जितनी ड्रिल्स। वह हमेशा उसे याद दिलातीं कि जिस इंसान को वह फिर से पाना चाहता है, वह कहीं गया नहीं है बस उसे दोबारा खोजने की जरूरत है। नेरियस ने अपने शिष्य के कंधे पर हाथ रखते हुए कहा, मैंने रेम और इसने मुझे अलग पहचान दिलाई। मेरा काम सिर्फ इसे रास्ता दिखाना था और मुझे खुशी है कि मैं ऐसा करने में सफल रही। उनकी उपलब्धियों का रिकॉर्ड केवल कहानी का एक हिस्सा है। जब रेम ने शुरुआत की थी, तो कृत्रिम पैर वाले खिलाड़ियों का लंबी कूद विश्व रिकॉर्ड 7 मीटर से भी कम था। नेरियस की कोचिंग में उन्होंने हर दीवार तोड़ दी। पहले 7 मीटर, फिर 7.50, फिर 8 मीटर का जादुई आंकड़ा, और आखिरकार 2023 में 8.72 मीटर की चौंकाने वाली छलांग – जो सक्षम खिलाड़ियों को भी चुनौती देती है। रेम न कहा, वह हमेशा मुझे मेरी सीमाओं से आगे ले जाती रहीं। जब भी मुझे लगता था कि अब और नहीं हो सकता, वह दिखातीं कि एक और कदम बाकी है। लेवरकुजन में प्रशिक्षण के दौरान नेरियस अपनी शांति और सख्ती के लिए जानी जाती थीं। वह हर बारीकी पर ध्यान देतीं टेकऑफ का कोण, रन-अप की लय, कूद का टाइमिंग। लेकिन इसके साथ ही उनकी मानवीय संवेदनशीलता भी उतनी ही गहरी थी। साथी खिलाड़ी अक्सर कहते थे कि दोनों का रिश्ता कोच और खिलाड़ी से ज्यादा, परिवार जैसा लगता था। रेम ने भी माना कि उनका रिश्ता सिर्फ कोच और खिलाड़ी का नहीं था।। वे साथ में दुनिया घूमे, लंबी तैयारियों से गुजरे, चोटों से लड़े और जीत का जश्न मनाया। रेम ने कहा, वह मेरे जीवन का आधा हिस्सा मेरे साथ रहीं। एथलीट के तौर पर, इंसान के तौर पर उन्होंने मुझे बदल दिया।

## भारत–यूरोपीय संघ के बीच 14वें दौर की एफटीए वार्ता 6 अक्टूबर से

एजेंसी



नई दिल्ली। भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर 14वें दौर की वार्ता 6 अक्टूबर से शुरू होने जा रही है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष वॉन डेर लेयेन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस साल के अंत तक एफटीए को अंतिम रूप देने का लक्ष्य रखा है। यूरोपीय संघ के राजदूत हर्वे डेल्फिन ने शनिवार को भारत में यूरोपीय व्यापार महासंघ (एफईबीआई) की दूसरी वार्षिक आम बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष इस वर्ष के अंत तक इस समझौते को अंतिम रूप देने के लक्ष्य के साथ तेजी से बातचीत को आगे बढ़ा रहे हैं। एफईबीआई की दूसरी वार्षिक आम बैठक में बोलते हुए हर्वे डेल्फिन ने इस बात पर जोर दिया कि भारत में पहले से ही बड़ी संख्या में यूरोपीय व्यापार मौजूद हैं, जो मुक्त व्यापार समझौता के और भी ज्यादा अवसर खोल सकता है। एफईबीआई के एक नए सर्वेक्षण के अनुसार 6,000 से ज्यादा यूरोपीय कंपनियां भारत में काम कर रही हैं और 30 लाख से ज्यादा रोजगार पैदा कर रही हैं। ये कंपनियां न केवल निवेश करती हैं, बल्कि भारत से विनिर्माण, नवाचार और निर्यात भी करती हैं, जिससे प्रधानमंत्री मोदी के 'मेक इन इंडिया' विजन में सीधा योगदान मिलता है। उल्लेखनीय है कि यूरोपीय संघ भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना हुआ है, जिसका वस्तु व्यापार 120 अरब यूरो तक पहुंच गया है, जो संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन दोनों से आगे है। एफईबीआई सर्वेक्षण के अनुसार सेवाओं सहित, द्विपक्षीय व्यापार 180 अरब यूरो तक पहुंच गया है।

## महिला विश्व कप से बाहर हुईं फ्लोरा डेवोनशायर हन्ना रोवे न्यूजीलैंड टीम में शामिल

एजेंसी




नई दिल्ली। न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर फ्लोरा डेवोनशायर चोट के कारण महिला विश्व कप 2025 से बाहर हो गई हैं। उनकी जगह तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हन्ना रोवे को टीम में शामिल किया गया है। डेवोनशायर को ट्रेनिंग के दौरान फील्डिंग करते समय बाएं हाथ में चोट लगी थी। इस चोट को ठीक होने में करीब 2 से 3 हफ्ते लग सकते हैं। स्पिन ऑलराउंडर डेवोनशायर पहली बार विश्व कप खेल रही थीं, जबकि उनकी जगह शामिल की गईं हन्ना रोवे दो वनडे विश्व कप में खेल चुकी हैं और अब तक न्यूजीलैंड की ओर से 60 वनडे मैचों में हिस्सा ले चुकी हैं। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच बेन सॉयर ने एक बयान में कहा, ''हम सभी फ्लोरा के लिए दुखी हैं। उन्होंने कड़ी मेहनत कर इस टीम में जगह बनाई थी और अफसोस है कि उनका सफर इतनी जल्दी खत्म हो रहा है। हालांकि हमें खुशी है कि हन्ना जैसी अनुभवी खिलाड़ी टीम से जुड़ रही हैं। भले ही वह फ्लोरा जैसी ऑलराउंडर नहीं हैं, लेकिन उनका अनुभव और कौशल टीम के लिए अहम साबित होगा।'' हन्ना रोवे 7 अक्टूबर को इंदौर में टीम से जुड़ेंगी और इसके बाद गुवाहाटी के लिए यात्रा करेंगी। न्यूजीलैंड का अगला मुकाबला 6 अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका से होगा।

## वाणिज्य मंत्री गोयल ने सिंगापुर के निवेशकों से भारत में अवसर तलाशने का आग्रह किया

एजेंसी

सिंगापुर। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सिंगापुर के निवेशकों से आर्थिक वृद्धि के क्षेत्र में भारत द्वारा प्रस्तुत अवसरों पर विचार करने का आग्रह किया। गोयल ने शनिवार को 'इंडिया सिंगापुरः पार्टनरशिप फॉर ग्रोथ' विषय पर निवेशकों के साथ एक बैठक में कहा, मैं आप सभी से आग्रह करूंगा कि आप भारत द्वारा प्रस्तुत अवसरों के पैमाने पर गौर करें। तीव्र आर्थिक वृद्धि पर जोर देते हुए मंत्री ने भारत की तीन खास विशेषताओं पर प्रकाश डाला ऽ इसके बाजार का आकार, अवसर और इसके कार्यबल का कौशल।

उन्होंने कहा, हम साथ मिलकर काम करने तथा भारत सिंगापुर बिजनेस राउंडटेबल द्वारा शुरू की गई विभिन्न पहलों को तेजी से आगे बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों के अधिकारी अथक प्रयास कर रहे हैं तथा ऐसे मॉडल तैयार कर रहे हैं, जिनसे दोनों देशों के संबंधों को तेजी से आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। सिंगापुर की यात्रा पर आए गोयल ने कहा, मुझे लगता है कि एक साथ मिलकर कई नई सीमाएं हैं, जिन्हें पार करना होगा। मंत्री ने कहा कि चाहे वह पूंजी का क्षेत्र हो, अनुसंधान और विकास हो, मानव संसाधन, कौशल, प्रतिभा या शिक्षा का क्षेत्र हो, भारत और सिंगापुर मिलकर सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने बताया कि भारत के सभी वाणिज्य और उद्योग मंडल, सिंगापुर के चैंबर्स के साथ ही यूरोपीय, अमेरिकी और जापानी कंपनियों के प्रतिनिधि शुक्रवार को एक मंच पर एकत्र हुए ताकि भारत में मौजूद अवसरों की तलाश की जा सके। उन्होंने कहा, अगर हमने इस अवसर को खो दिया, अगर हम इस साझेदारी की बनी हुई रफ्तार को नहीं संभाल पाए, तो हम एक बेहद अहम मौके को गंवा देंगे।

## मॉयल ने सितंबर में अब तक का सर्वश्रेष्ठ 1.52 लाख टन उत्पादन किया

एजेंसी

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की मैंगनीज अयस्क उत्पादक कंपनी मॉयल लिमिटेड ने अबतक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन किया है। मॉयल का उत्पादन सितंबर में 3.8 फीसदी बढ़कर 1.52 लाख टन पर पहुंच गया। इस्पात मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में बताया कि मॉयल ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही सितंबर 2025 में 1.52 लाख टन उत्पादन हासिल किया, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 3.8 फीसदी की वृद्धि है। यह कंपनी का सितंबर का सबसे अच्छा प्रदर्शन और सर्वश्रेष्ठ उत्पादन है। मत्रालय के मुताबिक 30 सितंबर को समाप्त चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में मॉयल ने 4.42 लाख टन का अपना अबतक का सर्वोच्च दूसरी तिमाही उत्पादन दर्ज किया है, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही की तुलना में 10.3 फीसदी की ठोस वृद्धि है। कंपनी ने 3.53 लाख टन की बिक्री भी दर्ज की, जो साल-दर-साल 18.6 फीसदी अधिक है, जो मजबूत बाजार मांग और कुशल आपूर्ति शृंखला निष्पादन का संकेत है। इस्पात मंत्रालय के मुताबिक अन्वेषणात्मक कोर ड्रिलिंग 5,314 मीटर तक पहुंच गई, जो सितंबर 2024 की तुलना में 46 फीसदी की उल्लेखनीय बढ़ोतरी है, जो कंपनी के अन्वेषण और दीर्घकालिक संसाधन विकास पर बढ़ते जोर को दर्शाता है। मॉयल ने अपने अन्वेषण प्रयासों को और मजबूत करते हुए दूसरी तिमाही के दौरान 21,035 मीटर अन्वेषणात्मक कोर ड्रिलिंग की, जिससे यह दूसरी तिमाही का अब तक का सर्वश्रेष्ठ ड्रिलिंग प्रदर्शन रहा तथा पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 4.1 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। मॉयल लिमिटेड के इस प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अजीत कुमार सक्सेना ने कहा, ''प्रमुख मानकों में वृद्धि, मॉयल की अपनी परिचालन उत्कृष्टता को सुदृढ़ करने और दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अपनी सभी संचालित खदानों में अन्वेषण पर निरंतर जोर देने के साथ मॉयल मैंगनीज क्षेत्र में अग्रणी बने रहने के लिए अपने भंडार/संसाधनों को बढ़ाने की अच्छी स्थिति में है।

# शाह ने 2026 तक नक्सलवाद समाप्त करने, 2031 तक हर गांव में बिजली एवं स्कूल खोलने का आश्वासन दिया

एजेंसी

जगदलपुर। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को जगदलपुर में बस्तर के विकास और नक्सलवाद के उन्मूलन पर जोर देते हुए कहा कि 2031 तक क्षेत्र के सभी गांवों में बिजली पहुंचेगी और स्कूल खुलेंगे।

श्री शाह ने इसके अलावा, 2026 तक बस्तर को नक्सलवाद से मुक्त करने का आश्वासन देते हुए कहा कि प्रत्येक गांव को नक्सल मुक्त कराने पर एक करोड़ रुपये दिये जायेंगे।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बस्तर के समग्र विकास के लिए संकल्पित हैं। सभी लोगों के बैंक खाते खुलेंगे और सभी मुख्य धारा में शामिल होंगे। हम आपसे आग्रह करते हैं कि नक्सलवाद से मुक्ति के लिए सहयोग करें। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस मौके पर कहा कि पहली बार देश के गृह मंत्री मुरिया दरबार




में भाग ले रहे हैं और बस्तर में नक्सलवाद समाप्ति की दिशा में अहम कदम उठाये जा रहे हैं। उन्होंने मुरिया दरबार के ऐतिहासिक महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि श्री मांझी पहले अपने क्षेत्र की समस्याओं को राजा के समक्ष रखते थे और आज वही भूमिका विकास के नये रास्ते खोलने में दिखाई दे रही है। इससे पहले राज्य के बस्तर दशहरा समिति के उपाध्यक्ष बलराम मांझी ने मुरिया दरबार में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए अपने क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मंच से बस्तर में शांति स्थापना और स्थानीय विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता जतायी। श्री मांझी ने बस्तर में खनिज संपदा होने के बावजूद पर्याप्त विकास न होने पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने खनिज रायल्टी का अधिकतम उपयोग स्थानीय लोगों के रोजगार के लिए किये जाने और बोधघाट परियोजना से संबंधित मुद्दों पर भी अपनी बात रखी। मुरिया दरबार के लिए इस वर्ष 50 लाख रुपये का योगदान किया गया। कार्यक्रम में बस्तर के सभी प्रशासनिक प्रमुख उपस्थित रहे। श्री शाह ने मुरिया दरबार जाने से पहले, बस्तर की अधिठात्री देवी दंतेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना के देश की सुख समृद्धि की कामना की। बस्तर दशहरा के दौरान आयोजित यह दरबार आदिवासी नेताओं और सामुदायिक प्रतिनिधियों का एक प्रतीकात्मक समागम है, जो बस्तर की संस्कृति के गहरे लोकतांत्रिक लोकाचार को दर्शाता है।बाद में, उनका लालबाग में स्वदेशी मेले में भी भाग लेने का कार्यक्रम है, जहां स्थानीय कारीगर और उत्पादक स्वदेशी उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। इस कदम को स्थानीय संस्कृति के समर्थन और पारंपरिक शिल्पकला को बढ़ावा देने के एक संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

गृह मंत्री ने उपस्थित प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए बस्तर दशहरा में आने के लिए उनको धन्यवाद दिया। इससे पहले श्री शाह का बस्तर हवाई अड्डे पर राज्य के वन मंत्री केदार कश्यप, जनजाति कल्याण मंत्री राम विचार नेताम, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ,बस्तर सांसद महेश कश्यप, जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव, कोंडागांव विधायक लता उसेंडी, चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, विधायक कांकेर आशाराम नेताम जगदलपुर के महापौर संजय पांडेय, ब्रेवरेज कार्पोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, पूर्व विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और डी जी पी अरुण देव गौतम, प्रमुख सचिव मनोज पिंगुआ, कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदर राज पी., कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने स्वागत किया।

# दोहा में भारतीय दूतावास ने नवजात और मां की देखभाल और स्वदेश वापसी सुनिश्चित की

एजेंसी

नयी दिल्ली। दोहा के हमद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जन्मी एक नवजात शिशु और भारतीय मां की स्वदेश वापसी को भारतीय दूतावास ने सफलतापूर्वक सुनिश्चित किया है। यह महिला अहमदाबाद से अटलांटा, यूएसए की यात्रा पर थी और उन्होंने यात्रा के दौरान ही दोहा हवाई अड्डे पर एक बच्चे को जन्म दिया था।

यह घटना 20 सितंबर को हुई जब मां को दोहा में विमान रुकने के दौरान प्रसव पीड़ा शुरू हुई। पहले से कोई चिकित्सा आपातकाल की जरुरत न होने के कारण यात्रा के बीच में अचानक बच्चे के जन्म ने चिकित्सा के साथ कानूनी और लॉजिस्टिक चुनौतियां पेश कीं। इस अनोखे मामले में शिशु को जन्म प्रमाण पत्र, भारतीय पासपोर्ट आदि की आवश्यकता थी, जो कतर क्षेत्र में जन्म होने और भारत वापसी के लिए आधिकारिक यात्रा दस्तावेजों की जरूरत के कारण उत्पन्न हुई।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि कतर में भारतीय दूतावास और राजदूत विपुल ने त्वरित प्रतिक्रिया दी। दूतावास ने अस्पताल, जहां बच्चे का जन्म हुआ, और भारतीय समुदाय संगठनों के साथ मिलकर मां और बच्चे की सुरक्षा और चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित की, साथ ही भारत वापसी के लिए आवश्यक दस्तावेज और कांसुलर औपचारिकताओं को पूरा किया। प्रथम सचिव (कांसुलर और सामुदायिक मामले) डॉ. ईश सिंघल ने प्रयासों का नेतृत्व किया, जिसमें चंदन कुमार (काउंसलर शाखा) और रवि राठी (लेबर शाखा) ने आवश्यक सहायता प्रदान की। इस मामले में तत्काल चिकित्सा सहायता, कानूनी दस्तावेजों का निर्गमन और अस्पताल तथा कतर आव्रजन अधिकारियों के साथ निकट समन्वय की आवश्यकता थी, क्योंकि नयी मां को अप्रत्याशित प्रसव के बाद चिकित्सा निगरानी में रखा गया था।

# भ्रष्टाचार से तंग आकर देश से भाग रहीं हैं कंपनियां : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में भ्रष्टाचार इस कदर बढ़ गया है कि रिश्वत देते-देते परेशान हो चुकी बड़ी कंपनियां देश में कारोबार बंद करने पर विवश हो रही हैं।

कांग्रेस ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में शनिवार को एक खबर का हवाला देते हुए कहा है कि एक लॉजेस्टिक कंपनी ने कस्टम अधिकारियों को रिश्वत देने से परेशान होकर भारत में अपना कारोबार बंद करने का एलान किया है। कांग्रेस ने इस खबर की पुष्टि के लिए एक वीडियो भी पोस्ट किया है जिसमें कंपनी का एक अधिकारी कस्टम अधिकारियों पर रिश्वत लेने और उन्हें प्रताड़ित करने का आरोप लगा रहा है। बताया जा रहा है कि कंपनी के इस एलान को गंभीरता से लेते हुए वित्त मंत्रालय ने इस बारे में जांच भी बिठा दी है। पार्टी ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार के भ्रष्टाचार की वजह से विंट्रेक कंपनी ने अपना कारोबार भारत में बंद कर दिया है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) का कहना है कि कस्टम विभाग उनसे बड़ी घूस ले रहा था और घूस न देने पर उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा था। कांग्रेस ने सरकारी तंत्र पर भ्रष्टाचार का खेल कर वसूली करने का आरोप लगाया और कहा कि विंट्रेक कंपनी के ताजा आरोपों से साफ है कि श्री मोदी और उनकी सरकार के भ्रष्टाचार ने व्यापार और व्यापारियों को तबाह कर दिया है। पूरे तंत्र में वसूली का खेल चल रहा है और धन की उगाही हो रही है। पार्टी ने यह भी कहा कि ये सिर्फ एक कंपनी की बात नहीं है बल्कि श्री मोदी और उनकी सरकार के इस वसूली तंत्र का शिकार देश का हर नागरिक हो रहा है।

खबरों के अनुसार तमिलनाडु की लॉजिस्टिक कंपनी विन्ट्रेक इंक ने चेन्नई के कस्टम विभाग पर बार-बार परेशान करने, रिश्वत मांगने जैसे आरोप लगाए हैं और कुछ अधिकारियों के नाम भी लिये हैं। कंपनी ने कहा कि ऐसे हालात में कामकाज करना उसके लिए बेहद मुश्किल हो गया है इसलिए भारत में काम-धंधा बंद करना पड़ेगा। कंपनी की शिकायत सुनने के बाद वित्त मंत्रालय ने संज्ञान लिया है और पूरे मामले पर जांच बिठा दी गई है।

# मुंबई आतंकवादी हमले के दौरान विदेशी ताकतों की कठपुतली बन गयी थी केन्द्र सरकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने आरोप लगाया है कि 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले के दौरान तत्कालीन कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील (संप्रग) सरकार ने देश की संप्रभुता और सुरक्षा से समझौता किया था तथा वह विदेशी ताकतों के हाथों की कठपुतली बन गयी थी।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस सरकार में गृहमंत्री रहे पी. चिदंबरम तथा पूर्व मंत्री मनीष तिवारी ने 26/11 के आतंकवादी हमलों को लेकर जो खुलासे किये हैं, वे बेहद गंभीर हैं और चिंताजनक हैं। उन्होंने कहा, '' श्री चिदंबरम ने कहा है कि भारत दबाव में था और इसी दबाव के चलते मनमोहन सिंह सरकार ने फैसला किया कि 26/11 के आतंकवादी हमलों के बाद कोई भी सख्त जवाबी कार्रवाई नहीं की जाएगी।'' श्री भाटिया ने कहा कि मनमोहन सिंह सरकार श्रीमती सोनिया गांधी के रिमोट कंट्रोल से चलती थी इसलिए कोई कार्रवाई नहीं हुई।

भाजपा प्रवक्ता ने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा, ''हम सभी जानते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत कैसे मजबूत हुआ है। भारतीय सशस्त्र बलों को पूरी छूट दी गयी है और ऑपरेशन सिंदूर में हमने देखा कि कैसे आतंकवाद के खिलाफ एक कड़ा संदेश दिया गया।' उन्होंने कंग्रेस के वरिष्ठ नेता श्री राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि विपक्ष के नेता चार दिनों से विदेशी धरती पर हैं और उनका एकमात्र काम विकास की ओर बढ़ रहे भारत को बदनाम करना है।'' उन्होंने कहा, ''श्री चिदंबरम और श्री तिवारी के खुलासे चिंताजनक है। हमें डराते हैं कि एक सरकार जिसे भारत की संप्रभुता की रक्षा करने की संवैधानिक जिम्मेदारी दी गई थी, वह कैसे विदेशी ताकतों के हाथों की कठपुतली बन गयी। इस दौरान उन्होंने श्री गांधी की एक तस्वीर को दिखाते हुए उन पर मुंबई हमले के बाद एक पार्टी में शामिल होने और नाच-गान में मशगूल होने का आरोप लगाया। श्री भाटिया ने कहा, ''आपने देखा होगा कि तत्कालीन संप्रग सरकार के गृहमंत्री हमले के वक्त आतंकवादियों और उसके सरपरस्तों को जवाब देने की बजाय पोशाक बदल रहे थे। वहीं श्री गांधी उस दौरान नाच-गान में मशगूल थे।'' उल्लेखनीय है कि हमले के वक्त श्री शिवराज पाटिल गृह मंत्री थे और कुछ ही दिन बाद उनकी जगह श्री चिदंबरम को गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गयी थी। उन्होंने कहा, ''मैं ये आरोप एक नामी अखबार में छपी खबर के आधार पर लगा रहा हूं। आज मैं जो तस्वीर आप लोगों को दिखा रहा हूं, वह कोई ऐसा-वैसा अखबार नहीं हैं, बल्कि यह खबर एक प्रसिद्ध अखबार में छपी है। उल्लेखनीय है कि श्री चिदंबरम ने एक पॉडकास्ट में कहा था कि वह व्यक्तिगत रूप से 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी सैन्य कार्रवाई के पक्ष में थे, लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार ने पड़ोसी देश के खिलाफ कूटनीटिक उपायों का इस्तेमाल किया, जो विदेश मंत्रालय की ओर से दिखाया गया नजरिया था। उन्होंने कहा कि अमेरिका समेत शक्तिशाली देश नहीं चाहते थे कि भारत पाकिस्तान के साथ युद्ध या कोई सैन्य कार्रवाई करे। वहीं श्री तिवारी ने कहा है कि पूर्व गृहमंत्री ने जो कुछ कहा, उसकी अनदेखी नहीं की जा सकती है।

## मोदी ने गाजा में शांति के प्रयासों में प्रगति के लिए ट्रम्प की सराहना की

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया में युद्ध ग्रस्त गाजा पट्टी क्षेत्र में शांति स्थापित करने के प्रयासों में प्रगति के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की सराहना की है और इन प्रयासों को भारत की ओर से ठोस समर्थन की घोषणा की है। श्री मोदी ने श्री ट्रम्प के शांति प्रस्ताव के प्रति सहमति व्यक्त की है और हमास की घोषणा के बाद सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी एक बयान में कहा, 'गाज़ा में शांति प्रयासों में निर्णायक प्रगति के लिए हम राष्ट्रपति ट्रम्प के नेतृत्व का स्वागत करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने इजराइल पर सात अक्टूबर को हमास के हमले के दौरान बंधक बनाए गए निर्दोष लोगों को मुक्त किये जाने के संकेतों को एक ' महत्वपूर्ण कदम' बताया है। उन्होंने कहा, ' भारत स्थायी और न्यायसंगत शांति की दिशा में सभी प्रयासों का दृढ़ता से समर्थन करता रहेगा। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने पिछले दिनों इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की वाशिंगटन यात्रा के दौरान गाजा के लिए एक शांति समझैते का प्रस्ताव किया था। इसमें इजरायल को हमास के खिलाफ गाजा पट्टी में हमले रोकने और हमास की ओर से सभी बंधकों को लौटाने की बात कही गयी है। हमास ने कुछ शर्तों के साथ प्रस्ताव पर सहमति जतायी है।

## भाजपा के नवनिर्मित कार्यालय के निर्माण में योगदान देने वाले श्रमिकों का सम्मान

**नयी दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को पार्टी के नवनिर्मित कार्यालय के निर्माण में योगदान देने वाले श्रमिकों को सम्मानित किया । पंडित दीनदयाल मार्ग पर स्थित पार्टी के नवनिर्मित कार्यालय में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा अध्यक्षता में आयोजित 'श्रमिक सम्मान समारोह' समारोह में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष ने सभी श्रमिकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका अभिवादन किया। श्री संतोष और श्री सचदेवा ने कहा, ''भाजपा परिवार के इस नए भवन में हमारे श्रमिक साथियों का श्रम ही वास्तविक आधारशिला है और उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने भी मजबूत और सुन्दर कार्यालय का निर्माण के लिए श्रमिकों का अभिनंदन किया।

# पेज एक का शेष

## बरेली में सपा डेलीगेशन...

दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर गाजीपुर सीमा पर रोक दिया है। सपा सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने कहा कि हमें बरेली जाने से रोका जा रहा है। यह असंवैधानिक है... भाजपा सरकार पहले लोगों पर बहुत अत्याचार करती है और फिर उसे छुपाने की कोशिश करती है। सपा सांसद इकरा हसन कहती हैं, ''हमें समझ नहीं आ रहा कि अघोषित आपातकाल में हमें किस बिनाह पर रोका जा रहा है। हम प्रशासन से अनुरोध करते हैं कि वह हमारे साथ चले। हम कुछ भी छिपाने की कोशिश नहीं कर रहे हैं। हमारा कोई एजेंडा नहीं है... पता नहीं यूपी सरकार अपनी कौन सी काली करतूत छुपाना चाहती है कि हमें बरेली नहीं जाने दे रही है। उत्तर प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता और सपा विधायक माता प्रसाद पांडे ने शनिवार को कहा कि पुलिस ने उन्हें और समाजवादी पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल को बरेली जाने से रोक दिया है, जहां हाल ही में हुए ''आई लव मोहम्मद'' विवाद के बाद बवाल हुआ था। 'अगर कलेक्टर ने लिखा होता, तो मैं मान लेता' नेता प्रतिपक्ष पांडे ने कहा कि स्थानीय पुलिस ने उन्हें एक नोटिस दिया है, जिसमें उन्हें घर पर ही रहने और बरेली न जाने का निर्देश दिया गया है। मेरे नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल वहां (बरेली) जा रहा था। उन्होंने कहा कि पत्र अगर कलेक्टर ने लिखा होता, तो मैं उसे स्वीकार कर लेता। फिर, बरेली के डीएम का एक पत्र आया है। उन्होंने यह भी कहा कि आपके आने से यहां का माहौल खराब होगा, इसलिए आपको यहां नहीं आना चाहिए। पांडे ने आगे कहा कि ''अपनी कमियों को छिपाने के लिए, वे हमें वहां नहीं जाने दे रहे हैं। अब हम अपनी पार्टी सदस्यों से बात करेंगे और उसके अनुसार निर्णय लेंगे। पार्टी के नेताओं का कहना है कि प्रशासन उनकी आवाज दबाने की कोशिश कर रहा है। वहीं पुलिस का कहना है कि सुरक्षा व्यवस्था और कानून-व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। प्रतिनिधिमंडलीय यात्रा के दौरान जनसमस्याओं को मंच पर उठाया जाएगा। बरेली में अशांति के मद्देनजर प्रशासन ने 2 अक्तूबर दोपहर 3 बजे से 4 अक्तूबर दोपहर 3 बजे तक 48 घंटों के लिए मोबाइल इंटरनेट और ब्रॉडबैंड सेवाओं को निलंबित कर दिया था। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि अभी तक कोई समस्या उत्पन्न नहीं हुई है। यहाँ किसी भी तरह की कोई अव्यवस्था नहीं है। हर जगह पुलिस तैनात है। उत्तर प्रदेश पुलिस ने 26 सितंबर को बरेली में हुए विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के राष्ट्रीय महासचिव नफीस खान और उनके बेटे फरमान खान को गिरफ्तार किया है, जिससे इस मामले में गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या 81 हो गई है। पुलिस के अनुसार, फरमान आईएमसी का फ़ेसबुक पेज संभालता था। बरेली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अनुराग आर्य ने बताया कि नफीस और उसके बेटे ने खुलासा किया कि सभी लोग साजिश में शामिल थे।

## 'आज का भारत...

उन्होंने कहा कि इस उछाल से बड़े उद्योगों और एमएसएमई में उल्लेखनीय रोज़गार सृजन हुआ है, जिससे आईटीआई प्रशिक्षित युवाओं सहित सभी को काफ़ी लाभ हुआ है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि मुद्रा योजना ने करोड़ों युवाओं को अपना उद्यम शुरू करने में मदद की है। इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री ने एक लाख करोड़ रुपये की प्रधानमंत्री विकासशील भारत रोज़गार योजना के कार्यान्वयन की घोषणा की, जिससे लगभग 3.5 करोड़ युवाओं को निजी क्षेत्र में रोज़गार प्राप्त करने में मदद मिलेगी। श्री मोदी ने कहा कि पहले आज के इस कार्यक्रम को दीक्षांत समारोह के रूप में आयोजित किया जाना था, पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस अवसर को एक विशाल उत्सव बनाने का प्रस्ताव रखा और यह यह एक भव्य समारोह में बदल गया। प्रधानमंत्री ने इसी मंच से बिहार के युवाओं के लिए कई योजनायें और परियोजनायें समर्पित कीं, जिनमें वहां एक नये कौशल प्रशिक्षण विश्वविद्यालय की स्थापना, अन्य विश्वविद्यालयों में सुविधाओं का विस्तार, एक नये युवा आयोग का गठन और हज़ारों युवाओं को स्थायी सरकारी नौकरियों के लिए नियुक्ति पत्र जारी करना शामिल है। उन्होंने कहा कि ये पहल बिहार के युवाओं के उज्जवल भविष्य की गारंटी हैं। श्री मोदी ने कहा कि बिहार में युवा सशक्तिकरण के लिए आज का यह विशाल कार्यक्रम राज्य के युवाओं और महिलाओं के प्रति उनकी सरकार की प्राथमिकता को और भी दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत ज्ञान और कौशल का देश है, और यह बौद्धिक शक्ति इसकी सबसे बड़ी संपत्ति है, प्रधानमंत्री ने कहा कि जब कौशल और ज्ञान राष्ट्रीय आवश्यकताओं के साथ जुड़ते हैं और उन्हें पूरा करने में योगदान देते हैं, तो उनका प्रभाव कई गुना बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में देश की आवश्यकताओं के अनुसार स्थानीय प्रतिभा, स्थानीय संसाधनों, स्थानीय कौशल और स्थानीय ज्ञान को तेज़ी से आगे बढ़ाने की जरूरत है। इस काम में उन्होंने देश में चल रहे हज़ारों आईटीआई की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्तमान में, आईटीआई लगभग 170 ट्रेडों में प्रशिक्षण प्रदान करते हैं, और पिछले 11 वर्षों में, 1.5 करोड़ से ज़्यादा युवाओं ने इन विषयों में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। उन्होंने इस बात पर गर्व प्रकट किया को युवाओं को ये कौशल स्थानीय भाषाओं में प्रदान किए जाते हैं, जिससे बेहतर समझ और सुगमता संभव होती है। इस वर्ष, अखिल भारतीय ट्रेड परीक्षा में 10 लाख से ज़्यादा छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, और प्रधानमंत्री को इस कार्यक्रम के दौरान उनमें सबसे श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले करीब 45 छात्र छात्राओं को प्रधानमंत्री के हाथों सम्मानित किया गया जिनमें कई दिव्यांग हैं। उन्होंने इनमें बेटियों और दिव्यांग साथियों की उपस्थिति पर प्रकाश डाला और समर्पण व कड़ी मेहत से अर्जित उनकी कड़ी मेहनत की सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत के आईटीआई न केवल औद्योगिक शिक्षा के लिए प्रमुख संस्थान हैं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए कार्यशालाओं के रूप में भी काम करते हैं।'' उन्होंने कहा कि सरकार आईटीआई की संख्या बढ़ाने और उन्हें लगातार उन्नत बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। 2014 तक देश में 10,000 आईटीआई थे, पिछले एक दशक में लगभग 5,000 नये आईटीआई स्थापित किये गये हैं। श्री मोदी ने कहा कि आईटीआई नेटवर्क को वर्तमान उद्योग कौशल आवश्यकताओं को पूरा करने और अगले 10 वर्षों में भविष्य की मांगों का अनुमान लगाने के लिए तैयार किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण और बाजार की आवश्यकता के संयोजन को मजबूत करने के लिए, उद्योग और आईटीआई के बीच समन्वय बढ़ाया जा रहा है। पीएम सेतु योजना से पूरे भारत में 1,000 से ज़्यादा आईटीआई संस्थान लाभान्वित होंगे। इस पहल के ज़रिए, आईटीआई को नयी मशीनरी, उद्योग प्रशिक्षण विशेषज्ञों और वर्तमान व भविष्य की कौशल ज़रूरतों के अनुरूप पाठ्यक्रम से उन्नत किया जायेगा। श्री मोदी ने कहा, पीएम सेतु योजना भारतीय युवाओं को वैश्विक कौशल आवश्यकताओं से भी जोड़ेगी। प्रधानमंत्री ने बिहार का उल्लेख करते हुए कहा कि आज की पीढ़ी शायद पूरी तरह से समझ नहीं पायेगी कि दो-ढाई दशक पहले बिहार की शिक्षा व्यवस्था कितनी बदहाल थी। न तो स्कूल ईमानदारी से खोले गये और न ही भर्तियां की गयीं। मजबूरी में लाखों बच्चों को बिहार छोड़कर वाराणसी, दिल्ली और मुंबई जैसी जगहों पर पलायन करना पड़ा। उन्होंने इसे पलायन की असली शुरुआत बताया।

श्री मोदी ने कहा कि जिस पेड़ की जड़ें सड़ चुकी हों, उसे पुनर्जीवित करना एक कठिन कार्य है। उन्होंने विपक्ष के कुशासन के तहत बिहार की स्थिति की तुलना ऐसे ही एक पेड़ से की। उन्होंने कहा कि सौभाग्य से, बिहार की जनता ने श्री नीतीश कुमार को शासन की ज़िम्मेदारी सौंपी और गठबंधन सरकार की पूरी टीम ने पटरी से उतरी व्यवस्थाओं को बहाल करने के लिए मिलकर काम किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का कार्यक्रम उस बदलाव की एक झलक पेश करता है। बिहार को एक नया कौशल विश्वविद्यालय मिलने पर संतोष व्यक्त करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार ने इस विश्वविद्यालय का नाम भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर के नाम पर रखा है। भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर ने अपना पूरा जीवन जनसेवा और शिक्षा के विस्तार के लिए समर्पित कर दिया और समाज के सबसे वंचित वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर प्रयास करते रहे। उन्होंने कहा कि उनके सम्मान में नामित कौशल विश्वविद्यालय इसी दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य की उनकी सरकारें बिहार के शैक्षणिक संस्थानों के आधुनिकीकरण के लिए लगातार काम कर रही हैं। उन्होंने बताया कि आईआईटी पटना में बुनियादी ढांचे का विस्तार शुरू हो गया है, और बिहार भर के कई प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों का आधुनिकीकरण भी शुरू हो गया है। श्री मोदी ने घोषणा की कि एनआईटी पटना का बिहटा परिसर अब प्रतिभाशाली छात्रों के लिए खोल दिया गया है। पटना विश्वविद्यालय, भूपेंद्र मंडल विश्वविद्यालय, छपरा स्थित जयप्रकाश विश्वविद्यालय और नालंदा मुक्त विश्वविद्यालय में नये शैक्षणिक बुनियादी ढांचों के विकास की नींव रखी गयी हैं। बिहार सरकार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से छात्रों का समर्थन कर रही है और अब इस योजना के तहत शिक्षा ऋण को ब्याज मुक्त बनाने का एक बड़ा निर्णय लिया गया है। इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि छात्रों की छात्रवृत्ति 1,800 से बढ़ाकर 3,600 रुपये कर दी गयी है। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक है और बिहार युवाओं के उच्चतम अनुपात वाले राज्यों में से एक है। सरकार बिहार के युवाओं को और सशक्त बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। बिहार के शिक्षा बजट में कई गुना वृद्धि की गई है। आज, बिहार के लगभग हर गांव और बस्ती में एक स्कूल है, और इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेजों की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। केंद्र सरकार ने हाल ही में बिहार के 19 ज़िलों में केंद्रीय विद्यालयों को मंज़ूरी दी है। एक समय था जब बिहार में अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल बुनियादी ढाँचे का अभाव था, लेकिन आज राज्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन हो रहे हैं। पिछले दो दशकों में, बिहार सरकार ने राज्य के भीतर 50 लाख युवाओं को रोज़गार के अवसरों से जोड़े जाने का उल्लेख करते हुए श्री मोदी ने कहा कि हाल के वर्षों में ही बिहार के युवाओं को लगभग 10 लाख स्थायी सरकारी नौकरियाँ प्रदान की गई हैं। राज्य में बड़े पैमाने पर शिक्षकों की भर्ती चल रही है। पिछले दो वर्षों में बिहार में 2.5 लाख से ज़्यादा शिक्षकों की नियुक्ति हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में पिछले दो दशकों में पैदा हुए रोज़गार के अवसरों से दोगुने रोज़गार के अवसर पैदा करना है। इसका संकल्प स्पष्ट है, बिहार के युवाओं को बिहार में ही नौकरी और काम मिलना चाहिए।

## संभल मस्जिद...

नहीं मिली थी। लेकिन कोर्ट ने मस्जिद पक्ष को आवश्यक कागजात पेश करने का निर्देश देते हुए शनिवार सुबह 10 बजे मामले में पुनः सुनवाई करने को कहा था। संभल के रायां बुजुर्ग गांव में सरकारी जमीन पर बनी मस्जिद को हटाने का काम दूसरे दिन शुक्रवार को भी जारी था। प्रशासन ने मस्जिद को हटाने के लिए चार दिन का समय दिया था, जिसे मुस्लिम समुदाय के लोगों ने स्वीकार किया। जुमे की नमाज अदा करने के बाद ग्रामीणों ने खुद ही मस्जिद की दीवारें गिरानी शुरू कर दी थीं।

## बिना वैध फास्टैग...

फास्टैग उपयोगकर्ता यदि एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस-यूपीआई के माध्यम से शुल्क का भुगतान करता हैं उसे शुल्क दर का सवा गुना शुल्क भुगतान करना होगा। राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं के लिए टोल प्लाजा के नये नियम के तहत यदि किसी वाहन को वैध फास्टैग के माध्यम से 100 का उपयोगकर्ता शुल्क देना होता है तो बगैर वैध फास्टैग की स्थिति में उसे दोगुना यानी 200 रुपए का भुगतान करना पड़ेगा लेकिन यदि उपयोगकर्ता यूपीआई के माध्यम से भुगतान करता है तो उसे सौ रुपए की जगह 125 का भुगतान करना होगा। इस संशोधन का उद्देश्य शुल्क संग्रह प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाना, टोल संग्रह में पारदर्शिता बढ़ाना और राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं के लिए आवागमन को सुगम बनाना है।

## प्रारंभिक परीक्षा...

हालांकि, आयोग यह तय करेगा कि प्रस्तुत स्रोत प्रामाणिक हैं या नहीं। हलफनामे में कहा गया है कि आयोग इन प्रक्रियाओं का पालन यथाशीघ्र शुरू करना चाहता है। गौरतलब है कि पूरी परीक्षा प्रक्रिया लगभग एक वर्ष तक चलती है, ऐसे में जो उम्मीदवार मुख्य परीक्षा में शामिल नहीं हो पाते, उन्हें अपने अंकों, कट-ऑफ या मूल्यांकन के बारे में जानकारी नही मिल पाती थी। इससे उन्हें अपने प्रदर्शन का विश्लेषण करने का अवसर नहीं मिल पाता। यूपीएससी के इस नए फैसले से लाखों अभ्यर्थियों को राहत मिलेगी।

## चेकडैम, तालाब और...

में लाकर बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने रेन वॉटर हार्वेस्टिंग पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 100 वर्ग मीटर से बड़े सभी भवनों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग की सुविधा अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में जल संरक्षण के लिए यह कदम निर्णायक साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 तक प्रदेश में 82 अतिदोहित और 47 क्रिटिकल क्षेत्र थे। सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप वर्ष 2024 में यह घटकर 50 अतिदोहित और 45 क्रिटिकल क्षेत्र रह गए हैं, जो संतोषजनक है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में और तेजी लाकर आने वाले वर्षों में इन क्षेत्रों को पूरी तरह सामान्य श्रेणी में लाने का प्रयास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जैसे ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान ने वृक्षारोपण को जनांदोलन का रूप दिया है, वैसे ही चेकडैम और तालाब निर्माण भी सामूहिक प्रयासों से बड़े स्तर पर संचालित किया जाए। यह न केवल जल संकट से निपटने में सहायक होगा, बल्कि प्रदेश की कृषि, मत्स्य पालन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई गति देगा।

# मंत्री जोशी के प्रयास से अनारवाला-मालसी मोटर मार्ग के लिए 3 करोड़ स्वीकृत

■ कैबिनेट मंत्री जोशी ने किया मुख्यमंत्री का धन्यवाद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मसूरी विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न सड़कों के निर्माण के लिए वित्तीय स्वीकृति दिए जाने पर राज्य के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का धन्यवाद किया। इन सड़कों में अनारवाला - मालसी मोटर मार्ग के लिए 3 करोड़ रुपये स्वीकृत किये हैं। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि लंबे समय से अनारवालाऽमालसी मोटर मार्ग का पुनर्निर्माण लंबित था। अब मुख्यमंत्री ने इस सड़क के लिए रुपये 3 करोड़ 19 लाख की वित्तीय स्वीकृति दे दी है। इसके लिए मैंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि इस सड़क के अतिरिक्त जिला पंचायत चंद्रोटी के अंतर्गत लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत से आंतरिक सड़कों का निर्माण कार्य भी शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया की अनारवाला-मालसी मोटर मार्ग के चौड़ीकरण के दौरान सड़क के दोनों तरफ विद्युत पोल को स्थानांतरित किया गया था और अन्य कार्य भी किए गए, इसके कारण सड़क निर्माण का कार्य लंबित था। मंत्री जोशी ने बताया कि मुख्यमंत्री धामी के निर्देशों के बाद लोक निर्माण विभाग ने मसूरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मार्गो को गड्ढा मुक्त किए जाने के लिए पैच निर्माण का कार्य भी किया जा रहा है।

# बिहार में बारिश के बिगड़े हालात,सारण-सिवान, रोहतास और गोपालगंज जलमग्न, मौसम विभाग का अलर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार में बीते दिन से हो रही मूसलाधार बारिश से छपरा, रोहतास, सीवान और गोपालगंज में आज जनजीवन प्रभावित है। जगह-जगह बारिश का पानी जमा हो गया है। एहतियातन स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों को बंद कर दिया गया है। बिहारके तमाम जिलों में किसानों की फसल बर्बाद हो गई है। सड़के पूरी तरह से पानी में डूब चुकी है। राजधानी पटना का बाइपास मुहल्ला जलमग्न हो गया हैं। बारिश ने बिहारवासियों का जीना मुहाल कर रखा है। रोहतास में तो मूसलाधार बारिश ने बाढ़ का रूप ले लिया है। कई इलाके पानी से लबालब भरे हुए हैं। रोहतास के पहाड़ी इलाके से निकले बारिश के पानी ने आसपास के कई गांवों को जलमग्न कर दिया है। ऐसे में एसडीआरएफ की टीम लोगों को रेस्क्यू करने में भी जुटी है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अतुलेश झा ने भी शनिवार को स्थिति का जायजा लिया है। रोहतास में मूसलाधार बारिश के कारण रेलवे ट्रैक पर भी पानी चढ़ गया है। ग्रैंड कार्ड रेल सेक्शन के सासाराम, करवंदिया और डेहरी के आसपास रेलवे ट्रैक पर बारिश का पानी जमा हो गया है। रोहतास के वार्ड नंबर 28 के प्रतापगढ़ मोहल्ला में 20 कच्चे मकान गिर गए हैं। लोगों को भारी नुकसान पहुंचा है। कई महिलाओं और बच्चों को चोटें आई हैं। इधर डेहरी अनुमंडल प्रशासन ने सोन नदी के तटीय इलाके में अलर्ट जारी किया है। सारण में मूसलाधार बारिश को देखते हुये सुरक्षा के मद्देनजर पूरे शहर की बिजली काट दी गई है। छपरा के जिलाधिकारी (डीएम) ने शनिवार को सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों को बंद करने का आदेश दिया है। बारिश के कारण खेतों में खड़ी फसल बर्बाद हो गई है। सीवान में भी बीती रात से ही जारी मूसलाधार बारिश के कारण जन-जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। विशेष रूप से इस बरसात के कारण जिला के विभिन्न क्षेत्रों/विद्यालयों में जलजमाव के कारण बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना के मद्देनजर स्कूलों को बंद कर गिया गया है। सीवान के डीएम ने आदेश जारी करते हुए सभी निजी और सरकारी विद्यालयों में वर्ग 01 से 12 (नर्सरी, प्री स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्र सहित) तक की कक्षाओं को आज दिनांक 04.10.2025 से बंद करने की घोषणा की है। पूर्वी चम्पारण जिला मुख्यालय, मोतिहारी में पिछले 10 घंटे से लगातार बारिश हो रही है। हरसिद्धि प्रखंड के गायघाट, बारमसवा, मुरारपुर सहित कई इलाकों में तेज बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव हो गया है। राजधानी पटना में बीती रात से हो रही बारिश के कारण कई जगहों पर जलभराव की स्थिति बन गई है। बायपास से सटे मोहल्लों में पानी भर गया है। बुडको और नगर निगम के कर्मी पानी की निकासी के लिए अभियान चला रहे हैं। फिलहाल लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# संक्षिप्त समाचार

## पंजाब के मुक्तसर में दो पिस्तौल के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**श्री मुक्तसर साहिब।** पंजाब में श्री मुक्तसर साहिब पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए सीमा पार से हथियारों की तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि पुलिस ने मलोट से रवि सिंह और फिरोजपुर से उसके एक साथी को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से दो पिस्तौल और कारतूस बरामद किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जाँच से सीमा पार तस्करों से उनके संबंधों का पता चला है, जिनमें हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल एक प्रमुख पाकिस्तान-स्थित हैंडलर भी शामिल है। डीजीपी ने कहा कि इस अभियान से न केवल हथियारों की बरामदगी हुई, बल्कि हथियारों की तस्करी के एक व्यापक नेटवर्क का भी पर्दाफाश हुआ। पूरी श्रृंखला का पता लगाने और मॉड्यूल को पूरी तरह से ध्वस्त करने के लिए तकनीकी और वित्तीय जाँच चल रही है।

## जाफराबाद में लूट की वारदात का पुलिस ने किया खुलासा, चार आरोपित दबोचे

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी जिले के जाफराबाद इलाके में हुई लूट की वारदात में पुलिस ने दो नाबालिग समेत चार आरोपितों को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान चौहान बंगर निवासी हारिश (19), चौहान बंगर निवासी सुहैल उर्फ भूरा (21) व दो नाबालिग के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, तीन अक्टूबर की शाम करीब 6:21 बजे गली नंबर-10, चौहान बंगर स्थित एक मनी ट्रांसफर की दुकान पर तीन नकाबपोश बदमाश घुस आए। बदमाशों ने दुकानदार मो. रईस को बंदूक और चाकू के बल पर बंधक बनाकर दुकान से नकदी और दो मोबाइल फोन लूट लिए। सूचना मिलते ही जाफराबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज किया। वारदात को गंभीरता से लेते हुए जिले की स्पेशल स्टाफ को भी जांच में शामिल किया गया। पुलिस ने तकनीकी और मानवीय खुफिया इनपुट के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपितों को दबोचा। पुलिस ने आरोपितों के पास से लूटी गई नकदी, चार चाकू, एक पिस्टल के आकार का लाइटर और स्कूटी बरामद की है, जिसका इस्तेमाल वारदात के दौरान किया गया था।।

## कथवार गांव के 70 वर्षीय गोविन्द झा दो दिनों से लापता, परिजनों में बढ़ी चिंता

**दरभंगा।** तारडीह समदिया। तारडीह प्रखंड के कथवार गांव वार्ड संख्या दो, उत्तरी टोल निवासी 70 वर्षीय गोविन्द झा दो अक्तूबर की सुबह से लापता हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह लगभग नौ बजे उन्होंने मां भगवती की पूजा-अर्चना कर जयंती चढ़ाई और चाय-नाश्ता करने के बाद खेत देखने अपने घर के निकट कमला नदी की ओर गए। इसके बाद वे घर नहीं लौटे। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बावजूद उनका कोई सुराग नहीं मिला। गोविन्द झा के पुत्र शहर में रहते हैं जबकि उनकी पत्नी और अन्य परिजनों ने सकतपुर थाना में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है, लेकिन अब तक कोई सफलता नहीं मिली है। स्थानीय पार्टनर ट्रेडर के मालिक हरिहर झा ने हत्या की आशंका को खारिज करते हुए कहा कि नदी में डूबने, अचानक बीमारी या अन्य कारणों की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। लापता गोविन्द झा के बारे में यदि किसी को जानकारी मिले तो कथवार स्थित पार्टनर ट्रेडर्स के मोबाइल नंबर 9709466222 पर सूचना देने की अपील की गई है। इस घटना से ग्रामीणों के बीच कई तरह के सवाल उठने लगे हैं।

## देवभूमि बनती जा रही अब खेल भूमि: नेगी

**हरिद्वार।** उत्तराखंड ओलंम्पिक संघ के अध्यक्ष महेश नेगी ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि के साथ-साथ खेल भूमि भी बनती जा रही है। यह बात श्री नेगी ने एक स्थानीय रेस्टोरेंट में पत्रकारों से वार्ता के दौरान कही। पत्रकारों को जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि हाल ही में उत्तराखंड में 38 वें राष्ट्रीय खेल संपन्न हुए हैं। उत्तराखंड में अब 25 से अधिक खेल एक साथ खेले जा सकते हैं, जिसके लिए उत्तराखंड के कई शहरों में अंतरराष्ट्रीय स्तर का इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा चुका है। जिसमें शूटिंग, साइकलिंग, फेंसिंग,जल क्रीड़ा और हॉकी जैसे मुख्य खेल हैं। उन्होंने बताया कि हरिद्वार में हुए राष्ट्रीय खेलों के बाद हल्द्वानी में इंटरनेशनल फेंसिंग प्रतियोगिता अभी हाल ही में समाप्त हुई है। जिसमें 17 देशों ने भाग लिया था और आज देहरादून में बास्केटबॉल जूनियर चैंपियनशिप आयोजन किया जा रहा है। उत्तराखंड में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए खेलों को स्पोर्ट्स हॉस्टल बनाए जा रहे हैं। इस बार उत्तराखंड में अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय खेल में कीर्तिमान स्थापित किये और 103 पदक हासिल किये और देश में सातवें स्थान पर रहे। नेगी ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर के पदक विजेताओं को गोल्ड सिल्वर और कांस्य पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि भी बढ़ाई गई है और खिलाड़ियों को नौकरी देने का भी प्रयास किया जा रहा है। प्रेस वार्ता में बास्केटबॉल के प्रदेश उपाध्यक्ष विकास तिवारी, सचिव संजय चौहान, जिला अध्यक्ष ललित नैय्यर एवं ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष भगवान कार्की बास्केटबॉल के अध्यक्ष बजाज हीरा सिंह आदि मौजूद रहे।

## सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ रोटरी ने चलाया अभियान

**हरिद्वार।** रोटरी इंटरनेशनल जिला 3080 के द्वारा सर्वाइकल कैंसर की रोक के लिए एचपीवी वैक्सीनेशन का शिविर आयोजित किया गया। चार दिनों तक जिले के अलग अलग क्षेत्रों में आयोजित इस शिविर में निर्धन परिवार की 2000 बालिकाओं को वैक्सीन लगाई जाएगी। रुड़की के आनंद स्वरूप आर्य सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में आयोजित शिविर का उद्घाटन ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र शेट, विधायक प्रदीप बत्रा, क्लब के डिस्ट्रिक गवर्नर रवि प्रकाश ने संयुक्त रूप से किया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने कहा कि इस प्रकार के शिविर जहां बच्चों को भविष्य में गंभीर बीमारियों से बचाएंगे वही उन लोगों के लिए यह बड़े लाभ की बात है, जो इस वैक्सीन को अपने निजी खर्च से नहीं लगवा सकते। विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि रोटरी द्वारा किया जा रहा यह कार्य बेहद साराहनीय है। उन्होंने कहा कि आज के समय में बहुत से लोग सर्वाइकल कैंसर से पीड़ित है ऐसे में इन बच्चों को यह वैक्सीन भविष्य में इस बीमारी से बचाव करेगी। डिस्ट्रिक गवर्नर रवि प्रकाश ने बताया चार दिवसीय शिविर में पूरे जिले में कुल 2000 बालिकाओं को टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया है। पहले दिन तीन अक्टूबर को खानपुर में 475 बालिकाओं का टीकाकरण सफलतापूर्वक किया गया। रुड़की में 500 बालिकाओं, हरिद्वार में 500 बालिकाओं और धर्मपुर (विकास नगर के पास) में 500 बालिकाओं का टीकाकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर में सीपीएए निदेशक डॉ. नूपुर खरे, प्रोजेक्ट चेयरमैन मुम्बई रोटरी से डॉ. संगीता लोढ़ा ने मार्गदर्शन किया।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री ने पल्ला गांव से हाथी घाट तक विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को बोट से यमुना नदी के प्रवेश बिंदु पल्ला गांव से लेकर आईटीओ के नजदीक स्थित हाथी घाट तक विभिन्न छठ घाटों का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह और कपिल मिश्रा के अलावा लक्ष्मी नगर से विधायक अभय वर्मा और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यमुना तट पर महापर्व छठ की तैयारियों को लेकर सरकार पूरी गंभीरता और युद्धस्तर पर काम में जुटी है। आज पल्ला गांव से लेकर हाथी घाट तक लगभग तीन घंटे तक विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया और बोट से यमुना जी के किनारों का विस्तृत सर्वे किया। उन्होंने कहा कि यह जमीनी सर्वेक्षण केवल व्यवस्थाओं की समीक्षा नहीं, बल्कि दिल्ली में एक भव्य और सुव्यवस्थित छठ आयोजन सुनिश्चित करने की ठोस नींव है। यह पर्व उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड के भाइयों-बहनों को दिल्ली की मिट्टी से जोड़ता है और एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को सशक्त करता है। संबंधित विभागों को साफ-सफाई, घाटों के निर्माण, सुरक्षा और अन्य सभी सुविधाओं की रूपरेखा शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि लाखों श्रद्धालु बिना किसी कठिनाई के छठ मईया की पूजा-अर्चना कर सकें। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों ने छठ को यमुना से दूर कर दिया था। यमुना किनारे इस बार आस्था के महापर्व छठ का भव्य आयोजन होगा। उनकी सरकार पल्ला गांव से लेकर ओखला तक छठ के आयोजन की तैयारियों में पूरी निष्ठा और तत्परता से जुटी है। जब यमुना के घाटों पर लाखों श्रद्धालु डूबते सूरज और उगते सूर्य को अर्घ्य देंगे तब वह क्षण हर श्रद्धालु के लिए अविस्मरणीय बने, यही हमारा संकल्प और प्रयास है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी में पूर्वांचलवासियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है, इसलिए उनकी धार्मिक आस्था व सुविधा को ध्यान में रखते हुए दिल्ली में यमुना के प्रवेश स्थल पल्ला से लेकर अंतिम स्थल ओखला तक दोनों किनारों पर छठ पर्व का आयोजन किया जाएगा। इन दोनों किनारों पर जहां भी छठ पर्व के लिए समतल किनारे उपलब्ध होंगे, वहां सरकार की ओर से व्रतधरियों को समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। छठ घाटों को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि छठ पर्व की तैयारियों को लेकर 29 सितंबर को मुख्यमंत्री ने दिल्ली सचिवालय में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने पल्ला से लेकर वजीराबाद तक के किनारों पर विशेष व्यवस्था के साथ ही आईटीओ, ओखला जैसे पुराने स्थलों पर भी व्यवस्थाएं और दुरुस्त करने का निर्देश अधिकारियों को दिया था।

# पुलिस के साथ मुठभेड़ में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर का हत्यारा गिरफ्तार

लुधियाना। पंजाब की एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स ने शनिवार को एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए, भगोड़े विदेशी गैंगस्टर डोनी बल और मुन्न घनशामपुरिया के एक प्रमुख सहयोगी गुरप्रीत सिंह उर्फ विक्की निहंग को लुधियाना ग्रामीण क्षेत्र में पुलिस टीम द्वारा आरोपियों को हिरासत में लेने के प्रयास के दौरान हुई संक्षिप्त गोलीबारी के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी 23 अगस्त 2025 को लुधियाना में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कार्तिक बग्गन की हत्या के मामले में वांछित है। उसके पास से एक पिस्तौल और चार कारतूस बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है और उसे इससे पहले जनवरी 2025 में एसएएस नगर में दो अवैध विदेशी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार व्यक्ति और उसके साथियों को उनके विदेशी आकाओं ने पंजाब में सनसनीखेज हत्याओं को अंजाम देने के निर्देश दिये थे, जिन्हें इस गिरफ्तारी से टाल दिया गया है।

# उत्तरी-पूर्वी दिल्ली में दंगा-रोधी मॉक ड्रिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने शनिवार सुबह उत्तरी-पूर्वी जिले में दंगा-रोधी मॉक ड्रिल का आयोजन किया। यह अभ्यास बेला फार्म, यमुना खादर, शास्त्री पार्क में किया गया। जिसका उद्देश्य बल की संचालन क्षमता और आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया की तैयारी को जांचना था। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार ड्रिल की शुरुआत सुबह आठ बजे की गई। इसमें कुल 170 पुलिसकर्मी शामिल हुए। जिनमें एक एसीपी, सात इंस्पेक्टर और 162 अधीनस्थ अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान वाटर कैनन, वज्र, विक्रांत और एम्बुलेंस की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया गया। साथ ही पुलिसकर्मियों की गैस गन और ए.आर.ई. उपकरण चलाने की दक्षता की भी जांच की गई। वहीं पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया ऐसे अभ्यास समय-समय पर किए जाते हैं, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति में पुलिस बल तत्काल और प्रभावी कार्रवाई करने में सक्षम रहे।

# ओडिया समाज ट्रस्ट के कार्यालय से 25 लाख रुपये की चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता





नई दिल्ली। दक्षिण पश्चिम जिले के सरोजनी नगर थाना पुलिस ने ओडिया समाज ट्रस्ट के कार्यालय से 25 लाख की चोरी के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों ने अपराध सीरीज क्राइम पेट्रोल देखकर पहले भेष बदला और फिर आरके पुरम स्थित ओडिया समाज ट्रस्ट के कार्यालय से 25 लाख रुपये पर हाथ साफ किया। पकड़े गए आरोपितों की पहचान राजेन्द्र कुमार और राजेश कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 23.50 लाख रुपये और कार्यालय की अलमारी काटने में इस्तेमाल की गई एक कटर मशीन बरामद की गई है। दक्षिण पश्चिम जिले के पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने शनिवार को बताया कि 23 सितंबर को ओडिया समाज ट्रस्ट के कार्यालय में चोरी होने की सूचना मिली। एएसआई नरेंद्र अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जहां ओडिया समाज ट्रस्ट के कार्यकारी निदेशक एसएमएस दास की बेटी जेआर दास मौके पर मिली। एसएचओ अतुल त्यागी की टीम ने उनके बयान पर संबंधित धारा में केस दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने 11 दिनों में 40 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ की, मौके पर मौजूद संदिग्ध मोबाइल नंबरों की तकनीकी निगरानी का विश्लेषण किया और कई सीसीटीवी फुटेज की जांच की। सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण के दौरान टीम ने एनजीओ कार्यालय में प्रवेश करते और बाद में ऑटो-रिक्शा में निकलते समय भेष बदलते (टोपी, गर्दन पर तौलिया और दस्ताने पहने) दो संदिग्धों की पहचान की। पुलिस टीम ऑटो के नम्बर की मदद से चालक तक जा पहुंची। चालक ने बताया कि उसने दोनों संदिग्धों को नेताजी नगर में छोड़ा था। पुलिस टीम ने नेताजी नगर इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण किया तो एक आरोपित राजेन्द्र कुमार की पहचान की गई।

# विभिन्न मांगों को लेकर जिला प्राथमिक शिक्षक संघ ने दिया धरना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भागलपुर। विभिन्न मांगों को लेकर जिला प्राथमिक शिक्षक संघ भागलपुर के बैनर तले शनिवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना दिया गया। इस दौरान शिक्षकों ने शिक्षा पदाधिकारियों और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि हमारी मांगों में उच्च न्यायालय द्वारा राघवेन्द्र शर्मा बनाम बिहार सरकार के मामले में पारित आदेश के आलोक में बेगुसराय जिले के अनुरूप स्नातक प्रशिक्षित एवं प्रधानाध्यापक के पद पर प्रोन्नति प्रदान किया जाए। देवघर हिंदी विद्यापीठ द्वारा प्रदत्त डिग्री के आधार पर विभागीय निदेशानुसार स्नातक प्रशिक्षित एवं प्रधानाध्यापक के पद पर प्रोन्नति प्रदान किया जाए। विशिष्ट शिक्षकों का यथाशीघ्र वेतन निर्धारण हो। इसके अलावा अहर्ता पूरी करने वाले सभी शिक्षकों को एम.ए.सी.पी. का लाभप्रदान करना, सभी कोटि के शिक्षकों का वेतन एवं बकाया वेतन भुगतान सुनिश्चित करना सहित अन्य कई मांगें शामिल हैं। वक्ताओं ने कहा कि उपर्युक्त मांगों को लेकर संघ की ओर समाधान का अनुरोध किया जाता रहा। लेकिन शिक्षकों की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। समस्याओं के निराकरण न होने की स्थिति में आज शिक्षकों के द्वारा आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन किया गया। बाबजूद इसके शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण का कोई प्रयास नहीं किया गया। जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के पास अब मात्र आन्दोलन ही विकल्प बचता है। समस्याओं के निराकरण नहीं होने की स्थिति में जिला संगठन उग्रत्तर आन्दोलन के लिए बाध्य होगा और इसकी सम्पूर्ण जबाबदेही अधिकारियों की होगी। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष राणा कुमार झा, अरुण कुमार सिंह उपाध्यक्ष, प्रधान सचिव मुकेश आनंद, आनंद कुमार सिंह, आशुतोष चंद्र मिश्रा, विनय कुमार, अमित कुमार, पीयूष कुमार, रवि कुमार सहित काफी संख्या में संघ के पदाधिकारी और शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063